


हत्या के केस में फंसाए गए हरियाणा के वकील की तत्काल रिहाई का आदेश - 12





नौकरियों में सुधार के संकेत 2026 तक बढ़ सकती हैं 11 प्रतिशत नियुक्तियां - 12





भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना को समर्थन की भारत ने की पुष्टि - 13





द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में रेड्डी की जगह जुरेल भारत ने किया अभ्यास - 14


आज का मौसम

27.0° अधिकतम तापमान

13.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.26

सूर्यास्त 05.19


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष नवमी 11:34 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 13 नवंबर 2025, वर्ष 4, अंक 83, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 5 रुपये


# दिल्ली कार ब्लास्ट था आतंकवादी हमला

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निंदा कर आतंक बर्दाश्त न करने की प्रतिबद्धता दोहराई

## घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी धमाके को कायरतापूर्ण कृत्य बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली कार विस्फोट को जघन्य आतंकवादी घटना बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है और सभी तरह के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। बैठक में विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। मंत्रिमंडल ने इसे कायरतापूर्ण और घृणित कृत्य बताते हुए निर्दोष लोगों की मौत की कठोर शब्दों में निंदा की।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक प्रस्ताव में कहा गया है कि कार विस्फोट के माध्यम से देश विरोधी ताकतों द्वारा जघन्य आतंकवादी घटना को अंजाम दिया गया। इस विस्फोट में कई लोगों की मौत हो गई और अनेक लोग घायल हुए। मंत्रिमंडल ने सभी तरह के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की देश की नीति के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि इस घटना की जांच अत्यंत तत्परता और पेशेवर ढंग से करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अपराधियों, उनके सहयोगियों और प्रायोजकों की पहचान कर उन्हें शीघ्र न्याय के कटघरे में लाया जा सके। सरकार लगातार सर्वोच्च स्तर पर स्थिति की निगरानी कर रही है। मंत्रिमंडल ने सरकार की सभी भारतीयों के जीवन और कल्याण की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के प्रति उसके संकल्प के अनुरूप है। मंत्रिमंडल ने दुनिया भर की कई सरकारों से प्राप्त एकजुटता और समर्थन के बयानों के लिए भी अपना आभार प्रकट किया। मंत्रिमंडल ने अधिकारियों, सुरक्षा एजेंसियों और नागरिकों द्वारा साहस और करुणा के साथ की गई समयबद्ध और समन्वित प्रतिक्रिया की सराहना की।



नई दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट में क्षतिग्रस्त कारों का निरीक्षण करते अधिकारी।

### विस्फोट से पहले उमर मस्जिद में तीन घंटे रुका था

नई दिल्ली। दिल्ली में लाल किले के पास जिस कार में विस्फोट हुआ उसे चला रहा शख्स रामलीला मैदान के पास एक मस्जिद में गया था। अधिकारी ने कहा कि अल-फलाह विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. उमर नबी के बारे में माना जाता है कि वह सोमवार को वही कार चला रहा था जिसमें विस्फोट हुआ था और उसने अपराह्न करीब 3.19 बजे सुनहरी मस्जिद पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा किया था। उससे पहले, नबी आसफ अली रोड पर, रामलीला मैदान के पास एक मस्जिद गया था, जहां वह कथित तौर पर लगभग तीन घंटे तक रहा और नमाज अदा की।

## अस्पताल में पीड़ितों से मिले मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के निकट हुए विस्फोट में घायल लोगों से बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की और कहा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री लगभग 25 मिनट तक अस्पताल में रहे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा! अस्पताल में तथा इसके आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान से वापस आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए सीधे एलएनजेपी अस्पताल गए।



एलएनजेपी अस्पताल में घायल से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### आई-20 कार की बिक्री में मदद करने वाला फरीदाबाद का कार विक्रेता हिरासत में

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने विस्फोट में मामले में फरीदाबाद के एक कार विक्रेता को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इसी के साथ दिल्ली तथा आसपास के राज्यों के सभी पुराने कार विक्रेताओं से हाल में हुई वाहनों की बिक्री का विवरण सत्यापित करने और साझा करने का निर्देश दिया है। फरीदाबाद के सेक्टर 37 स्थित रॉयल कार प्लाजा के मालिक अमित को फरीदाबाद पुलिस की सहायता से रात हिरासत में लिया गया। उन्होंने हुंदै आई20 की बिक्री में मदद की थी, जिसका इस्तेमाल विस्फोट में किया गया था।

### लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट हरियाणा से बरामद

चंडीगढ़। दिल्ली के लाल किला विस्फोट मामले से जुड़ी एक संदिग्ध लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का पता लगा लिया गया है और इसे फरीदाबाद जिले के खंदावली में जब्त कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के सभी पुलिस थानों, चौकियों और सीमा चौकियों पर अलर्ट जारी कर दिया था। यह अलर्ट तब जारी किया गया जब जांच में इस बात का पता चला कि विस्फोट में प्रयुक्त हुंदै आई20 से जुड़े अन्य संदिग्धों के पास एक अन्य लाल रंग की कार भी थी। वाहन का पता लगाने के लिए दिल्ली पुलिस की कम से कम पांच टीम तैनात की गयी थीं, जबकि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस को भी कड़ी सतर्कता बरतने और तलाशी में सहायता करने के लिए सतर्क किया गया था।



### एटीएस ने इंजीनियर को किया गिरफ्तार


मुंबई। महाराष्ट्र एटीएस ने अल-कायदा और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से कथित संबंधों के लिए पुणे के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की गिरफ्तारी के सिलसिले में ठाणे में एक शिक्षक और पुणे में एक अन्य व्यक्ति के घर पर छापेमारी की। एटीएस ने स्पष्ट किया कि यह छापेमारी सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट से संबंधित नहीं है लेकिन साथ ही बताया कि मानक प्रक्रिया के तहत एजेंसी इस बात की जांच कर रही है कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में हुई इस घटना का महाराष्ट्र से कोई संबंध है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार इंजीनियर जुबैर हंगरगेकर ने ठाणे जिले के मुंब्रा स्थित शिक्षक के घर का इस्तेमाल एक बैठक के लिए किया था।

## लाल किला समेत ऐतिहासिक स्थल थे निशाने पर

### डॉक्टर मुजम्मिल और उमर ने साजिश के तहत की थी रेकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुजम्मिल के फोन के डंप डेटा से हुआ खुलासा, अब तक कुल 56 डॉक्टरों से पूछताछ की जा चुकी



डॉक्टर मुजम्मिल डॉक्टर उमर

दिल्ली विस्फोट में शामिल डॉक्टर मुजम्मिल व उमर ने एक बड़ी आतंकी साजिश के तहत लाल किले की रेकी की थी और इस मॉड्यूल की साजिश गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लाल किले व अन्य ऐतिहासिक स्थल को निशाना बनाने की थी। शीर्ष सूत्र ने यह भी खुलासा किया है कि यह मॉड्यूल दिवाली के दौरान भी भीड़भाड़ वाली जगह पर हमले की भी साजिश रच रहा था।

डॉक्टर मुजम्मिल ने आत्मघाती हमलावर डॉक्टर उमर के साथ मिलकर जनवरी के पहले हफ्ते में लाल किले की रेकी की थी। यह महत्वपूर्ण जानकारी डॉक्टर मुजम्मिल के फोन के डंप डेटा से प्राप्त की गई थी। यह खुलासा तब हुआ जब सुरक्षा एजेंसियों को डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली। 10 नवंबर को शाम 6:52 बजे लाल किले के बाहर हुए विस्फोट के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया और तीन को हिरासत में लिया गया। सभी गिरफ्तारियां जम्मू पुलिस द्वारा की गईं और अब तक कुल 56 डॉक्टरों से पूछताछ की जा चुकी है। जांच का पता जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले एक आपत्तिजनक पोस्टर से चलता है। इस संबंध में 19 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था। जांच विवरण से पता चलता है कि डॉ. उमर उस चलती आई-20 कार में सवार था जिसमें विस्फोट हुआ था। डॉ. उमर इस मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के लिए वांछित है। डॉ. उमर ने लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में लगभग तीन घंटे बिताए, इस दौरान वह किसी के संपर्क में था। सीसीटीवी से पता चलता है कि कार दोपहर 3:19 बजे पार्क की गई थी तीन घंटे बाद 6:48 बजे पार्किंग क्षेत्र से बाहर निकली थी और विस्फोट कर दिया।

### ब्रीफ न्यूज

#### ऑनलाइन सट्टेबाजी: अभिनेता प्रकाश राज से पूछताछ की

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने यहां बुधवार को अभिनेता प्रकाश राज से एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के प्रचार से जुड़े मामले में पूछताछ की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रकाश राज ने दल के समक्ष पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया। राज्य सरकार ने अवैध सट्टेबाजी पर रोक लगाने और ऑनलाइन सट्टेबाजी एप मामलों की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी की निगरानी में एसआईटी का गठन किया है। छताछ के बाद मीडिया से बातचीत में प्रकाश राज ने बताया कि उन्होंने 2016 में एक ऐप का विज्ञापन किया था, जब उसमें सट्टेबाजी शुरू नहीं हुई थी।

#### रॉ प्रमुख पराग जैन को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

नई दिल्ली। खुफिया एजेंसी 'रॉ' के प्रमुख पराग जैन को बुधवार को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। आईपीएस के पंजाब कैडर के 1989 बैच के अधिकारी जैन ने एक जुलाई को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए देश की बाह्य खुफिया एजेंसी का कार्यभार संभाला था। नियुक्ति संबंधी कैबिनेट समिति द्वारा जारी आदेश में कहा गया, सक्षम प्राधिकार ने कैबिनेट सचिवालय के सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार आईपीएस अधिकारी पराग जैन (पंजाब कैडर, 1989 बैच) को सौंपने की मंजूरी दी है। आदेश में यह भी कहा गया कि पराग जैन को यह अतिरिक्त जिम्मेदारी तुरंत प्रभाव से तब तक के लिए दी गई है, जब तक नियमित नियुक्ति नहीं हो जाती या अगला आदेश जारी नहीं किया जाता।

## दिल्ली में प्रदूषण गंभीर, एक्यूआई 423

- न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के आईटीओ पर धुंध के दौरान जातें वाहन।

दिल्ली में वायु प्रदूषण और हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह लगातार दूसरे दिन गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 414 दर्ज किया गया।

शहर में मंगलवार को इस मौसम की सबसे खराब वायु गुणवत्ता देखी गई, जब सूचकांक 423 पर पहुंच गया। केंद्र सरकार ने बिगड़ती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत कड़े प्रदूषण-रोधी उपाय लागू किए हैं। सीपीसीबी वर्गीकरण के अनुसार, शून्य से 50 के बीच का वायु गुणवत्ता सूचकांक अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य तापमान से 3.1 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने दिन में हल्का कोहरा छाए रहने का भी अनुमान जताया है।

## अभिनेता धर्मेंद्र को अस्पताल से छुट्टी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र को बुधवार सुबह मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। उनकी सेहत को लेकर तमाम अटकलों के बीच परिवार और डॉक्टर ने यह जानकारी दी।

धर्मेंद्र (89) को थोड़े दिन पहले कुछ जांचों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उनके परिवार और अस्पताल के अधिकारियों ने इन जांचों या उनकी स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

## खुदरा महंगाई 10 साल के न्यूनतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

### जीएसटी में कटौती का असर

- अक्टूबर में 0.25% रही, सितंबर में 1.44% थी

खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई। सब्जी, फल, अंडा जैसे खाने के सामान के सस्ता होने के साथ आम लोगों के उपयोग वाली लगभग 380 वस्तुओं पर जीएसटी में कटौती से महंगाई दर में नरमी आई है।

अक्टूबर माह की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति वर्तमान श्रृंखला (आधार वर्ष 2012) में सबसे कम है। इसमें जनवरी, 2014 से आंकड़े शामिल हैं। खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 1.44 प्रतिशत और बीते साल अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी



कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई और यह शून्य से नीचे 5.02 प्रतिशत रही। अक्टूबर, 2025 के दौरान कुल मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट का कारण मुख्य रूप से जीएसटी दर में कटौती रही।

### ग्रामीण क्षेत्रों में घटी मुद्रास्फीति

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मुद्रास्फीति घटी है और यह क्रमशः 0.25 प्रतिशत और 0.88 प्रतिशत रही। सबसे अधिक मुद्रास्फीति केरल (8.56 प्रतिशत) में रही, उसके बाद जम्मू-कश्मीर (2.95 प्रतिशत), कर्नाटक (2.34 प्रतिशत), पंजाब (1.81 प्रतिशत) और तमिलनाडु (1.29 प्रतिशत) का स्थान रहा। असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में मुद्रास्फीति में कमी आई है।

## विवि ने महिला सफाई कर्मियों से मांगा मासिक धर्म का प्रमाण

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की
- एमडीयू से जुड़े तीन लोगों पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में महिला सफाई कर्मचारियों से उनके मासिक धर्म को तस्वीरों के जरिए साबित करने के लिए कहे जाने के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है। याचिका में, केंद्र और हरियाणा सरकार को घटना की विस्तृत जांच करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

एसोसिएशन ने शीर्ष कोर्ट से यह सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, गरिमा, शारीरिक स्वायत्तता और निजता के अधिकार का हनन न हो। पुलिस ने बताया कि एमडीयू से जुड़े तीन लोगों पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया। इन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने महिला सफाई कर्मचारियों से तस्वीरों के जरिये यह साबित करने को कहा कि उनका मासिक धर्म चालू है। विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा कि उसने दो पर्यवेक्षकों को निलंबित कर दिया है, जिन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के माध्यम से अनुबंध पर नियुक्त किया गया था।

घोषणा — मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में जूनियर बालक हॉकी विश्वकप-2025 की ट्रॉफी का स्वागत किया

## खेल व खिलाड़ियों को बेहतर माहौल देकर यूपी को करेंगे अग्रणी

- विश्वकप में भारतीय खिलाड़ियों के सफलता की मंगलकामना की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल और खिलाड़ियों बेहतर माहौल देकर उत्तर प्रदेश को अग्रणी बनाने का वायदा कर खिलाड़ियों को उत्साहित किया है। बुधवार को उन्होंने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर जूनियर बालक हॉकी विश्वकप-2025 की ट्रॉफी का स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने विश्वकप में भारतीय खिलाड़ियों के सफलता की मंगलकामना भी की। योगी आदित्यनाथ ने यहां कहा कि लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना यूपी के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, हॉकी इंडिया में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है। मालूम हो कि, तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में जूनियर बालक हॉकी विश्वकप-2025 के मुकाबले 28 नवंबर से दस दिसंबर तक होंगे।

इसमें मेजबान भारत के साथ चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा ले रही हैं। मेजबान भारत ने वर्ष 2001 और वर्ष 2016 में यह खिताब जीता था। भारत इस बार घरेलू मैदान पर तीसरी बार खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा।





लखनऊ में बुधवार को अपने सरकारी आवास पर पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी।

### मेरठ में ध्यानचंद खेल विवि का निर्माण

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कर रही है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ हो चुका है। यूपी में जन्मे हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी रहे केडी सिंह बाबू का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनकी स्मृति को जीवंत रखने के लिए बाराबंकी में उनके निवास को एक म्यूजियम के रूप में बनाया जा रहा है।

# जीरो पॉवर्टी अभियान मिशन मोड में करें पूरा : योगी

## 15 तक प्रथम चरण और द्वितीय चरण में सत्यापन की प्रक्रिया 30 तक हो पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एक माह का विशेष अभियान चलाकर सभी पात्र लाभार्थियों को किया जाएगा चिन्हित

**अमृत विचार :** प्रदेश में जीरो पॉवर्टी अभियान को मिशन मोड में आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी पात्र परिवार को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस अभियान का प्रथम चरण सात प्राथमिकता वाली योजनाओं को पूरी तरह लागू करने पर केंद्रित होगा।

उन्होंने कहा कि यूपी सरकार की मंशा है कि इस विशेष अभियान के माध्यम से न केवल गरीब परिवारों को सामाजिक सुरक्षा मिले, बल्कि उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति भी सुनिश्चित हो। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और जिलों में अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग हो।

### पूरे परिवार का नाम राशन कार्ड में हो दर्ज

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि चिन्हित परिवारों के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन सुनिश्चित किए जाएं और साथ ही यह भी देखा जाए कि सभी लाभार्थियों के पूरे परिवार का नाम राशन कार्ड में दर्ज हो।

इनमें राशन कार्ड, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) शामिल हैं।

योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 15 नवंबर तक प्रथम चरण की सभी योजनाओं का आच्छादन पूरा कर लिया जाए, जबकि द्वितीय चरण के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के सत्यापन की प्रक्रिया 30 नवंबर तक हर हाल में पूरी हो जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक माह का विशेष अभियान चलाकर उन सभी पात्र लाभार्थियों को चिन्हित किया जाए, जो किसी कारणवश अभी तक इन प्राथमिकता वाली योजनाओं से वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही जीरो पॉवर्टी अभियान का मूल उद्देश्य है।

# फेंसेडिल सिरप की तस्करी में चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



यूपी एसटीएफ की कार्रवाई में पकड़े गए तस्करी के आरोपी।

- एसटीएफ ने सहारनपुर से पकड़ा तस्करी से अर्जित की 200 करोड़ की संपति

**अमृत विचार :** नशे में इस्तेमाल के लिए फेंसेडिल कफ सिरप व कोडीन युक्त दवाओं का भंडारण कर तस्करी करने वाले चार आरोपियों को यूपी एसटीएफ ने सहारनपुर से बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में दो-दो सगे भाई हैं। आरोपियों के पास से दो पिस्टल, दस कारतूस, चार मोबाइल व भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक व भौतिक दस्तावेज बरामद हुए हैं। आरोपी करीब डेढ़ साल से लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज मामले में फरार चल रहे थे। आरोपियों ने फेंसेडिल सिरप की तस्करी से करीब 200 करोड़ की संपति बनायी थी। जिसका ब्योरा एसटीएफ जुटा रही है। ट्रांजिट रिमांड पर लेकर एसटीएफ चारों को लखनऊ लेकर पहुंची और सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दाखिल कर दिया।

8 अप्रैल 2024 को यूपी एसटीएफ और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ से ट्रक चालक धर्मेंद्र कुमार निवासी मौरावां उन्नाव को गिरफ्तार किया था। ट्रक से 52 पेटी सिरप और अन्य सामान बरामद किया गया था। बरामद माल पश्चिम बंगाल भेजा जा रहा था। एसटीएफ की जांच में कुछ और नाम सामने आए। जिसके बाद डीएसपी एसटीएफ लाल प्रताप सिंह ने विभोर राणा, उसके भाई विशाल सिंह निवासी शास्त्रीनगर सदर बाजार सहारनपुर को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया, लेकिन वे नहीं आए। जिसके बाद एसटीएफ ने सहारनपुर में छापेमारी कर विभोर राणा, विशाल सिंह, बिट्टू कुमार और उसके भाई सचिन कुमार निवासी अनमोल विहार कॉलोनी सहारनपुर हालपता अब्दुल्ला नगर देवबंद को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी विभोर राणा व विशाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 में अपनी फर्म जीआर ट्रेडिंग सहारनपुर के नाम पर एबॉट कंपनी से सुपर डिस्ट्रीब्यूशनशिप लिया। लालच में आरोपियों ने परिचितों के नाम पर ड्रग लाइसेंस बनवाकर और उस पर फर्जी फर्म बनाकर कागजों में ही फेंसेडिल की खरीद फरोख्त दिखाकर दवा को असली रिटेलर को न देकर नशे के लिए बांग्लादेश तस्करी करने वाले गिरोह को दे देते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### साउंड्स ऑफ कुंभ ग्रैमी में नामांकित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ न केवल एक आध्यात्मिक महोत्सव के रूप में प्रतिष्ठित हुआ, बल्कि यह एक वैश्विक सांस्कृतिक मील का पत्थर भी बन गया। इसी असाधारण आयोजन को समर्पित एल्बम साउंड्स ऑफ कुंभ को अब 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम श्रेणी के लिए नामांकित किया गया है। गायक-संगीतकार सिद्धांत भाटिया की परिकल्पना पर आधारित इस एल्बम में 12 ट्रैक सम्मिलित हैं, जिन्हें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने मिलकर साकार किया है। यह एल्बम जनवरी–फरवरी में आयोजित 45 दिवसीय महाकुंभ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भाव को संजोता है, जिसमें विश्व के कोने-कोने से करोड़ों श्रद्धालु आस्था के इस अद्वितीय संगम का हिस्सा बने।

### जौनपुर से मिले सर्वाधिक फीडबैक

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यूपी को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहा समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 : समृद्धि का शताब्दी पर्व महा अभियान जनभागीदारी के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। अब तक पोर्टल samarthuttarpradesh.up.gov.in पर 87.37 लाख से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए हैं। इस कड़ी में टॉप पांच जिलों में जौनपुर (818,599), संभल (751,586), गाजीपुर (351,198), गाजियाबाद (256,262) और हरदोई (221,520) शामिल हैं। वहीं, अब तक आए कुल 87,37,432 फीडबैक में से 67,80,358 सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और 19,57,128 सुझाव नगरीय क्षेत्रों से आए हैं। इनमें 43,49,245 सुझाव आयु वर्ग 31 वर्ष से कम, 39,79,920 सुझाव 31-60 वर्ष के आयु वर्ग, तथा 4,08,276 सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से प्राप्त हुए हैं।

### पहले आओ-पहले पाओ आलू बीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने आगरा आलू बीज प्रकरण का संज्ञान लेते हुए आलू बीज निकासी और आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। बीज आवंटन में "प्रथम आवक–प्रथम पावक" व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। स्पष्ट कहा कि किसान हितों के मामलों में किसी भी स्तर पर अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उद्यान मंत्री बुधवार को गौतमपल्ली स्थित अपने सरकारी आवास में विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

# भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को चुकानी पड़ेगी कीमत : योगी

## मुख्यमंत्री ने गुजरात के एकता नगर में भारत पर्व समारोह को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, नया भारत सुरक्षा, संप्रभुता व अखंडता से समझौता नहीं करता

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को गुजरात के एकता नगर के दौरे पर रहे। वहां वे भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'भारत पर्व-2025' में भी शामिल हुए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी देखा। सीएम स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भी पहुंचे और लौहपुरुष को नमन किया।

मुख्यमंत्री सूचना परिसर, लखनऊ से साझा की गई खबर के अनुसार, वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुजरात सदैव से देश को राह दिखाने वाला राज्य रहा है। साथ ही नया भारत देश की सुरक्षा, संप्रभुता व अखंडता से कोई समझौता नहीं करता है। भारत और उसके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करने वाले को कीमत चुकानी ही पड़ेगी। 11 वर्ष में सभी ने देखा कि नया भारत समय आने पर जवाब देता है। सीएम योगी ने गुजरात सरकार व आयोजन से जुड़े लोगों का अभिनंदन किया। योगी ने कहा कि 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के दर्शन का अवसर मिला था। उस समय कुछ दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। पिछले सात वर्ष में यहां परिवर्तन हुआ है। वीरान जगह को विश्व पर्यटन के व्यस्त डेस्टिनेशन के रूप में कैसे स्थापित किया जा सकता है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और सरदार सरोवर के तट पर हुआ विकास का यह कार्य दिखाता है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत की एकता की प्रतिमूर्ति है। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक, उप्र. विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जयवीर सिंह, गुजरात के मंत्री व पोरबंदर विधायक अर्जुन मोधवाडिया आदि मौजूद रहे।



गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, साथ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य मंत्रीगण।

### यूपी पर्यटन विभाग ने जीता दिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात के केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में आयोजित भारत पर्व 2025 में बुधवार को 'उत्तर प्रदेश दिवस' मनाया गया। पवेलियन में राज्य की सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन धरोहर को आकर्षक रूप में पेश किया गया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि भारत पर्व में उप्र.से पहुंचे 72 कलाकारों ने शहनाई, कथक, राई और मयूर नृत्य जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शंखनाद और ढोलक की तालों से वातावरण गूंज उठा। उन्होंने कहा कि यूपी की संस्कृति, खान-पान, नृत्य, आध्यात्मिकता और पर्यटन विविधता देश के लिए प्रेरणा हैं।

# एससी-एसटी मामलों में अनुसूचित वर्ग के अभियुक्त को भी जमानत नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने किया स्पष्ट

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के सम्बंधित प्रावधानों को स्पष्ट किया है। कोर्ट ने कहा कि उक्त अधिनियम के तहत दर्ज मामले में अधिनियम के तहत गठित विशेष अदालत द्वारा एससी वर्ग के अभियुक्त की भी जमानत खारिज किए जाने के पश्चात हाईकोर्ट में बीएनएसएस के तहत जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। उसे भी अधिनियम की धारा 14ए(2) के तहत हाईकोर्ट में अपील ही दाखिल करनी होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने भीमसेन कोरी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। अयोध्या जनपद से सम्बंधित उक्त आपराधिक मामले में एससी वर्ग के वादी ने एफआईआर दर्ज करते हुए, अभियुक्तों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। अन्य अभियुक्तों के सामान्य वर्ग का होने के कारण उन पर एससी-एसटी एक्ट की सम्बंधित धाराएं भी लगायी गई हैं। याची अभियुक्त की ओर से दलील दी गई थी कि वह स्वयं एससी वर्ग का है तथा आरोप पत्र में भी उसके विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट की धाराएं नहीं लगायी गई हैं लिहाजा बीएनएसएस की धारा 483 के तहत उसकी जमानत याचिका पोषणीय है।

पीड़ित के अधिवक्ता चन्दन श्रीवास्तव ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अधिनियम की धारा 14ए(2) प्रावधान करती है कि विशेष अदालत के आदेश को अपील के माध्यम से ही हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है लिहाजा बीएनएसएस के तहत वर्तमान जमानत याचिका पोषणीय नहीं है, भले ही अभियुक्त एससी वर्ग का है। कोर्ट ने भी पाया कि अभियुक्त के पास अपील दाखिल करने का ही विकल्प है।

# अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र की वैधता दो वर्ष बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार का ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में अहम निर्णय

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने उद्यमियों को राहत देने के लिए उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा नियमावली, 2024 को पहले से ज्यादा सरल बना दिया है। वर्तमान समय में अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र (एनओसी) विभिन्न प्रकार के भवनों के उपयोग के वर्गीकरण के आधार पर दिया जाता है।

नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) के अनुसार भवनों को निम्न प्रकार में वर्गीकृत किया गया है- यह हैं रेजिडेंशियल टाइप ऑक्यूपेन्सी, एजुकेशनल टाइप ऑक्यूपेन्सी, इन्स्टीट्यूशनल टाइप ऑक्यूपेन्सी, असेम्बली टाइप ऑक्यूपेन्सी, बिजनेस टाइप ऑक्यूपेन्सी, मर्केन्टाइल टाइप ऑक्यूपेन्सी, इंस्ट्रियल टाइप ऑक्यूपेन्सी, स्टोरेज टाइप ऑक्यूपेन्सी और हैजार्डस टाइप ऑक्यूपेन्सी।

मौजूदा नियमों के अनुसार उपरोक्त भवनों के लिए वर्तमान समय में अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र की अवधि आवासीय भवनों (होटल से भिन्न) के लिये 5 वर्ष और गैर-आवासीय भवनों के लिये के लिये 3 वर्ष है। वहीं होटलों, अस्पतालों और अत्यधिक संकट वाले औद्योगिक भवनों के लिये 1 वर्ष निर्धारित है। सरकार ने उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा नियमावली, 2024 के प्रावधानों में बदलाव किया है। अब अत्यधिक संवेदनशील हॉस्पिटल (इन्स्टीट्यूशनल ऑक्यूपेन्सी) एवं हाई हैजार्ड इंडस्ट्रियल भवनों को छोड़कर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए शेष समस्त भवनों भवनों, ऑक्यूपेंसी के अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्रों की वैधता 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने का फैसला किया गया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की नीति के तहत की गई है।

# गोरखपुर में मार्च तक पूरा होगा विज्ञान पार्क का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार गोरखपुर में विश्वस्तरीय ज्ञान विज्ञान पार्क बनवा रही है। वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के नाम पर बन रहे ज्ञान विज्ञान पार्क का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा होना प्रस्तावित है।

यह राज्य का दूसरा विज्ञान पार्क होगा। इसके निर्माण पर 15 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 46 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला का आधुनिकीकरण भी कराया जा रहा है। वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला के प्रभारी डॉ. महादेव पांडेय के मुताबिक, आधुनिकीकरण से नक्षत्रशाला को विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। विज्ञान से संबंधित कई विशिष्ट उपकरण मंगाए जा रहे हैं। थ्री डी प्रोजेक्टर लगाने के साथ ही एम्फी थिएटर बनाया जा रहा है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने बुधवार को नक्षत्रशाला के आधुनिकीकरण कार्य एवं निर्माणाधीन विज्ञान पार्क का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पार्क का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि यह पूर्वांचल क्षेत्र के लिए विज्ञान शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बन सके।

# वोट कटने नहीं देंगे पीडीए प्रहरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि पार्टी ने प्रदेशभर में 'पीडीए प्रहरी' बनाए हैं, जिनका उद्देश्य है कि हर व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ जाए, खासकर पीडीए समाज का और किसी का भी वोट कटने न पाए। उन्होंने कहा कि सपा का संकल्प है कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) से डरना नहीं, बल्कि डटे रहना है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है लोग मतदाता सूची और एसआईआर में ही उलझे रहें, ताकि जनता सरकार की नाकामियों पर सवाल न उठा सके। प्रदेश में बीएलओ समेत पूरी सरकारी मशीनरी भाजपा का वोट बनवाने में लगी है। अधिकारी विपक्षी समर्थकों को परेशान कर रहे हैं, ताकि उनका वोट न बन सके।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद नरेश उत्तम पटेल, नीरज मौर्य, देवेश शाक्य, प्रदेश अध्यक्ष श्याम पाल पाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री की भाषा हो गई सांप्रदायिक

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र. के मुख्यमंत्री की भाषा अब बेहद सांप्रदायिक हो गई है। आरोप लगाया कि जब भी मुख्यमंत्री को लगता है कि जनता और उनके विधायक उनसे नाराज हैं, तो वे घबरा जाते हैं और सांप्रदायिक भाषण देने लगते हैं। सपा प्रमुख ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री को स्टार्टअप, एआई और ऑरेंज इकॉनमी की समझ नहीं है।

### एग्जिट पोल खोखले, बना रहे बेईमानी की भूमिका

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सपा प्रमुख ने कहा कि एग्जिट पोल केवल भूमिका बना रहे, ताकि ये लोग बेईमानी कर सकें। उप्र. के एक्जिट पोल में सब हमें हरा रहे थे, लेकिन क्या हुआ, सभी ने देखा।

# फार्मर रजिस्ट्री बनाने में सुस्ती पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर फार्मर रजिस्ट्री, पराली प्रबंधन, पीएम सूर्यघर योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने फार्मर रजिस्ट्री बनाने में हो रही सुस्ती पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जिलों के लिए निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में प्रगति कम है। कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। इस कार्य में दिलचस्पी न लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

मुख्य सचिव ने पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के भी कड़े निर्देश दिए।

**अनुमति** | प्रमुख सचिव के समकक्ष अधिकारी को भी मिल सकेगी शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की कमान

# नियमावली में संशोधन के बाद शीघ्र मिलेगा नया अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से स्वीकृति, अध्यक्ष पद की पात्रता में किया गया विस्तार

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को अनुमति दे दी है। इस संशोधन के तहत अब आयोग के अध्यक्ष पद पर केवल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ही नहीं, बल्कि राज्य सरकार में प्रमुख सचिव या उनके समकक्ष पद पर कार्य कर चुके अधिकारी भी नियुक्त हो सकेंगे।

इसकी स्वीकृति कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मिल गई है। सेवा नियमावली में संशोधन होने के बाद शीघ्र ही आयोग को नया अध्यक्ष मिल सकता है। नियमावली में विस्तार से आयोग में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाना, परीक्षाओं को समयबद्ध तरीके से कराना और चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना है। इससे पहले अधिनियम में यह व्यवस्था थी कि आयोग का अध्यक्ष वही व्यक्ति बन सकता है, जो भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य रहा हो और राज्य सरकार में प्रमुख सचिव या उसके समकक्ष पद पर कार्य कर चुका हो। लेकिन अब संशोधन के बाद यह दायरा बढ़ा दिया गया है। इसमें संशोधन करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य हो के स्थान पर राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद पर हो या हो रहा हो प्रतिस्थापित किया गया है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2025 का प्रख्यापन कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के माध्यम से स्वीकृत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उच्च, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभागों में सहायक आचार्य, टीईटी, टीजीटी, पीजीटी जैसी परीक्षाओं को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 के तहत आयोग का गठन किया गया था। यह आयोग सभी स्तरों पर शिक्षा सेवा से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं को एकीकृत, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सुदृढ़ प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि आयोग की कार्य-संरचना और इसके बढ़ते दायरे को देखते हुए, अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए पात्रता का दायरा विस्तारित किया गया है। अधिनियम की धारा 4(2)(क) में संशोधन करते हुए पूर्व प्रावधान भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य हो या रहा हो और राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद धारण किया हो, के स्थान पर अब 'राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद पर हो या रहा हो' प्रतिस्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य है कि आयोग का नेतृत्व ऐसे अनुभवी, सक्षम और प्रशासनिक दृष्टि से दक्ष व्यक्तित्व को मिले, जो आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित परीक्षा प्रणाली को अपनाकर पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती सुनिश्चित कर सके।

# निजी अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्डधारकों को ओपीडी की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान योजना) अंतर्गत कार्डधारक लाभार्थियों को निजी अस्पतालों में रियायती दरों पर ओपीडी परामर्श मिल रहा है। बीते एक माह में ही 600 से अधिक लाभार्थियों ने ऑनलाइन अप्वॉइंटमेंट लेकर डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया है। इस प्रकार यूपी निजी अस्पतालों में रियायत दरों में ओपीडी परामर्श दिलाने वाला देश में पहला राज्य बन गया है।

स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की मुख्य कार्य पालक अर्चना वर्मा ने बताया कि मौजूदा समय में प्रदेश में कुल 6,147 अस्पताल आयुष्मान योजना से अनुबंधित हैं, जिनमें 3,198 निजी और 2,949 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। हेल्पलाइन 1800-1800-4444 पर कॉल कर कोई भी कार्ड धारक ओपीडी अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

### मिलेगा ऑनलाइन अप्वॉइंटमेंट

अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रयागराज का कैंटोनमेंट अस्पताल अब आयुष्मान भारत योजना में अनुबंधित किया गया है। अब यह अस्पताल न केवल रक्षा कर्मियों बल्कि पीएम-योजना के लाभार्थियों को भी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस प्रकार कैंटोनमेंट अस्पताल पहला सरकारी संस्थान बन गया है, जो आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए ओपीडी अप्वॉइंटमेंट सुविधा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रयागराज एवं आसपास के जिलों में चित्रकूट, मिर्जापुर, भदोही और जौनपुर में लाभार्थियों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोलॉजी सहित टर्शियरी स्तर की सेवाएं, नि:शुल्क डायग्नोस्टिक जांचें, नि:शुल्क परिवहन व ओपीडी अपॉइंटमेंट की सुविधा मिलेगी।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## अगले वर्ष अप्रैल तक संचालित हो सकता है काऊ मिल्क प्लांट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** करीब तीन साल से बंद पड़े उमर्दा ब्लाक क्षेत्र में स्थित काऊ मिल्क प्लांट के अगले साल अप्रैल तक संचालित होने की संभावना है। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के इसे 10 साल पर लीज पर लेने के बाद संचालन को लेकर कवायद तेज कर दी गई है।

बुधवार को बोर्ड के तरफ से आए वरिष्ठ मैनेजर मुकेश मिश्रा ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से मुलाकात कर आगे की कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि प्लांट के संचालन के लिए काफी हद तक स्टाफ की तैनाती करने के साथ ही यहां साफ सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। कहा कि चूंकि प्लांट तीन साल से बंद पड़ा है तो यहां लगी मशीनों को क्रियाशील करने और मरम्मत आदि का काम किया जाना है। इसको जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। बताया कि मदर डेयरी इसकी ही संबंधित संस्था है। जानकारी दी कि वैसे तो प्लांट में ज्यादातर नियुक्तियां मुख्याल से होती हैं लेकिन चूंकि यह स्थानीय स्तर पर संचालित होगा तो यहां के लोगों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के अवसर भी खुलेंगे। जिलाधिकारी के सवाल कि क्या –क्या उत्पाद बनाए जाएंगे बताया कि सामान्य दूध के पैकेट के अलावा घी, पनीर, मक्खन, छाछ और दही का उत्पादन किया जाएगा। इसके अलावा यूएसटी मिल्क (तीन महीने तक सामान्य तापमान पर खराब न होने वाला पॉलीपैक दूध और चार माह तक खराब न होने वाला टेट्रापैक ) का भी उत्पादन किए जाने की योजना है। यहां दूध राष्ट्रीय डेयरी योजना के तहत स्थापित चिलिंग सेंटरों से आएगा। कहा कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो अगले साल अप्रैल तक डेरी की संचालन शुरू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन की तरफ से पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया। यहां बताते चलें कि यह प्लांट 141 करोड़ की लागत से बनाया गया था और यहां 1 लाख लीटर दूध संसाधित करने की क्षमता है। यह वर्ष 2022 से बंद पड़ा है।


उमर्दा ब्लाक क्षेत्र में स्थित काऊ मिल्क प्लांट। अमृत विचार

- राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की ओर से लीज पर लिए जाने के बाद शुरू हो गई कवायद

## कैमरों से होगी गोवंश आश्रय स्थलों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने सभी गो आश्रय स्थलों की निगरानी को कैमरे लगवाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कार्यदायी संस्था से स्थापित कैमरों को इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर कन्नौज में लागिन कराने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों / पशु चिकित्साधिकारियों के साथ वीडीयों कान्फेन्सिंग के माध्यम से जनपद में संचालित समस्त अस्थायी / स्थायी, कांजी हाउस, कान्हा उपवन में सरंक्षित गोवंशों को ठण्ड से बचाव की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि 159 गो आश्रय स्थलों में से 25 में संरक्षित गोवंशों के ठण्ड से बचाव के समुचित उपाय कर लिये गये हैं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने दो दिन में समस्त गोवंश आश्रय स्थलों में ठंड से बचाव को समुचित उपाय करने के निर्देश दिए।

### न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर से कुचल कर बच्चे की मौत

**तिर्वा।** ट्रैक्टर से कुचलकर बच्चे की मौत हो गई। मंगलवार की शाम इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम महादेव पुरवा निवासी अवधेश का छह साल का पुत्र पवन अपने घर के बाहर खेल रहा था। उसी समय गांव के ही निवासी अरविंद पुत्र बलराम अपना ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। तभी बच्चा ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर गए जहां डॉक्टरों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अरविंद के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### किशोर 10 दिन से लापता, परिजन परेशान

**तिर्वा।** किशोर के 10 दिन से परिजन परेशान हैं। कस्बा के अंबेडकर नगर निवासी कार्तिक (14) पुत्र भारत तीन नवंबर को शाम करीब साढ़े सात बजे बिना बताए घर से चला गया। प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला ने बताया कि पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। खोज के प्रयास किए जा रहे हैं।


कार्तिक।

### कार पलटने से पति की मौत, पत्नी घायल

**तिर्वा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुई दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बुधवार को शाम करीब पांच बजे लखनऊ के इंद्रा नगर निवासी पीएन शर्मा (40) पुत्र जीएल शर्मा अपनी पत्नी मधु शर्मा के साथ कार से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस के रास्ते वापस लखनऊ जा रहे थे। जब उनकी कार ठठिया थाना क्षेत्र के 210 किलो मीटर पर पहुंची तभी स्टेयरिंग पर नियंत्रण बिगड़ गया। इससे अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर को तोड़ती हुई दूसरी लाइन में जाकर पलट गई। इसमें दोनों पति-पत्नी दब गए। कार में दबे हुए दंपति को निकाल कर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने पीएन शर्मा को मृत घोषित कर दिया। घायल मधु का इलाज किया जा रहा है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**छिबरामऊ।** शहर के विशुनगढ रोड पर प्लाट की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मैनपुरी जिले के किशनी थाना के गांव कैथौली के रहने वाले हरपाल सिंह पुत्र चेतराम ने विशुनगढ रोड पर कई साल पहले प्लाट का बैनामा कराया था। बुधवार को दबंग किस्म के लोगों ने प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर विरोध किया तो झगड़ा करने पर आमादा हो गये। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत एसडीएम से की। सुनवाई न होने पर लोगों में आक्रोश है।

## एनआईए टीम ने डॉ शाहीन को लेकर तलाशे सुराग

### दिल्ली धमाके के बाद तीसरे दिन भी जिले की पुलिस अलर्ट रही

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** दिल्ली धमाके को लेकर तीसरे दिन भी जिले की पुलिस अलर्ट रही। सुरक्षा को लेकर एनआईए (नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी) की टीम ने डॉ. शाहीन से संबधित सुराग तलाशने का प्रयास किया। कई स्थानों पर जाकर लोगों से पूछताछ की। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस का पहरा रहा। पुलिस ने मदरसों में पहुंच कर भी जांच पड़ताल की।

बुधवार को एनआईए टीम जिला मुख्यालय पहुंची। टीम सबसे पहले एसपी आवास पहुंची जहां एसपी से वार्ता कर सुरक्षा से संबधित चीजों का जायजा लिया। इसके बाद टीम पुलिस लाइन पहुंची जहां पर पुलिस आवास व ट्रेनिंग ले रहे जवानों से सुरक्षा व्यवस्ता को लेकर पूछताछ की। प्रतिसार निरीक्षक लाइन सुखपाल सिंह से कई महत्वपूर्ण जानकारी ली। करीव चार घंटे टीम जिला मुख्यालय पर रहने के बाद वापस चली गई। इसी तरह पुलिस ने एसपी विनोद कुमार के निर्देश पर पूरे जिले में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों को जागरूक किया। बताया कि कहीं पर कोई संदिग्ध होने की जानकारी मिलने पर तत्काल जानकारी दी जाये। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। उधर धमाके के मामले को लेकर एसपी विनोद कुमार ने कोतवाली प्रभारी अजय अवस्थी के साथ गुरसहायगंज कस्बे में पैदल मार्च किया। इसके अलावा संदिग्ध स्थानों जैसे रेलबे स्टेशन पर छानबीन की। पुलिस ने जिला मुख्यालय समेत कस्बों के मदरसों का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान मदरसों में रह रहे बच्चों से जानकारी ली। मदरसे के प्रत्येक कमरे में पहुंच कर पुलिस ने छानबीन की। मदरसे के प्रबंधक व प्रधानाचार्य से जानकारी ली।


गुरसहायगंज में देर रात पैदल मार्च करते एसपी विनोद कुमार व अन्य।

- मदरसों में पहुंचकर भी की गई जांच पड़ताल

### सेल्समैन की मौत के बाद चार पर रिपोर्ट

**तिर्वा।** सेल्समैन की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद चार लोगों पर जातिसूचक गालियां देने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम हरई पुर निवासी अंकित पुत्र रमेश की तिर्वा से बाइक से लौटते समय सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे खैरनगर के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया था जहां उसी दिन मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जिस दुकान के सामने एक्सीडेंट हुआ है उन्ही का वाहन था। इसी को लेकर मृतक के परिजन खैरनगर निवासी बृजेंद्र सिंह चौहान से पूछने गए तो उनसे विवाद हो गया। अंकित के पिता ने पुलिस को बताया कि जब वह पूछने गया तो आकाश चौहान पुत्र बृजेंद्र, बृजेंद्र, रघुबेंद्र पुत्रगण दर्शन सिंह ने जाति सूचक गालियां देते हुए भगा दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के अलावा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया है।


जेवां गांव में गोष्ठी के दौरान माताओं व अविभावकों को जागरुक करती टीम।

## 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ब्लॉक जलालाबाद की ग्राम पंचायत जेवां में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बालिकाओं के स्वास्थ्य व पोषण की प्रायः अनदेखी की जाती है। इसी को देखते हुए बालिकाओं के समुचित स्वास्थ्य पोषण के लिए माताओ व अभिभावकों का ओरियंटेशन कार्यक्रम व निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उनसे अनुरोध किया गया कि इन योजनाओं के बारे में आम जनमानस को सभी हेल्प लाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इनकी उपयोगिता के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर जलालाबाद सीएससी की समस्त टीम तथा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से डीएमसी प्रतिमा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट अनुपम, जेंडर स्पेशलिस्ट शालिनी सक्सेना ने जानकारी दी।

- बालिकाओं के समुचित स्वास्थ्य पोषण पर माताएं और अभिभावक हुए शामिल

### दबंगों ने रातोंरात जोत दी सैनिक के पिता की जमीन

**छिबरामऊ।** जम्मू और लद्दाख में तैनात दो सैनिक पुत्रों के बुजुर्ग पिता की पैतृक व बैनामा से प्राप्त जमीन पर गांव के दबंगों ने फिर से कब्जा जमा लिया है। आशाराम पुत्र लाखन सिंह निवासी हमीरपुर परगना व तहसील छिबरामऊ का आरोप है कि कुछ वर्ष पूर्व गांव के ही दबंगों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से की, जिस पर राजस्व टीम व पुलिस बल के साथ पैमाइश कराकर जमीन को कब्जामुक्त करा दिया गया था। अब मंगलवार की रात विपक्षियों ने ट्रैक्टर से खेत जोत डाला और गेहूं की फसल बो दी। अब वे जान से मारने की धमकियां भी दे रहे हैं। आशाराम के दोनों बेटे देश की रक्षा में बॉर्डर पर तैनात हैं। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से पुनः प्रार्थना पत्र देकर जमीन को कब्जामुक्त कराने और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।


जानकारी देते सैनिक के पिता।

## आउटसोर्सिंग स्टाफ नर्सों की सेवा होगी बहाल

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज की स्टाफ नर्सों को दो दिन बाद कई माह का रुका हुआ मानदेय दिलाया जायेगा। आउटसोर्सिंग पर तैनाती देने वाले प्रबंधक की मौत के बाद उपजी समस्या का निराकरण कर दिया गया है। सेवा समाप्ति की बात पर प्राचार्य ने कहा कार्य कर रहीं इन्हीं स्टाफ नर्सों को फिर से तैनाती दी जायेगी।

बाबा साहेब डा. भीमराव राम जी अंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज में करीब पांच माह पूर्व आउटसोर्सिंग के माध्यम से 82 नर्सेज की पोस्टिंग की गई थी। सभी मेडिकल कॉलेज में ज्वाइन करने के बाद लगातार काम करती रहीं। बताया जाता है कि इसी बीच जिस आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से इनको ज्वाइनिंग दी गई थी उसके प्रबंधक का निधन हो गया। इससे नर्सों के मानदेय के भुगतान में समस्या आ गई थी। प्रबंधक की मृत्यु के बाद सभी नर्सों का अनुबंध निरस्त कर दिया गया था। इसकी जानकारी होने पर तीन दिन पहले स्टाफ नर्सों ने मेडिकल कॉलेज गेट पर धरना प्रदर्शन किया था। इसमें पूर्ववत तैनाती देने व रुके हुए मानदेय दिलाने की मांग की थी। मामले को मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने गंभीरता से लिया और शासन को पत्र लिखा था। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पाल ने बताया कि शासन को सभी स्थिति से अवगत कराया गया है। शासन के निर्देश पर सभी नर्सेज के भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। दो दिन के अंदर सभी नर्सेज का चार माह आठ दिन का मानदेय उनके खातों में भेज दिया जायेगा। प्राचार्य ने बताया कि नई भर्ती में इन्हीं नर्सेज को बिना साक्षात्कार के भर्ती किया जाएगा।

- कई माह से रुके मानदेय का भुगतान पहुंचेगा खाते में


बैठक में सचिवों को जानकारी देते बीडीओ। अमृत विचार

## 'गौशालाओं में ठंड से बचाव के हों इंतजाम'

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** विकास खंड सभागार में आयोजित बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही बिना सूचना के अनुपस्थित दो सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही गौशालाओं में ठंड से बचाव के बेहतर इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए गए।

बीडीओ दीपांकर आर्य ने विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही जिन 99 आवासों की प्रथम किश्त पहुंच गई है, उनका निर्माण कार्य नियमानुसार समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मनरेगा योजना की समीक्षा की, जिसमें ई-केवाईसी पर जोर दिया। उन्होंने खराब स्थिति वाली ग्राम पंचायत असालतनगर, गिरधरपुर, रामपुर बैजू, सिंहपुर व रनवीरपुर के सचिवों को निर्देश दिए कि ई-केवाईसी की प्रगति बढ़ा लें। छिबरामऊ देहात समेत 13 ग्राम पंचायतों में रेट्रोफिटिंग की स्थिति खराब होने पर नाराजगी जताई। सचिवों को कड़ी हिदायत दी कि गौशालाओं में ठंड से बचाव के लिए बेहतर इंतजाम कर लिए जाएं। बीडीओ ने बिना सूचना बैठक से अनुस्थित सचिव योगेंद्र सिंह व शिवम यादव का एक दिन का वेतन अवरुद्ध करते हुए नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। बैठक में एडीओ पंचायत यशकरन, सचिव व अन्य ब्लॉककर्मी मौजूद रहे।

- बिना सूचना बैठक से अनुपस्थित सचिवों को नोटिस जारी

## आज बहाल हो सकती है पेयजल आपूर्ति

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** पिछले तीन दिनों से पेयजल संकट ने नागरिकों को परेशान कर रखा था। मेन राइजिंग पाइपलाइन का वाल्व बदलने के साथ ही गुरुवार से जलापूर्ति बहाल होने की उम्मीद जगी है।

फर्रुखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी के ओवरहेड टैंक का मुख्य वाल्व खराब हो जाने से गीतापुरम, सीतापुरम, पीपल वाली गली, आवास विकास कॉलोनी, बस्तीराम, न्यू टीचर्स कॉलोनी, ताजपुर रोड, कोलियान, ग्रेसीगंज और हनुमानगढ़ी सहित कई मोहल्लों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। नगर पालिका ने तत्काल राहत के लिए टैंकरों से जगह-जगह जल वितरण की व्यवस्था की। अध्यक्ष मनोज दुबे और कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर कानपुर से नया वाल्व मंगवाया गया।


पेयजल आपूर्ति ठीक करवाने में लगी नगर पालिका की टीम। अमृत विचार

पहल

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हरकत में आया नगर पालिका प्रशासन

## आवारा कुत्तों को मिलेगा 'घर', बंदर भी पकड़े जाएंगे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के आवारा कुत्तों को जल्द ही घर मिलने की उम्मीद जगी है। इसके साथ ही बंदरों के आतंक से भी जल्द निजात मिल सकती है। इसको लेकर नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। फिलहाल आवारा कुत्तों के लिए आश्रय गृह को लेकर जगह चिन्हित कर ली गई है।

बता दें कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की तरफ से आवारा कुत्तों से आम नागरिकों को होने वाली दिक्कतों का संज्ञान लेकर उनके लिए शेल्टर होम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। 07 नवंबर को दिए आदेश में राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से कहा गया है कि सरकारी और निजी अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और रेलवे स्टेशन जैसी सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए। इसी क्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर नगर पालिका कन्नौज की तरफ से इस दिशा में कवायद शुरू कर दी गई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि आवारा कुत्तों के संरक्षण के लिए पालिका की ओर से शेल्टर होम बनाने के लिए गाजीपुरवा में एमआरएफ सेंटर की आराजी गाटा संख्या 604/1.137 हेक्टेयर व गाटा संख्या 602/0.158 हेक्टेयर को चिन्हित कर लिया गया है। शेल्टर होम के निर्माण को लेकर इस्टीमेट बनाने की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर कुत्तों को पकड़ने का काम शुरू कराया जाएगा।

यहां बताते चलें कि शहर में आवारा कुत्तों का जबरदस्त आतंक है। आते जाते समय न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों को भी दौड़ाते और हमला कर देते हैं। दो साल पहले शहर में ही खूंखार कुत्तों ने एक किशोर को हमलाकर मार डाला था। इसके अलावा हर दिन लोग इनका शिकार होकर सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचते हैं। इसके अलावा बीते कुछ सालों से बंदरों का भी प्रकोप शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक बढ़ गया है। बड़े-बड़े झुंड में चलने वाले ये बंदर लोगों का जीना दुश्वार किए हैं। घरों के अलावा वर्तमान में सीएचसी कन्नौज, जिला अस्पताल, रोडवेज बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, पुलिस ऑफिस और यहां तक कि कलेक्ट्रेट तक में इनका बोलबाला है। इससे लोग खासे परेशान हैं। इसको लेकर भी अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बंदरों को पकड़वाने को लेकर रणनीति तय की जा रही है। इस दिशा में भी जल्द काम शुरू कराया जाएगा।


नगर में इस तरह घूमते रहते आवारा कुत्ते। अमृत विचार

## कल बालिका एथलेटिक्स लीग में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार प्रदेश के कुछ चयनित जनपदों में खेलो इंडिया एथलेटिक्स अस्मिता लीग 2025 -26 का आयोजन कराया जा रहा है। इससे पहले खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया होगी।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स के संयुक्त प्रयास से खेलों में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बालिका एथलेटिक्स लीग का आयोजन पूरे देश में किया जाएगा। इसके माध्यम से एथलेटिक्स में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने एवं कम उम्र में उनकी प्रतिभा को पहचानने का काम किया जायेगा। जनपद में 14 नवंबर को सुबह 10 बजे केके इंटर कॉलेज बोर्डिंग खेल मैदान पर महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जाएगा। इसमें बालिकाओं की विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। इस तरह की प्रतियोगिताएं नए खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा। इस बालिका एथलेटिक्स लीग में अंडर 14 आयु वर्ग एवं अंडर 16 आयु वर्ग की बालिकाएं प्रतिभाग करेगी। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन चंद्रभान यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर 14 आयु वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म 21 दिसंबर से 2011 से 20 दिसंबर 2013 के मध्य एवं अंडर 16 आयु वर्ग में भाग लेने वाली खिलाड़ियों का जन्म 21 दिसंबर 2009 से 20 दिसंबर 2011 के मध्य होना चाहिए। इस प्रतियोगिता में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय ,प्राथमिक विद्यालय, सीबीएसई बोर्ड ,आईसीएसई बोर्ड ,केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय की चात्रायें भाग ले सकती है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल- 7007899524, शिवम् सिंह मोबाइल- 8808225687 पर जानकारी ली जा सकती है।

- खेलो इंडिया एथलेटिक्स अस्मिता लीग 2025-26 का हो रहा आयोजन

## न्यूज ब्रीफ

### झोपड़ी में लगी आग गृहस्थी हुई खाक

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लग गई जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर इमलक निवासी रम्मो पत्नी स्वर्गीय नवी हुसैन की झोपड़ी में बुधवार की देर शाम संदिग्ध हालात में आग लग गई जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित महिला ने बताया की उसके पति की कैंसर से 4 साल पहले मौत हो गई थी। उसके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। वह मनरेगा में मजदूरी करके अपना और अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है। देर शाम लगी अचानक आग से उसके घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने घटना का जायजा लिया।

### खाली जमीन पर अवैध निर्माण का प्रयास

**फर्रुखाबाद ।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कुतबुद्दीनपुर गांव में ब्रजभान सिंह की खाली जमीन पर बुधवार को परिवार के ही एक युवक और उसके साथियों ने अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, ब्रजभान सिंह की गांव में एक खाली जमीन पड़ी है। बुधवार को युवक और उसके साथियों ने इस जमीन पर निहास खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। ब्रजभान सिंह को जब इसकी सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और उन्हें निर्माण रोकने के लिए कहा। ब्रजभान सिंह के विरोध करने पर युवक और उसके साथियों ने उनके साथ गालीगलौज करना शुरू कर दिया। जब ब्रजभान सिंह ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने मारपीट पर आमादा होकर उन्हें वहां से भगा दिया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**फर्रुखाबाद ।** दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना बुधवार को हुई। कादरीगेट थाना क्षेत्र के अर्जुन नगला गांव निवासी विपिन अपनी बाइक से चैराहा गए थे। कृष्णा कोल्ड स्टोरेज के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विपिन गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि घायल विपिन का पैर फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। घटना की जानकारी बुधवार सुबह घायल विपिन की पत्नी सीमा ने दी।

### भगवान भैरवनाथ का जन्मोत्सव मनाया

**फर्रुखाबाद ।** भगवान भैरवनाथ सिद्ध पीठ धाम भैरव मंदिर पर जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ मनाया गया। भैरव घाट पर भगवान भैरवनाथ का 17वां जन्मोत्सव हवन पूजन एवं बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही भगवान भैरवनाथ के भक्त जनों का तांता लगा रहा। नितगंजा मोहल्ला में भगवान भैरवनाथ के मंदिर पर हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। कमेटी के सदस्यों एवं मोहल्ले वालों ने सजावट कराई। हवन पूजन के समय सड़क को दोनों तरफ से रोक दिया गया। जिससे भक्तों को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो। भैरव घाट पर भगवान भैरव मंदिर के महंत पंकज शुक्ला ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। अध्यक्ष राजू शिवानी, उपाध्यक्ष चैतन्य रस्तोगी मिंटू भैया, कोषाध्यक्ष कृष्णचंद्र गुप्ता, सचिव रमाशंकर, चित्रांश आदि पदाधिकारी ने व्यवस्था देखी।

### अनुराग सपा के सदर छात्रसभा के उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद ।** बुधवार को आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने श्याम नगर निवासी श्री अनुराग सिंह यादव को समाजवादी छात्र सभा में सदर विधानसभा का विधानसभा उपाध्यक्ष घोषित किया। इस अवसर पर समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष हर्ष गंगवार द्वारा जारी पत्र में उनसे यह अपेक्षा व्यक्त की गई कि वह सदर विधानसभा क्षेत्र में छात्र सभा के संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा वर्तमान में पार्टी द्वारा संचालित बीएलए बनाने के कार्यक्रम को मजबूती के साथ दिशा प्रदान करेंगे। इस घोषणा के दौरान समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव इलियास मंसूरी, आयुष यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झोलाछाप के इलाज से ग्रामीण की मौत, हंगामा

## मकान व डिस्पेंसरी में ताला डाल कर फरार हुआ आरोपी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



मृतक के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फिरोजपुर तारन में झोलाछाप के इलाज से ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा काटा।



अनोखेलाल।

इस पर आरोपी मकान में ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने घर पहुंच कर शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मामले की तहरीर दी गई है।सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव फिरोजपुर तारन गांव निवासी अनोखे लाल (55) पुत्र नत्थू लाल 09 नवंबर को बीमार हो गये। परिजनों ने गांव में ही डिस्पेंसरी चलाने वाले झोलाछाप के यहां उपचार कराया। दो दिन बाद 11 नवंबर की रात अनोखेलाल की मौत हो गई। परिजनों व गांव के लोगों ने डिस्पेंसरी के बाहर हंगामा किया। इस पर झोलाछाप डिस्पेंसरी व मकान में ताला डाल कर फरार हो गया। इसके बाद परिजन शव को घर लेकर आये। सुबह परिजनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने छानबीन करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक के पुत्र अमन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि उनको मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने एसीएमओ व झोलाछाप के नोडल अधिकारी डा. मोहम्मद अजहर सिद्दीकी को मौके पर जांच के लिये भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

### चार पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** ग्राम मलिकपुर निवासी आमिर अली पुत्र वाकर अली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव के जहरूल अली, जैनुल अली, नूरूल अली, गुफरान रंजिश को लेकर 10 नवंबर की शाम 05 बजे उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और बचाने आई उसकी भाभी ववूना बेगम को भी घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बच्चे के साथ गई महिला लापता

**गुरसहायगंज।** नगर के मोहल्ला निवासी जितेन्द्र गुप्ता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 25 वर्षीय पुत्री पायल उर्फ शिल्पी गुप्ता अपने पुत्र यश गुप्ता (06) के साथ 11 नवंबर की सुबह लगभग 11 बजे कन्नौज न्यायालय में तारीख करने गई थी। वहां से घर नहीं लौटी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला व बच्चे की खोजबीन शुरू कर दी है।



सरसों तेल के नमूने भरते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। अमृत विचार

# 350 लीटर मिलावटी सरसों का तेल पकड़ा

संवाददाता गुरसहायगंज

- टीम ने दो नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा
- पकड़ा गया मिलावटी सरसों का तेल सीज कर दिया गया है

**अमृत विचार।** मिलावटी तेल की सूचना पर खाद्य सुरक्षा टीम ने नगर में छापेमारी अभियान चलाया। टीम ने भारी मात्रा में मिलावटी सरसों का तेल बरामद कर नमूने भरे।

बुधवार को नगर के पूर्वी क्रासिंग के निकट स्थित एक सरसों के तेल की दुकान पर सहायक आयुक्त उमेश प्रताप, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, अरविंद कुमार साहू ने छापेमारी की। टीम ने दुकानदार मो. जलिश पुत्र अनीस के यहां से मिलावटी 350 किलोग्राम सरसों का तेल बरामद कर सीज कर दिया। अधिकारियों ने तेल के दो नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे।

पकड़े गए सरसों के तेल की कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। सहायक आयुक्त ने बताया कि दुकानदार द्वारा मिलावट करने की काफी शिकायत मिल रही थीं।छापामारी जारी रहेगी।

### गुरसहायगंज में लगेगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर



नासिर सिद्दीकी।

**गुरसहायगंज।** शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्रशिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें मोतियाबिंद के ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण किये जायेंगे।

शिविर का आयोजन 30 नवंबर को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक मो. नासिर सिद्दीकी एडवोकेट ने बताया कि मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में सुबह 09 से 01 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आई सर्जन सहित समस्त स्टाफ नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए मरीज का उपचार करेंगे और उन्हें चिन्हित करके ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा जाएगा। मोतियाबिंद ऑपरेशन को मरीज अपना मोबाइल नंबर व आधार कार्ड की फोटो कॉपी अवश्य लाएं। पंजीकरण व परीक्षण निःशुल्क होगा।



यूनिटी मार्च निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# लौहपुरुष की 150वीं जयंती पर तालग्राम में यूनिटी मार्च

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** लौहपुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती समारोह अंतर्गत सरदार@150 एक भारत आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन विधान सभा स्तर पर किया गया।

पूर्व सांसद सुब्रत पाठक व छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय के नेतृत्व में और मेरा युवा भारत कन्नौज, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में तालग्राम में भव्य पदयात्रा यूनिटी मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ मुख्य अतिथि छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत व मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

# मेजर जंक्शन पर बन गया पार्किंग स्थल

संवाददाता छिबरामऊ



मेजर जंक्शन की जगह लगा अतिक्रमण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्वी बाईपास पर एनएचएआई ने मेजर जंक्शन बनाने के लिए मिट्टी का भराव कराया लेकिन इस स्थान का उपयोग पार्किंग के लिए होने लगा है। इसके कारण जाम से निजात मिलने की उम्मीद खत्म होती दिख रही है।

पिछले वर्ष जून में पूर्वी बाईपास पर अधिग्रहीत जमीन पर बनी दुकानों को एनएचएआई ने ध्वस्त करा दिया था। कुछ दिनों बाद बरसात शुरू हो जाने से मेजर जंक्शन का निर्माण चालू नहीं हो पाया। ध्वस्त दुकानों का मलबा हटने के बाद से पूर्वी बाईपास पर तालाब जैसा हो गया। इस कारण यहां हादसे हो रहे थे। 20 नवंबर 24 को नगर पालिका के स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे तत्कालीन जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू एवं महामंत्री अनिल यादव ने यहां मेजर जंक्शन बनवाने की मांग की थी। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक कानपुर को पत्र भेजकर मेजर जंक्शन शीघ्र बनाने और की गई कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया था। तब हाईवे के अधिकारियों ने यहां मिट्टी का भराव डालकर काम शुरू होने की आख्या भेज दी। तबसे साल बीतने को है लेकिन आगे कोई कार्य नहीं हुआ। ऐसे में इस जगह पर प्राइवेट/ रोडवेज बसों सहित टेंपो व ई-रिक्शा आदि का पार्किंग स्थल बन गया है। और तो और लोग इसे शौचालय की तरह भी प्रयोग करने लगे हैं जिससे हर समय बदबू उठती रहती है।

पाइप लाइन लीकेज के कारण हर समय पानी भरा रहता है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मेजर जंक्शन का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए ।

# पूरा माफ होगा बिजली बिल के बकाएदारों का अधिभार

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने बताया, प्रदेश में पहली बार बिजली बिल बकायेदारों का अधिभार (सरचार्ज) पूरा माफ होगा। बिल के मूलधन में भी अधिकतम 25 फीसदी छूट मिलेगी। इसके लिए एक दिसंबर से पंजीयन करना होगा।

कहा, तीन चरण में पंजीयन करना होगा। पंजीयन के वक्त उपभोक्ता को 2000 रुपया जमा करना होगा। शेष बकाये पर तीन विकल्प मिलेंगे। पहले विकल्प के तौर पर एकमुश्त जमा कर सकते हैं। दूसरे में 750 रुपया मासिक और तीसरे विकल्प में 500 रुपया मासिक किस्त होगी। यह सुविधा उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगी जिनका कनेक्शन 31 मार्च 2025 से पहले का है। पहला चरण एक से 31 दिसंबर 2025, दूसरा चरण एक जनवरी से 31 जनवरी 2026 और तीसरा चरण एक फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा।

**कहां होगा पंजीयनः** उपभोक्ता विभाग की वेबसाइट www.uppcl.org पर, विभागीय कार्यालय, जनसेवा केंद्र पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। मीटर रीडर अथवा विभागीय कैश काउंटर पर भी पंजीयन करा सकते हैं।

योजना में पहले, दूसरे और तीसरे चरण में पंजीयन के बाद भी पूरा बिल नहीं जमा करने पर उपभोक्ता को डिफाल्टर घोषित कर दिया जाएगा। ऐसे में उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उपभोक्ता को दी गई छूट व डिफाल्टर अवधि का अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

# फर्रुखाबाद-कानपुर ट्रैक पर पटरी चटकी

संवाददाता फर्रुखाबाद



खुदागंज-गुमटी पर खड़ी ट्रेन। अमृत विचार

- खुदागंज-गुमटी 128सी के बीच रोकी गईं तीन ट्रेन

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद-कानपुर रेल मार्ग पर मंगलवार रात खुदागंज स्टेशन और गुमटी नंबर 128सी के बीच पटरी चटक गई। इस घटना के कारण अलग-अलग स्टेशनों पर तीन ट्रेनों को रोकना पड़ा।

पटरी में खराबी की सूचना मिलने पर कानपुर-अनवरगंज फर्रुखाबाद पैसेंजर ट्रेन को खुदागंज रेलवे स्टेशन पर रात करीब 10 बजकर 10 मिनट पर रोका गया। फर्रुखाबाद से कानपुर जा रही एक अन्य पैसेंजर ट्रेन को कमालगंज रेलवे स्टेशन पर और कालिंदी एक्सप्रेस को गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन पर रोका गया। जीआरपी चौकी फतेहगढ़ के इंचार्ज उपेंद्र सिंह ने बताया कि पटरी में तकनीकी खराबी आई थी। देर रात तक मरम्मत कार्य जारी रहा और ट्रैक को रात को बहाल कर दिया गया, जिसके बाद ट्रेनों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस रेल मार्ग पर पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

अक्टूबर 2022 में फर्रुखाबाद-अनवरगंज पैसेंजर ट्रेन (04134) खुदागंज और कमालगंज स्टेशन के बीच पटरी टूटने के कारण दुर्घटनाग्रस्त होने से बची थी। उस समय इंजन टूटे हुए हिस्से से गुजर गया था, और कोच का पहिया पटरी से उतर गया था। लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी थी, जिससे कोई चोटिल नहीं हुआ। अगस्त 2023 में एक यात्री ट्रेन को पटरी से उतारने का प्रयास किया गया था, जब ट्रैक पर लकड़ी का एक लट्ठा रखा गया था। पुलिस ने इस मामले में एक किसान नेता के बेटे सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया था। नवंबर 2020 में फर्रुखाबाद-कासगंज रेल मार्ग पर एक खाली मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए थे।

### गंगा पर तटबंध बनाने को बनेगी रणनीति

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष व समाजसेवी भईयन मिश्रा ने शुक्रवार 14 नवम्बर को गंगा पर तटबंध बनाने के लिए रणनीति बनाने को आवश्यक बैठक बुलाई है। भईयन मिश्रा ने कहा है कि जिले में प्रतिवर्ष गंगा में आनेवाली बाढ़ से जनपद का बहुत बड़ा क्षेत्र प्रभावित होता है।

प्रतिवर्ष हजारों जानवर और जनहानि होती है। इससे बचाव के लिए आवश्यक है की गंगा के दोनों किनारो पर तटबंध बने। कई दिनों से अलग-अलग जगहों पर लोग तटबंध बनाए जाने की मांग को प्रमुखता से उठा रहे हैं। इस आवाज को सामूहिक आवाज बनाने के लिए दिनांक 14 नवंबर दिन शुक्रवार को समय 12 बजे दिन जमापुर चैराहा पर एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है, जिसमें की भविष्य मे तटबंध बने इसके लिए आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

# चलती डीसीएम से एक लाख रुपये का घी चोरी

संवाददाता फर्रुखाबाद

- पुलिस ने झाड़ा पल्ला, कहा घटना अधिकार क्षेत्र के बाहर की

**अमृत विचार।** गाजियाबाद से लखनऊ जा रही एक डीसीएम से अज्ञात चोरों ने त्रिपाल काटकर लगभग एक लाख रुपये का घी चोरी कर लिया। डीसीएम चालक ने शमशाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर की घटना बताकर लौटा दिया।

जानकारी के अनुसार, शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रजला मई निवासी सचिन कुमार पुत्र राकेश कुमार गंगवार डीसीएम चालक हैं। वह बीते दिवस गाजियाबाद से घी का लदान कर लखनऊ जा रहे थे। एटा टोल पर सेल टैक्स मंडी द्वारा उनकी डीसीएम की जांच की गई थी। एटा से फर्रुखाबाद की ओर आते समय, शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव के पास पहुंचने पर सचिन को कुछ आशंका हुई। उन्होंने डीसीएम रोककर जांच की तो पाया कि त्रिपाल की रस्सी कटी हुई थी और माल गायब था। चोरों ने 70 डिब्बे घी और 15 टीन चोरी कर लिए थे, बुधवार सुबह जब चालक तहरीर लेकर शमशाबाद थाने पहुंचा, तो थाना पुलिस ने यह कहकर उसे लौटा दिया कि घटना उनके अधिकार क्षेत्र की नहीं है। पीड़ित डीसीएम चालक ने बताया कि वह अब पोर्टल पर तहरीर अपलोड करने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में, शमशाबाद थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि चालक तहरीर लेकर आया था, लेकिन उसने घटना एटा जनपद की बताई थी, इसलिए उसे एटा जाने को कहा गया।

### खाते से निकाले 2.86 लाख रुपये

**फर्रुखाबाद ।** बढ़पुर क्षेत्र में एक व्यक्ति के मोबाइल फोन को हैक कर उसके बैंक खाते से 2 लाख 86 हजार रुपये निकाल लिए गए।

गढ़िया ढिलावल गांव निवासी विमलेश कुमार पुत्र झब्बूलाल ने अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार को दिए शिकायती पत्र में बताया कि यह घटना 30 अक्टूबर की रात को हुई। रात करीब 11 बजे उनके मोबाइल पर दो-तीन ओटीपी आए, जिसके बाद बैंक ऑफ इंडिया की अजमतपुर शाखा में उनके खाते से 2 लाख 86 हजार रुपये निकलने का मैसेज प्राप्त हुआ। मैसेज पढ़ने के बाद विमलेश कुमार को पता चला कि किसी अज्ञात साइबर अपराधी ने उनके मोबाइल को हैक कर उनके खाते से यह रकम निकाल ली है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने पीड़ित को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है

**कार्यशाला** — एआरटीओ ने कहा- नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावक को हो सकती है तीन साल जेल

# विद्यार्थियों को बताया गया यातायात नियमों का महत्व

संवाददाता फर्रुखाबाद



मोहम्मदाबाद के सत्यवती पब्लिक स्कूल में बच्चों को सम्बोधित करते एआरटीओ ।

**अमृत विचार।** यातायात माह के तहत मोहम्मदाबाद के श्रीमती सत्यवती पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर हुए इस कार्यक्रम में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा उपायों से अवगत कराया।

एआरटीओ राजपूत ने बताया कि अक्टूबर 2025 तक जनपद फर्रुखाबाद में 397 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इन दुर्घटनाओं में 246 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 324 लोग घायल हुए।

उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों और यातायात के प्रति सतर्क रहने के उपायों की जानकारी दी। राजपूत ने जोर दिया कि सड़क पर चलते समय पैदल यात्री, वाहन चालक और साइकिल सवार सभी को नियमों का पालन करना चाहिए।

हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की सख्त चेतावनी भी दी। एआरटीओ ने यह भी बताया कि जिले में हुई लगभग 65 प्रतिशत दुर्घटनाओं में कम से कम एक दोपहिया वाहन शामिल था, और मृतकों की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत दोपहिया वाहन सवार थे। एआरटीओ-प्रवर्तन ने विशेष रूप से अवयस्क चालकों के संबंध में गंभीर चेतावनी दी।

उन्होंने बताया कि यदि कोई अवयस्क बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते हुए पाया जाता है, तो चालान के साथ-साथ संरक्षक या मोटरवाहन स्वामी के खिलाफ मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 की धारा-199क के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इस प्रावधान के तहत, किसी किशोर द्वारा मोटरवाहन अपराध में किशोर के संरक्षक या मोटरवाहन के स्वामी को दोषी मानते हुए दंडित किया जाता है। इसमें संरक्षक या मोटरवाहन के स्वामी को 03 वर्ष तक का कारावास और 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, अपराध में प्रयुक्त वाहन का पंजीकरण 01 वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा, और अवयस्क का ड्राइविंग लाइसेंस 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत ही बन सकेगा।

# खेत की नाली विवाद में पिता-पुत्र को पीटा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सोना जानकीपुर गांव में खेत की नाली को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति और उसके बेटे को लाठी-डंडों से पीटा गया।

मंगलवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव निवासी सत्यपाल अपने घर के बाहर मवेशियों के पास चारपाई पर लेटे थे। तभी गांव का एक युवक अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। युवक का मंगलवार सुबह सत्यपाल से खेत की नाली को लेकर विवाद हुआ था।युवक ने सत्यपाल को गालीगलौज करना शुरू कर दिया। जब सत्यपाल ने इसका विरोध किया, तो युवक और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। घर में सो रहे सत्यपाल के पुत्र सुमित और पुत्रवधू शिखा (जनवेश की पत्नी) ने अपने पिता को बचाने का प्रयास किया। हमलावरों ने सुमित और शिखा को भी लाठी-डंडों से पीटा।

इस मारपीट में सत्यपाल और उनके पुत्र सुमित घायल हो गए। मारपीट के दौरान पुत्रवधू शिखा का मंगलसूत्र और कुंडल गायब हो गए। सत्यपाल ने युवक और उसके साथियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

न्यूज ब्रीफ

## प्रोविजन स्टोर के गोदाम में चोरी

**भरथना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला विशम्बर कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक प्रोविजन स्टोर की गोदाम को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी होने पर व्यापारी वर्ग में सनसनी फैल गई। पीड़ित लखन कुमार ने बताया कि जब वह रोज की तरह अपनी प्रोविजन स्टोर की गोदाम पर पहुंचे, तो देखा कि गेट में लगे ताले टूटे हुए थे। शक होने पर जब अंदर जाकर देखा तो गोदाम का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होने बताया कि चोर एटीएम कार्ड सहित रुपयों से भरी गुल्लक उठा ले गए, जिसमें लगभग 25 से 30 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। इसके अलावा करीब एक हजार रुपये मूल्य की सिगरेट के पैकेट भी चोरी हो गए। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**जसवंतनगर।** बुधवार शाम बलरई थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ग्राम गोपालपुर मोड़ के पास की है। जहां ग्राम अजबपुर निवासी 75 वर्षीय सुनहरी लाल पुत्र राम भरोसे, 24 वर्षीय अमन राठौर और 8 वर्षीय निखिल बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद एंबुलेंस से सभी को स्थानीय सीएचसी पहुंचा गया, जहां चिकित्सकों ने सुनहरी लाल को मृत घोषित कर दिया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**महेवा।** मुख्य सेविका बाल विकास परियोजना सुरभि बाजपेयी ने क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों की साफ–सफाई, पोषण ट्रैकर की अद्यतन स्थिति, बच्चों की उपस्थिति व खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्य सेविका ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समय से केंद्र खोलने, बच्चों को पौष्टिक आहार देने, गर्भवती व धात्री महिलाओं की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुँचाना प्राथमिकता है। सुरभि बाजपेयी ने बेहतर कार्य करने वाली कार्यकत्रियों की सराहना की तथा लापरवाही बरतने वालों को कड़ी चेतावनी दी।

## आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**इटावा।** एई विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर ने उपभोक्ताओं को सूचित किया कि 13 नवम्बर को विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर से पोषित 11केवी फीडर नंबर 8, पक्का बाग, पंजाबी कॉलोनी से संबंधित चौपोला पर कार्य होने के कारण उक्त फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक पूर्णत: बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## संवाद कार्यकम हुआ

**इटावा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि जनपद में घरेलू हिंसा दहेज उत्पीड़न, यौन हिंसा से पीड़ित महिलाएं, बालिकाएं मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में महिलाएं करेगी हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम 14 नवंबर को अपरान्ह: 12 बजे प्रेरणा सभागार विकास भवन में होगा। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा जिलाधिकारी के साथ लैगिंक हिंसा, असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैगिक उत्पीडन व दहेज हिंसा आदि की पीडित महिलाओं के संरक्षण व सहायता हेतु न्यूनतम दो घण्टे के पारस्परित संवाद कार्यकम का आयोजन किया जायेगा।

## कोर्ट के आदेश पर 5 के खिलाफ रिपोर्ट

**भरथना।** कोर्ट के आदेश पर 5 लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। सरावा निवासी ज्ञान सिंह ने बताया वह अहमदाबाद गुजरात में नौकरी करता है। गांव स्थित आवास पर मां सावित्री देवी, पत्नी नीलम देवी व चार बच्चे रहते हैं। 27 जुलाई को जब परिवार के सभी लोग घर पर थे, उसी दिन पत्नी का जीजा ब्रजेश कुमार निवासी लड़ैयापुर थाना फफूंद औरैया अपने तीन साथियों समेत घर पहुंचा और मंदिर से आने की बात कहते हुए सभी को प्रसाद दिया। प्रसाद खाकर घर में मौजूद सभी परिजन बेहोश हो गए। उसी दौरान पत्नी व उसके रिश्तेदार समेत अन्य लोग घर में रखे सोने चांदी के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद हिस्ट्रीशीटर हुआ गिरफ्तार

- बदमाश के पैर में लगी गोली, चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूस के अलावा चोरी का सामान भी बरामद
- बकेवर पुलिस से महासिंहपुर नहर पुल के पास चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़

संवाददाता बकेवर (इटावा)



मुठभेड़ में घायल आरोपी को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बकेवर पुलिस की मंगलवार की देर शाम महासिंहपुर नहर पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर से मुठभेड़ हो गई। बदमाश के पैर में गोली लगने से गिर गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस को तलाशी में तमंचा, कारतूस के अलावा चोरी की बाइक व अन्य स्थानों से चोरी किए गए जेवरात मिले हैं। उसके खिलाफ इटावा व औरैया जिले में करीब तीन दर्जन मामले दर्ज है।

थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक पुलिस बल के साथ महासिंहपुर नहर पुल पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल औरैया की ओर आती दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार बाइक को मोड़कर भागने लगा। बकेवर पुलिस ने व्यक्ति का पीछा करते हुए द्वितीय मोबाइल को सूचित किया। दोनों ओर से पुलिस टीमों से घिरता देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। एक गोली थानाध्यक्ष बकेवर के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी पर आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई, इससे एक गोली बदमाश के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम धीरु पुत्र नन्हे उर्फ नन्हेलाल निवासी लक्षियामऊ थाना दिबियापुर जनपद औरैया बताया।

### 9 हजार रुपये नकद, जेवरात बरामद

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी तंमचा, दो कारतूस, चार खोखा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल, एक अंगूठी पीली धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु, दो नाक की बाली पीली धातु, एक अंगूठी सफेद धातु, एक बाल चोटी सफेद धातु, 9 हजार रुपये, दो पीतल के कलश बरामद किये। पुलिस द्वारा बरामद मोटर साइकिल के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह मोटरसाइकिल जनपद औरेया से चोरी की थी एवं पहचान छुपाने के लिये फर्जी नम्बर प्लेट लगाई थी। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा स्वीकार किया गया कि उसने 10 जून 2025 को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत शिव कालोनी लखना के एक घर से सोने, चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी किए थे। 11 अगस्त 2025 को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत सब्जी मंडी गली मन्दिर महेबा के पास मकान का ताला तोड़ कर नकदी, सोने व चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन चोरी किये थे। 20 अगस्त 2025 को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इन्द्रापुर में स्थित सचिवायल से टीवी, इन्वेटर– बैट्री, साउण्ड चोरी कर लिये थे। गिरफ्तार आरोपी थाना दिबियापुर से हिस्ट्रीशीटर है एवं उसके विरुद्ध लूट, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट आदि के कुल 31 अभियोग पंजीकृत हैं।

# दिव्यांग बच्चों की खेलकूद एवं सांस्कृतिक स्पर्धा हुई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन शक्तिकरण दिवस पर एक दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता बीआरसी भरथना में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण खंड शिक्षा अधिकारी भरथना सर्वेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

सुलेख प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम,कृष्ण द्वितीय,सौरभ तृतीय स्थान,चित्रकला प्रतियोगिता में पीयूष प्रथम सक्षम द्वितीय नैतिक बाबू तृतीय स्थान, नींबू चम्मच दौड़ में सागर प्रथम, सचिन द्वितीय स्थान, सक्षम तृतीय स्थान,50 मी दौड़ में समीर प्रथम, रामू द्वितीय, सौरभ तृतीय स्थान, मेंढक दौड़ में आयुष प्रथम, ललित द्वितीय, आर्यन तृतीय स्थान, 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में पूजा प्रथम, गौरी द्वितीय, नेहा तृतीय स्थान, नींबू चम्मच दौड़ में नेहा प्रथम, प्रतिभा द्वितीय कंचन तृतीय स्थान, गुब्बारा फोड़ में नैतिक प्रथम हिमांशु द्वितीय सौरभ तृतीय स्थान ,अनाज छूकर पहचान में शिवम ने प्रथम स्थान प्राप्त करके प्रतियोगिता में चार चांद कर लगा दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु कुमार ,कुलदीप कुमार सत्येंद्र कुमार एवं समस्त बीआरसी स्टॉफ़ एवं समेकित शिक्षा की तरफ से ओमप्रकाश, जितेंद्र कुमार, साधना मिश्रा ,अशोक कुमार, जबर सिंह ,अवधेश कुमार, सनेश कुमार ,अवधेश कुमार ,राजेश कुमार एवं नोडल शिक्षकों द्वारा विशेष सहयोग में किया गया।

# ट्रक में घुसा ट्राला, परिचालक की थमीं सांसें, चालक घायल

## बकेवर थाना क्षेत्र के कुडरिया रजबाहा के पास हाईवे पर हुआ हादसा

संवाददाता, बकेवर



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्राला व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर कुडरिया रजबाहा के पास आगे चल रहे ट्रक में पीछे से ट्राला घुस गया। इससे चालक व परिचालक गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिला अस्पताल में डॉक्टर ने परिचालक को मृत घोषित कर दिया।

इटावा की ओर से चावल लादकर औरैया की ओर जा रहे ट्रक में पीछे से आ रहा ट्राला अनियंत्रित होकर जा घुसा। जिससे ट्रक में लदे चावल के पैकिट हाईवे पर बिखर गये। राहगीरों की सूचना पर थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक हाईवे मोबाइल पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और ट्राला में फंसे चालक तेज सिंह पुत्र बदन सिंह निवासी करहल व परिचालक सुकमान 45 वर्ष पुत्र किशन निवासी ग्राम सहसारपुरा मैनपुरी को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक और परिचालक को नेशनल हाइवे की एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल इटावा भिजवाया। जहां डॉक्टर ने परिचालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बकेवर।** थाना भरेह क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर में लगुन में शामिल होकर गुल्लन सिंह 32 वर्ष पुत्र सरनाम सिंह निवासी रजपुरा अजीतमल औरैया बाइक से वापस जा रहा था। गढ़ा कासदा हड़ौली के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आये, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

इसीतरह थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत धूमनपुरा पुलिया के पास आटो पलटने से चन्द्र प्रकाश पुत्र नेक्से लाल, सौरभ पुत्र चन्द्र प्रकाश व रिषभ पुत्र सौरभ निवासी नगला बीरबल बढ़पुरा घायल हो गए। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत मुकुटपुरा के पास बाइकों की भिड़ंत में ब्रजेश पुत्र परसुराम निवासी निवाड़ी खुर्द बकेवर घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कार की टक्कर से किसान की गई जान

**सैफई।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला राठौर के पास इटावा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे कोल्ड स्टोर से आलू बेचकर लौट रहे किसान की मौत हो गई। घटना से किसान के परिवार में कोहराम मच गया। किसान विनोद कुमार 52 वर्ष पुत्र हाकिम सिंह निवासी हिंदूपुर नगरिया थाना ऊसराहर आलू बेचने कोल्ड स्टोर गए थे। नगला राठौर के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के समय किसान ने हेलमेट पहना हुआ था लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि हेलमेट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उन्हें गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार को राहगीरों की मदद से सैफई चिकित्सा विश्वविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब में मिली आलू बिक्री की पर्ची के आधार पर पहचान हुई फिर उनके परिजनों को सूचना दी। मोर्चरी पर पहुंचे किसान के बेटे असित, ऋषि और आयुष ने बताया कि उनके पिता रोज की तरह आलू बेचने गए थे।



विनोद कुमार।




कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ करते सीडीओ साथ में अधिष्ठाता एनके शर्मा। अमृत विचार

# सुशांत मिस्टर और दिव्यांशी बनीं मिस फ्रेशर, शक्तिमान ग्रुप रहा बेस्ट डांसर

- छात्र-छात्राओं ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम
- कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ फ्रेशर पार्टी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य महाविद्यालय में आए हुए नवीन विद्यार्थियों हेतु फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीडीओ अजय कुमार गौतम, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीओ सिटी अभय नारायण राय ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे को माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात नवीन छात्रों द्वारा अपना परिचय दिया गया। आए हुए मुख्य अतिथि को बुके पूर्व अधिष्ठाता डॉ. डी सिंह के द्वारा देकर और अधिष्ठाता, मत्स्य महाविद्यालय, डॉ. अजीत सिंह और अधिष्ठाता कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, डॉक्टर एनके शर्मा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

नवीन विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को जज करने हेतु अतिथि प्रीति छाबड़ा एवं प्रीति त्रिपाठी को नियुक्त किया गया था। उनके द्वारा घोषित परिणामों में मिस्टर फ्रेशर 2025, सुशांत, फिसरी साइंस मिस फ्रेशर, दिव्यांशी, फिसरी साइंस, बेस्ट परफॉर्मर मेल 2025, दीपक, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग बेस्ट परफॉर्मर फीमेल 2025, हर्षिता, डेरी टेक्नोलॉजी तथा बेस्ट ग्रुप डांस, शक्तिमान को घोषित किया गया। अधिष्ठाता एनके शर्मा द्वारा विद्यार्थियों द्वारा इतने अल्प समय में किए गए इस कार्यक्रम की सराहना की और सभी विजेताओं को बधाई दी।

# चार दिवसीय उर्स शुरू अलम व चादर पेश की

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** आपसी सौहार्द एवं भाईचारे की प्रतीक दरगाह अबुल हसन शाह वारसी कटरा शहाब खां में परंपरागत 101वें चार दिवसीय सालाना उर्स का ऑनरेरी सेकेट्री हसनैन वारिस हनी वारसी के नेतृत्व में सुबह फजिर की नमाज के उपरांत कुरान ख्वानी से शुभारंभ हुआ।

दरगाह वारसी पर उर्स के पहले दिन बाद नमाज फजिर कुरआन ख़्वानी हुई। इसके बाद इमाम बारगाह शरीफ में दगाह वारसी के ऑनरेरी सेकेट्री हसनैन वारिस उर्फ हनी वारसी ने अलम पेश किया। इसके बाद हजरत मजहर अली शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह की ओर से हनी वारसी ने चादरें पेश कीं। इसके बाद हजरत मजहर अली शाह का कुल शरीफ हुआ। बाद नमाज जोहर मीलाद शरीफ हुआ। बाद नमाज अस्र महफिले समां हुई, जिसमें कव्वाल अफ्फान वारसी देवा शरीफ, राजा सरफराज रामपुर, अली वारिस मुंबई ने बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की।

उन्होंने कहा जैसे कुरान में तीस पारे हैं ऐसी सूरत मेरे हुसैन की है। इसके बाद हजरत महमूद शाह वारसी का कुल हुआ।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से 40 गांवों की बिजली गुल

**बकेवर।** लवेदी क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर बिजली घर पर लगे 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण समूचे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इससे बिजली आपूर्ति वाले लगभग 40 गांवों में अंधेरा है वुधवार की शाम 5 बजे तक भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली घर के अवर अभियंता नरदेव गौतम ने बताया कि 5 एमवीए ट्रांसफार्मर में कुछ टेक्निकल फॉल्ट है जिसे टेक्नीशियन द्वारा चेक कराया जा रहा है और मरम्मत का काम शुरू किया गया। ट्रांसफार्मर दो दिन से खराब है।

# राजनीतिक दल दो दिन में बीएलए नियुक्त करें

- एसआईआर को लेकर जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक की

कार्यालय संवाददाता, इटावा



राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एसआईआर के सम्बन्ध में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने आयोग के निर्देशों के क्रम में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा बीएलए नियुक्त करने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा जो वितरित हो रहा है, उसमें सहयोग के लिए दल बीएलए की शीघ्र नियुक्ति करें। जिसमें समाजवादी पार्टी द्वारा अवगत कराया गया कि हमारी पार्टी द्वारा तीनों विधान सभा में 969 बीएलए नियुक्त किए गए हैं, अन्य किसी दल द्वारा बीएलए नियुक्त नहीं किए गए। जिसपर जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुनः अनुरोध किया गया कि दो दिवस के अंदर बीएलए नियुक्त किए जाएं, जो भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रारूप पर दिया जाना है। उन्होंने कहा कि एसआईआर में बीएलए का सहयोग लेकर कार्य को सकुशल एवं समयावधि में पूर्ण किया जा सके। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सपा नेता उदयभान सिंह यादव , शिवाकांत चौधरी भाजपा, शरद तिवारी भाजपा, वाचस्पति द्विवेदी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी, विक्की गुप्ता सपा आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम | 1108 कुण्डीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ

# यज्ञ केवल कर्मकांड नहीं, ब्रह्मांड की ऊर्जा से संवाद का माध्यम

कार्यालय संवाददाता, इटावा



हवनकुंडों में आहुतियां देते यजमान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इष्टिकापुरी (इटावा) की पुण्यभूमि फिर देवत्व से आलोकित हो उठी। हिंदू हॉस्टल ग्राउंड स्थित भव्य यज्ञशाला में बुधवार को महायज्ञ के पांचवें दिवस पर सुबह 8 बजे से आरंभ हुआ हवन का क्रम रात 12 बजे तक अनवरत चला। तीनों पालियों में हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में भाग लिया, और अग्निदेव के समक्ष अपनी आहुतियाँ अर्पित कीं।

यज्ञशाला में स्थापित 1108 कुंड, केवल मिट्टी और ईंटों का समूह नहीं ये जीवंत प्रतीक हैं ब्रह्मांड के तत्वों के, जो सृष्टि के प्रत्येक कोने से दैवीय ऊर्जा को आकर्षित करते हैं। प्रत्येक कुंड एक ग्रह, एक दिशा, एक शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। जब यजमान अपने मन, वचन और कर्म से आहुति देता है तो वह केवल अग्नि में नहीं, बल्कि समस्त ब्रह्मांड में अपने संकल्प की तरंगें प्रवाहित करता है। विशेष रूप से, यज्ञशाला के मध्य स्थित प्रधान कुंड को ब्रह्मांड का केंद्र माना गया है। इस कुंड में आहुति देना मानो समस्त सृष्टि के प्रति अपनी आत्मा का समर्पण है। यह कुंड यज्ञ का हृदय है जहां से ऊर्जा की लहरें संपूर्ण यज्ञमंडप और नवग्रह मंडल तक प्रवाहित होती हैं। आज यज्ञ के दौरान नवग्रह मंडल में भी विशेष हवन हुआ।आचार्यों के अनुसार, नवग्रहों के संतुलन से ही जीवन में सामंजस्य, स्वास्थ्य और समृद्धि आती है। नवग्रह शांति के ये यज्ञ केवल व्यक्तिगत कल्याण नहीं, बल्कि समष्टि की स्थिरता और लोककल्याण के वाहक हैं। पूज्य गुरुदेव यज्ञाधीश श्री रामदास जी महाराज ने कहा "जब नवग्रह संतुलित होते हैं, तब मानव का जीवन संतुलित होता है और जब मानव का जीवन संतुलित होता है, तब राष्ट्र का भविष्य भी उज्ज्वल होता है।"

पांचवें दिवस में अग्नि की ज्वालाएं केवल घृत से नहीं, बल्कि आस्था, समर्पण और सनातन चेतना से प्रज्ज्वलित होती हैं। आयोजन 16 नवम्बर तक चलेगा, और 17 नवम्बर को भव्य भंडारे के साथ 18 नवंबर को आचार्य विदाई और अमृत स्नान और 19 नवम्बर को भभूति वितरण के साथ संपन्न होगा।

# निमोनिया के लक्षणों को पहचाने ताकि तुरंत इलाज किया जा सके

**इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के बाल रोग विभाग द्वारा नर्सिंग संकाय के संयुक्त तत्वावधान से विश्व निमोनिया दिवस मनाया गया। इस पर निमोनिया जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार के स्वागत उद्बोधन से हुआ। कहा निमोनिया के लक्षणों को पहचानना और तुरंत इलाज कराना आवश्यक है। यह एक ऐसी बीमारी है जो बच्चों की जान ले सकती है, हर वर्ष पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 8 लाख बच्चे निमोनिया से मृत्यु को प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम का संचालन बाल रोग विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. मुनीबा अलीम द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि निमोनिया की रोकथाम ही सर्वोत्तम उपचार है। इस अवसर पर नर्सिंग छात्रों, एमबीबीएस 2024 बैच के विद्यार्थियों एवं इंटर्न्स ने निमोनिया से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ.अजय सिंह, विशिष्ट अतिथियों में प्रतिनिधि कुलपति प्रो. डॉ. रामकांत यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. एस.पी. सिंह तथा मेडिकल संकायध्यक्ष प्रो. आदेश कुमार, नर्सिंग संकायध्यक्ष प्रो. बिजी बीजू सहित बाल रोग विभाग के फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### संकुल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

**फफूंद (औरैया)।** ब्लाक भाग्यनगर की संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता डेराबंजारन जैतपुर में हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षक संकुल रमाशंकर ने किया। प्राथमिक वर्ग 400 मीटर दौड़ बालक में शिवा जैतपुर प्रथम, राहुल धर्मपुर द्वितीय, आयुष डेराबंजारन तृतीय स्थान पर रहे। प्राइमरी बालिका 400 मीटर दौड़ में खुशी नगला पाठक प्रथम, आराध्या जैतपुर द्वितीय, सुनैना सिंदुरिया आलमपुर ने तृतीय स्थान पाया।

### 'सहकारिता एकता और साझेदारी का प्रतीक'

**औरैया।** नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कार्यालय ने मुरादगंज में सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, अरुण कुमार ने कहा कि सहकारिता हमारी एकता व साझेदारी का प्रतीक है।

### बैठक आज

**औरैया।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया कि जिला उद्योग बंधु एवं जनपदीय एमआईयू (एमओयू क्रियान्वयन तंत्र) व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 13 नवम्बर की अपराह्न 2 बजे कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित की जाएगी।

# विकास संबंधी अभिलेख उपलब्ध न कराने पर सचिवों का रुकेगा वेतन

## सात दिन में अभिलेख उपलब्ध न करने पर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होगी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यों की 30 तक डिजिटल डायरी तैयार कर कराएं उपलब्ध



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत मॉडल ग्रामों के सत्यापन की रिपोर्ट तुरंत पोर्टल पर अपलोड कराएं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों में लंबित पत्रों को सात दिन में निस्तारण सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित पंचायत राज विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को जीरो प्रॉवर्टी के अंतर्गत स्वच्छ शौचालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन तथा अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आरआरसी केंद्र तथा अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य को कराने के निर्देश दिए। गोवर्धन परियोजना अंतर्गत निर्मित बायोगोबर गैस संयंत्र की संचालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संयंत्र को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करते हुए आय में वृद्धि करें। जिलाधिकारी ने आडिट के लंबित प्रस्तरों हेतु तत्कालीन सचिव मधुरिमा, प्रवीण कुमार, रंजीत सिंह, अरविंद कुमार, प्रफुल्ल कुमार, बारेलाल, धीर सिंह गिहार, फूल सिंह, राजेंद्र बाबू, पंकज, विनय यादव द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों के व्यय संबंधी अभिलेख उपलब्ध न कराये जाने पर वेतन रोके जाने के साथ ही 07 दिन में अभिलेख उपलब्ध न करने पर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

ॅउन्होंने जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय के लिपिक अमरेंद्र कुमार द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने जिला पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि 05वें तथा 15वें वित्त से प्राप्त धनराशि का प्रयोग अधिकतम स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्र में संतृप्त करने में किया जाए तथा अंत्येष्टि स्थल व बहुउद्देशीय पंचायत भवन को 30 नवंबर तक पूर्ण कराते हुए डिजिटल डायरी उपलब्ध कराएं। उन्होंने पंचायत कल्याण कोष के लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा पंचायत उत्सव भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि फेस रिकोगनाइजेश के अंतर्गत सभी लाभार्थियों का डाटा अपलोड किया जाए तथा सहार आंगनवाड़ी केंद्र में तैनात सीडीपीओ साधना दीक्षित द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने पर नोटिस देते हुए तहा कि एक सप्ताह में कार्य में सुधार करें। साथ ही शत प्रतिशत कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण कराएं। उन्होंने सहार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर तैनात मुख्य सेविका अनुपम श्रीवास्तव द्वारा जिम्मेदारी का निर्वहन न करने पर एरवाकटरा स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी हरीश कुमार सोलंकी, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर की प्रकिया की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में नियुक्त लेखपाल, सुपरवाइजरों को विभिन्न प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक सुपरवाइजर 10 मतदान केंद्र पर बीएलओ के रूप में तैनात कार्मिकों के कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे।

उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर तैनात कार्मिकों की सूची उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन कार्यालय के माध्यम से विकास खंडवार उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी को सचेत करते हुए कहा कि यदि कोई कार्मिक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवहेलना करेगा तो उस कार्मिक के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वह अपने संबंधित क्षेत्र के बीएलओ, बीएलए तथा सहयोगी के लिए नियुक्त कार्मिकों के साथ बैठक कर उन्हें कार्यवाही की जानकारी देते हुए कार्य योजना बनाते हुए 20 नवंबर तक मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कर लिए जाएं। डीएम ने सभी कार्मिकों को निर्देश दिए कि मतदाता को उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्र की एक प्रति, सभी सूचनाओं का संकलन सहित वर्तमान की रंगीन फोटो व हस्ताक्षर आदि पूर्ण कराते हुए प्राप्त करना सुनिश्चित करें तथा किसी मतदाता से कोई भी अतिरिक्त प्रपत्र की मांग नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बीएलओ के सहयोग के लिए नियुक्त ग्राम स्तर पर तैनात कार्मिक अपने क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री में भी सहयोग करेंगे यदि किसी लाभार्थी का नाम पात्रता सूची से हट गया है उनके सत्यापन में भी सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा जहां पर अधिक कृषक हैं तो उसे ग्राम में उप जिलाधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर उसमें अधिक कार्मिकों का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी अविनाश चंद्र मौर्य, उप जिलाधिकारी सदर अजय आनंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे द्वारा ली गई एल.आई.सी. की पालिसी सं. 266578807 में मेरा नाम कृष्णा गुप्ता दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व बैंक खाता में पोनी गुप्ता दर्ज है। पोनी गुप्ता व कृष्णा गुप्ता दोनो मेरे ही नाम है। दोनों ही नाम से मैं जाना व पहचाना जाता हूं। **–पोनी गुप्ता पुत्र अरविंद कुमार गुप्ता, मोहल्ला अशोक नगर, गुरसहायगंज, कन्नौज।**

### सीओ ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**बिधूना (औरैया)।** बिधूना क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा ने मंगलवार शाम बेला थाने का औचक निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, मेस, बैरक, मुंशीखाना, मालखाना समेत पुलिसकर्मियों के आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित रजिस्टर भी चेक किये। खामियों पर नाराजगी जताते हुए कड़े दिशा निर्देश दिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत, पन्हर, विकास खंड - औरैया, जनपद औरैया**

पत्रांक मैमो/केंद्रीय/राज्य वित्त दिनांक 13 नवबंर 2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड औरैया की ग्राम पंचायत पन्हर के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में केंद्रीय/राज्यवित्त के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत जीएसटी धारक निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मो ईट विक्रेताओं/सप्लायर्स से (ईट, सीमेन्ट, मौरम, बालू, पत्थर, गिट्टी, लोहा, सरिया, इण्टरलांकिंग ईट, रंग, इलेक्ट्रीकल/इलेक्ट्रॉनिक आदि) सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 25 नवंबर 2025 अपराहन 2 बजे तक सीलबन्द निविदा/टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है। जो उसी दिन अपराहन 3 बजे ग्राम पंचायत बरीपुरमाफी द्वारा गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 13 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक किसी भी दिवस में प्रात: 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत पन्हर में निविदा प्रपत्र निशुल्क प्राप्त किये जा सकेंगें।

**आपूर्ति की जाने वाली सामग्री हेतु विवरण मात्रा**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत पन्हर में पंचायत भवन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4.00 लाख |
| 2 | हाईमास्ट लाइट अधिष्ठापन कार्य। | 1.56 लाख |
| 4 | वाटर कूलर अधिष्ठापन कार्य। | 1.40 लाख |

नियम व शर्ते–

1. निविदादाता का पंजीकरण आयकर, वाणिज्यकर व जीएसटी विभाग में अवश्य होना चाहिए। बिना जीएसटी पिन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. दिनांक 11 नवंबर 2025 को यदि किसी कारणवश निविदा के खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह सम्पन्न होगा।
3. निविदा स्वीकार एवं निरस्त करने का पूरा अधिकार समिति का होगा।
4. कार्य की मात्रा एवं लागत मौके की परिस्थितियों के अनुसार घट बढ़ सकती है।
5. नियम व शर्तो की पूर्ण जानकारी कार्यालय टेंडर क्रय करते समय प्राप्त कर लें। पूर्ण संतुष्ट होने पर ही टेंडर डालें।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**ग्राम पंचायत - पन्हर, विकास खंड - औरैया**

# पुलिस पार्टी पर हमले में दोषी को 7 साल की जेल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- कोर्ट ने जुर्म कबूलने पर सुनाई सजा

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय विनय प्रकाश सिंह ने पुलिस पार्टी पर हमला करने के एक मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने करीब आठ साल से जेल में बंद आरोपी विपिन कुमार उर्फ विवेक को जुर्म कबूलने के आधार पर सात वर्ष के कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। चूंकि दोषी पहले ही सजा से अधिक समय जेल में बिता चुका है, इसलिए उसकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अरविंद राजपूत ने बताया कि अभियुक्त विपिन कुमार उर्फ विवेक इटावा जिले के जसवंतनगर स्थित घनश्यामपुरा का निवासी है। उस पर थाना अछल्दा क्षेत्र के नेविलगंज में पुलिस पार्टी पर हमला करने का आरोप था। वह 25 नवंबर 2017 से फिरोजाबाद जिला कारागार में बंद है। सुनवाई के दौरान अभियुक्त ने न्यायालय में अपना जुर्म कबूल करने और सहानुभूति पूर्वक दंडित करने के लिए एक प्रार्थनापत्र दिया। न्यायालय ने उसके इस प्रार्थनापत्र को स्वीकार कर लिया। दोषी विपिन कुमार को सात वर्ष के कठोर कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# रैली निकाल यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

- एक्सिस स्कूल में यातायात माह के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम



यातायातजागरूकता के लिए निकाली गई रैली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के विद्यालय एक्सिस पब्लिक स्कूल में यातायात माह नवंबर के अंतर्गत यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आरआई यातायात संतोष पटेल, विशिष्ठ अतिथि टीएसआई देवेंद्र कुमार एवं फफूंद थानाध्यक्ष जय प्रकाश पाल आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय निदेशक दीपक दीक्षित, प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह, व मुख्य अतिथि के द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय निदेशक दीपक दीक्षित द्वारा माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यातिथि का सम्मान किया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ साथ बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों को दर्शाते हुए जनजागरूक संदेश दिए। नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले बच्चों को मुख्यातिथि द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें मार्ग में बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया तथा भविष्य में नियमों का पालन करने को कहा गया। रैली का आयोजन कस्बे के प्रमुख मार्ग से ख्यालीदास से नुमाइश मैदान के रास्ते अछल्दा चौराहे पर समापन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढ़ी, व्यवस्था प्रमुख अंकित अवस्थी, एक्टिविटी इंचार्ज हर्षा, इवेंट इंचार्ज माही, पीटीआई अनुज, आशीष, नीरज आदि मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि ज़िलाधिकारी महोदय, महोबा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना ख़रीफ़ 2025 की समीक्षा बैठक की गयी। जनपद में कुल 267779 कृषकों द्वारा फ़सल बीमा कराया गया है, जिसमें कुल ऋणी कृषक (बैंक के माध्यम से) 126403 तथा गैर ऋणी कृषक 141376 है। जिसमें से 46218 गैर ऋणी कृषकों का डाटा जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से किसान भाईयों को वापस कर दिया गया है। जिसकी सूचना एस०एम०एस० के माध्यम से कृषकों को दी गयी है। कृपया जिन किसान भाईयों को एस०एम०एस० के माध्यम से सूचना प्राप्त होती है वह तुरन्त अपने जनसुविधा केन्द्र पर जाकर विसंगति को सही करायें तथा नियमानुसार सही दस्तावेज़ अपलोड करायें।

बटाईदार होने की स्थिति में भू–स्वामी का आधार तथा अपने हल्का लेखपाल से प्रमाणित 10 रु. के स्टाम्प बलकटनामा अपलोड करें, अन्यथा की स्थिति में बीमा पॉलिसी अस्वीकृत कर दी जायेगी।

# बिधूना में अवैध खनन पर कार्रवाई, 4 डंपर पकड़े

**बिधूना (औरैया)।** बेला थाना क्षेत्र में पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान चार डंपर पकड़े गए, जिन पर कुल 1,76,750 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, उत्तर प्रदेश के आदेशों के अनुपालन में चलाए जा रहे तीन दिवसीय विशेष अभियान का हिस्सा थी।

औरैया के पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी बिधूना के कुशल नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। खनन एवं खनिज अधिकारी वशिष्ठ यादव और बेला थानाध्यक्ष गंगादास गौतम के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने अवैध खनन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान पकड़े गए डंपरों पर जुर्माना लगाया है। इस संयुक्त टीम में बेला थाना से थानाध्यक्ष गंगादास गौतम, उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक बृजभूषण तिवारी, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल मोनू कुमार शामिल थे।

# आवारा कुत्ते के काटने से मासूम की मौत

संवाददाता, रुरुगंज (औरैया)

**अमृत विचार।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र की रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव कुसमरा में एक आवारा कुत्ते के काटने से छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के कुसमरा निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह का छह वर्षीय बेटा इसमोल घर के बाहर खेल रहा था। तभी एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और उसकी गर्दन पर काट लिया। परिजन तुरंत बच्चे को बिधूना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उसे एंटी-रेबीज इंजेक्शन की पहली खुराक दी गई। कुछ दिनों बाद इसमोल को एंटी-रेबीज के दूसरे और तीसरे टीके भी लगाए गए। हालांकि, इसके बाद भी बच्चे की तबीयत में सुधार नहीं हुआ, बल्कि तबीयत और बिगड़ गई। उसे दोबारा बिधूना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी आराम न मिलने पर परिजन इसमोल को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले गए और वहां भर्ती कराया। इलाज के दौरान मंगलवार शाम को इसमोल ने दम तोड़ दिया। इसमोल अपने परिवार में तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिवार में गहरा सदमा है।

# लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र कराएं निस्तारण : डीएम

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा की। 50 प्रतिशत से कम संतुष्टि पूर्ण प्रतिशत वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 नवम्बर तक प्रकरणों के निस्तारण में संतुष्टि प्रतिशत कम से कम 75 प्रतिशत तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि कम प्रतिशत वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए शासन को अवगत करा दिया जाएगा।

प्राप्त होने वाले प्रकरणों से संबंधित आवेदन पत्रों को अधिकारी स्वयं देखें और कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित करते हुए समय सीमा में पूर्ण करने के लिए नियमित समीक्षा करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी लाभपरक योजना सहित रानी लक्ष्मीबाई महिला बाल सम्मान कोष योजना से संबंधित प्राप्त लंबित पड़े प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए कार्यवाही पूर्ण करें। इस मौके पर कई अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत मऊ, जनपद–चित्रकूट**

पत्रांक–589/न0पं0मऊ/2025–26 दिनाँक– 12 नवम्बर, 2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में ठंड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों एवं राहगीरों के लिए नगर पंचायत मऊ क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्गो व चौराहों में अलाव लगाये जाने हेतु जलाऊ सूखी लकडी क्रय किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक **13.11.2025 से 25.11.2025** तक प्रति कुंटल की दर से सील बंद निविदा दरें अपरान्ह 02.00 बजे तक नगर पंचायत मऊ में आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्रों की **विक्री दिनांक 15.11.2025 से 24.11.2025 तक** 500 रू0 प्रति निविदा फार्म शुल्क जमा कराकर कार्यालय नगर पंचायत मऊ में की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 25.11.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थित में खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी /सक्षम अधिकारी, नगर पंचायत मऊ में निहित होंगे। समयावधि के उपरान्त प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं होगी। निविदा से संबधित धरोहर धनराशि 10000.00 रूपये कार्यालय में नगद/नगर पंचायत निकाय निधि खाता संख्या 40050347025 आई0एफ0एस0सी0 SBIN0011205 में जमा कर, जमा रशीद की प्रति निविदा के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य होगा।

उक्त से सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशाषी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मऊ** **नगर पंचायत मऊ**
**जनपद–चित्रकूट** **जनपद–चित्रकूट**

आस्था

प्रज्ञा पुराण कथा में बही भक्ति की रसधार

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने डालीं आहुतियां

संवाददाता, बिधूना (औरैया)



महायज्ञ में आहुति डालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा कस्बे के वनखंडेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित किए गए पांच दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा व संस्कार महोत्सव में श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ में आहुतियां डाली गई।

शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के सदस्यों ने टोली नायक राजकुमार भृगु, बृजेंद्र तिवारी, रामवीर नेगी, हुकुमचंद, मृडाल पल के साथ जिला समन्वयक मनोज श्रीवास्तव, पंकज, शशिप्रभा द्विवेदी, रमा सेंगर, ममता सक्सेना, दर्शना श्रीवास्तव, गुड्डी शर्मा, पम्मी तोमर, गीता वर्मा, मंजू यादव, विभा सेंगर, रेखा चैहान, जयंती यादव, सोनिया सिंह, विनीता, गुड़िया, शिवचरण, ईश्वर चंद वर्मा, अंशिका, सुनील, राम नारायण, जय सिंह, गुड्डू कुशवाह, नाहर सिंह तोमर, श्याम चौहान, अजय सेंगर आदि प्रमुख लोगों के साथ हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ में आहुतियां डाली गईं। इस मौके पर शांतिकुंज हरिद्वार के विद्वानों द्वारा प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से प्रवचन करते हुए मां गायत्री की महिमा का बखान किया गया। तत्पश्चात विभिन्न संस्कार व धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित हुए।

## मूर्ति पुनर्स्थापन का शुरू हुआ अनुष्ठान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** 10 दिनों की लंबी उठा पटक के बाद मंगलवार से आखिरकार देवकली मंदिर पर मूर्ति पुनर्स्थापना का आयोजन शुरू हो गया है। पहले दिन प्रकांड विद्वानों द्वारा प्रायश्चित पूजन के साथ ही पंचांग पूजन, जल यात्रा और मंडप प्रवेश का कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ।

गत 1 नवंबर को देवकली मंदिर ट्रस्ट द्वारा दसवीं शताब्दी में प्रतिस्थापित की गई मूर्तियों में छेड़छाड़ की गई थी। इस छेड़छाड़ को शहर के तमाम बुद्धिजीवियों और विद्वानों ने गलत ठहराया था। तमाम सनातन धर्मी एवं हिंदू संगठनों ने इस कृत्य का विरोध करते हुए मूर्ति को पुनर्स्थापित करने की मांग की थी। जन मानस की आस्था और संगठनों के विरोध और उनकी भावनाओं को देखते हुए मंगलवार से देवकली मंदिर परिसर में फिर से मूर्ति स्थापित करने का अनुष्ठान शुरू हो गया है।

अनुष्ठान के प्रमुख पंडित प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दिन सबसे पहले मूर्ति को इस स्थान पर प्रतिस्थापित कर वैदिक मित्रों के साथ प्रायश्चित पूजन किया गया। इसके बाद पंचांग पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि पहले दिन के कार्यक्रम में जल यात्रा और मंडप प्रवेश का आयोजन भी किया गया। 5 दिन चलने वाले प्रतिस्थापन कार्यक्रम में सभी नियमों का पालन किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिसोलर में कोटेदार का चुनाव स्थगित

**मौदहा।** विकासखंड के ग्राम पंचायत सिसोलर में उचित दर विक्रेता की दुकान के चुनाव को लेकर बुधवार को पंचायत भवन में काफी संख्या में लोग इकट्ठे हुए, लेकिन नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक, सचिव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय शंकर की मौजूदगी में नामांकित दो दर्जन से अधिक लोगों के कागजात में कमियों के चलते कोटे का चुनाव स्थगित कर दिया गया। अभी अगली तारीख तय नहीं की जा सकी है। बताते चलें कि कोटेदार रामबहादुर वर्मा को एक मामले में सजा होने के बाद ओबीसी समुदाय से कोटे का चुनाव होना है, जिसे चौथी बार स्थगित किया गया है।

### चेकिंग में 3 ओवरलोड ट्रक सीज किए गए

**हमीरपुर।** राठ एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने देर रात चेकिंग में तीन ट्रकों को सीज कर पुलिस के सुपुर्द किया। अवैध खनन और ओवरलोड के खिलाफ जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश के बाद एक माह से टास्क फोर्स की टीम रोज चेकिंग अभियान चला रही है। राठ एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने मंगलवार की देर रात ओवरलोडिंग के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। लगभग 25 वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान तीन वाहन बिना एमएम 11 प्रपत्र व ओवरलोड परिवहन करते पाए गए जिन्हें एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने एक वाहन को राठ व दो वाहनों को मझगवां थाने के सुपुर्द कर दिया।

### बड़ी देवी मंदिर में कल से भागवत कथा

**मौदहा।** कस्बे के बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में आगामी चौदह नवम्बर से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा जिसमे स्वामी नारायणानंद जी महाराज काशी धर्म पीठ द्वारा भक्तों को कथा का रसपान कराया जाएगा। जिसके चलते 14 नवंबर को कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी और कथा के समापन पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी शिवकुमार पाण्डेय, राकेश पालीवाल, रामदेव सिंह, अनूप सिंह, एडवोकेट विनय तिवारी सहित आयोजन समिति श्री नारायण सेवा समिति बुंदेलखंड क्षेत्र के पदाधिकारियों ने ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से दी।

### मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज

**मौदहा।** कस्बे के शिवपुरी फत्तेपुर में मारपीट मामले में पुलिस ने दो नामजद सहित अज्ञात व्यक्तियों पर मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फत्तेपुर शिवपुरी निवासी विकास गोस्वामी ने तहरीर में बताया कि 9 नवंबर की रात करीब 11 बजे जब वह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम से लौट रहा था तभी रास्ते में मोहल्ले के ऋषि और शिवा ने गाली गलौज करते हुए डंडा और ईंट से पीटकर उसे लहूलुहान कर दिया। जिसमें कुछ महिलाओं ने भी उनका सहयोग किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुसियारी के मेले में पशुओं का इलाज

**मौदहा।** क्षेत्र के ग्राम गुसियारी में एक दिवसीय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। पशु मेले में पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल, मुफ्त इलाज और सरकारी योजनाओं की विश्वास से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आरम्भ ग्राम प्रधान ने फीता काटकर किया। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पशु मेलों में पशुपालकों को पशुओं के उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बांझपन निवारण जैसी सुविधाएं एक ही जगह पर मिलती हैं।

# तेज रफ्तार ऑटो पलटने से छात्र की दबकर मौत, दो लोग घायल

## राठ-हमीरपुर स्टेट हाईवे पर बजेहटा मोड़ के पास ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- छानी कस्बे में कोचिंग पढ़ने के बाद ऑटो से गांव लौट रहे थे छात्र
- हादसे के बाद ऑटो लेकर मौके से भाग निकला चालक

**अमृत विचार।** राठ-हमीरपुर स्टेट हाईवे पर बजेहटा मोड़ के पास खड़े डंपर को ओवरटेक करते समय तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें दो छात्र सहित तीन लोग दबकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक छात्र की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में छात्र की मौत हो गई।



दुर्गेश।



पोस्टमार्टम हाउस में विधायक ने परिजनों से मुलाकात की। अमृत विचार

क्षेत्र के स्वासा बुजुर्ग निवासी छात्र सारांश (15) पुत्र दयाशंकर अपने साथी दुर्गेश (14) पुत्र रमेश प्रजापति के साथ छानी कस्बे में कोचिंग पढ़ कर ऑटो से मंगलवार की देर शाम गांव लौट रहा था, तभी बिवांर थाना क्षेत्र के बजेहटा मोड़ बालू स्टाक के सामने राठ स्टेट हाईवे पर ऑटो पलट गया, जिसमें दुर्गेश और सारांश सहित तीन लोग ऑटो के नीचे दब गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

जिला अस्पताल में दुर्गेश की नाजुक हालत होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय घाटमपुर के पास दुर्गेश की मौत हो गई। कलौलीजार निवासी कालीदीन ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 7 बजे वह भी ऑटो में छात्रों के साथ बैठकर घर जा रहे थे, तभी बजेहटा मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े डंपर को ओवरटेक करते समय चालक ने जल्दबाजी में ऑटो पलटा दिया, जिससे उसे भी हल्की चोटें आई हैं। उसने छानी सीएचसी में इलाज कराया।

उधर, हादसे के बाद चालक ऑटो लेकर मौके से भाग निकला। दुर्गेश दो भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता रमेश ने बताया कि तीन बेटियां सुमेधा (20), श्रष्टि (17), श्रद्धा (13) और सबसे छोटा बेटा आकृत है। दुर्गेश सरस्वती विद्या मंदिर हमीरपुर में कक्षा 10 का छात्र था। सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बिवांर एसआई विकास यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

### मालवीय व विरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की

**सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था की ओर से मदनमोहन मालवीय की पुण्यतिथि व आदिवासी सूरमा बिरसा मुंडा की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इन विभूतियों का अपना अलग अलग महत्व है।

उन्होंने कहा कि मालवीय का जन्म 25 दिसंबर 1861 को ब्रजनाथ और मूना देवी के घर प्रयागराज में हुआ था। 1916 में काशी विश्वविद्यालय की स्थापना कर मील का पत्थर गाड़ दिया था। गांधी जी ने इन्हें महामना की उपाधि दी थी। 1914 में भारत रत्न दिया गया। 12 नवंबर 1946 को निधन हुआ। उधर, आदिवासी बिरसा मुंडा का 12 नवंबर 1875 को झारखंड में सुगना और कर्मी के घर जन्म हुआ था। वह आदिवासियों के नायक थे। उन्होंने उलगुलान आन्दोलन चलाया था। यह मात्र 25 वर्ष की उम्र में 12 नवंबर 1900 को नहीं रहे। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, दयाराम सोनकर, रिचा, कमलेश सोनकर, पंकज सिंह, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।



लक्ष्मीबाई तिराहे से पदयात्रा निकालते भाकियू के कार्यकर्ता। अमृत विचार

## भाकियू ने कलेक्ट्रेट तक निकाली पदयात्रा

**हमीरपुर।** भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार को लक्ष्मीबाई तिराहा से कलेक्ट्रेट गोल चबूतरे तक पदयात्रा निकाली। कार्यकर्ता 'कागजों में चल रहा विकास, गांव की हालत सत्यानाश' स्लोगन लिखी तख्ती लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। कलेक्ट्रेट में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। 15 दिन बाद बेमियादी धरना की चेतावनी दी।

सांकेतिक धरना प्रदर्शन के दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद ने कहा कि जिले के अधिकारियों ने किसानों से दूरियां बनाई है। जिससे किसान दिवस विकास भवन कुछेछा या कलेक्ट्रेट सभागार में न कराकर कुरारा के कृषि विज्ञान केंद्र में कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों को उचित रेट पर खाद दिलाने, दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने, सहकारी समिति में पर्याप्त खाद की उपलब्धता करने, वन विभाग के सहयोग से जंगली गौवंशों को संरक्षित करने सहित विभिन्न मांग की है। इस दौरान डॉ.भूपेंद्र सिंह भदौरिया, हरिशंकर, संजय कुमार, जयकरण निषाद, बलबीर वर्मा, सुरेश, बालक राम, श्याम सुंदर तिवारी, भीष्म देव आदि किसान मौजूद रहे।

# नाले में डूबने से बच्चे की गई जान

संवाददाता, सुमेरपुर

- पढ़ने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र जा रहा था चंदौलीजार का मासूम
- नाला पार करते वक्त पैर फिसलने से गहरे पानी में समाया बच्चा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मवईजार क्षेत्र के मौजा चंदौली जार गांव में मंगलवार की सुबह आंगनबाड़ी पढ़ने जा रहे सात वर्षीय मासूम गांव के पास बने नाले को पार करते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में गिरने से डूबकर मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

चंदौलीजार गांव निवासी महेश अनुरागी का सात वर्षीय पुत्र देवी प्रसाद आंगनबाड़ी पढ़ने के लिए घर से निकला था। रास्ते में वह गांव के पास बने नाले को पार कर रहा था। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नाले के गहरे पानी में जा गिरा। कुछ ही क्षणों में वह पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार नाले की पीचिंग पर फिसलन भरी काई जमी हुई थी। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला। ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालक की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



नाले में डूबने से बच्चे की मौत होने पर रोती-बिलखती रहीं महिलाएं। अमृत विचार

### कपसा में अंडरपास निर्माण का विरोध

**मौदहा।** कपसा रोड की रेलवे क्रॉसिंग नं 17 पर अंडरपास निर्माण का विरोध करते हुए यहां ओवरब्रिज बनाने के लिए बजरंग धाम आश्रम के संतों व महंत ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।

आश्रम के महंत रघुनन्दन दास व संतों ने डीएम घनश्याम मीणा को बताया कि मौदहा क्षेत्र में जितने भी अंडरपास बने हैं, उनमें जलभराव रहता है। कई अंडरपास जर्जर हो गए हैं, जो मौत बनकर खड़े हैं। यहां अंडरपास बनने से बरसात के समय समस्या का सामना करना पड़ेगा। बांदा, चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं सहित आसपास के गांवों के लोगों को खासी मुश्किल उठानी पड़ेगी। यहां ओवरब्रिज बनाया जाए। ज्ञापन देने वालों में संत गोपाल दास, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहमद हसन, दीपू सिंह सहित बजरंग आश्रम ट्रस्ट के लोग शामिल रहे।

# खेत पर युवक का शव मिलने से हड़कंप, हत्या की आशंका

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- मंगलवार की दोपहर खेतों की जुताई करने की बात कहकर घर से निकला था युवक
- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी

**अमृत विचार।** मुस्करा थानाक्षेत्र के इमिलिया गांव के खेत में बुधवार की सुबह एक शव मिलने से अचानक हड़कंप मच गया। शव की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

बुधवार की सुबह मुस्करा थानाक्षेत्र के इमिलिया गांव निवासी कुलदीप कुशवाहा (25) का शव हुसैना गांव के पास पतारा हार के खेत में पड़ा मिला। मृतक के परिजनों ने बताया कि कुलदीप मंगलवार को दोपहर के बाद घर से खेत जुताई कराने की बात कहकर निकल गया था। पूरा दिन और रात वापस घर नहीं आया है। देर शाम वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई, फोन करने पर फोन उठा नहीं। सुबह खेतों की ओर ढूंढते ढूंढते जब परिजन खेत पहुंचे तो कुलदीप मृत अवस्था में खेत में पड़ा मिला। शव मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची व मामले की जांच करते हुए मौके से साक्ष्य संकलित किए। फील्ड यूनिट ने मौके पर से देशी शराब का क्वार्टर, डिस्पोजल ग्लास, नमकीन के पैकेट, गुटखा-बीड़ी सहित कुछ दवा भी बरामद की। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

मृतक के बहनोई ने बताया कि मृतक की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। कुछ दिनों बाद इसकी पत्नी छोड़ कर चली गई थी। जिससे परेशान रहता था। इंस्पेक्टर योगेश कुमार तिवारी ने बताया कि शव को पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव


**राठ।** जलालपुर थाने के टाई गांव में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

जलालपुर थाना क्षेत्र के टाई गांव निवासी सचिन (30) पुत्र परमेश्वरी दयाल अपने परिवार के साथ रहता था। बुधवार की सुबह उसका शव फांसी पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया सचिन शराब पीने का आदी था। वह परिवार की 9 बीघा कषि भूमि पर खेती-किसानी कर भरण-पोषण करता था। सचिन की पत्नी राधा, 6 माह की पुत्री, भाई शिवनारायण और हेमंत सहित अन्य परिजन बिलखते रहे। प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना के कारणों को लेकर परिजन चुप्पी साधे हुए हैं।

# हाथरस के अरुण ने बनारस के आकाश को हरा जीती कुश्ती

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध इटरा के तीन दिवसीय मेले में दूसरे दिन बुधवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें नामी गिरामी पहलवानों ने दांव-पेच दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। दंगल में 35 से ज्यादा कुश्तियां हुईं।



दंगल में दांव-पेच दिखाते पहलवान। अमृत विचार

क्षेत्र के इटरा के बजरंगबली मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के पश्चात आने वाले मंगलवार को तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले के दूसरे दिन मंदिर के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती ने विशाल दंगल का आयोजन कराया। दंगल में नामी गिरामी पहलवानों के बीच 35 से ज्यादा कुश्तियां हुई। कुश्तियों में पंधरी के अभिषेक ने गौरी कला के शोभित को पटकनी दी। इसी तरह तिलसरस के गोपाल ने मथुरा के रोहित, इटरा सनी ने मथुरा के मोहित, बांदा के अंकेश ने हमीरपुर के सिद्धार्थ को हराया।

इसी तरह साढ़ कानपुर के दिलीप ने इटरा के हिमांशु, हाथरस के अरुण ने बनारस के आकाश को पटकनी देकर जीत हासिल की। झांसी के जतिन व लखनऊ के शोएब, हाथरस के पप्पू व इटरा के विकास, टोला के हेमचंद व एटा के अंकुश, सुमेरपुर के मोहित व कानपुर के आशीष आदि की कुश्तियां बराबरी पर छूटी। संचालन सुरेश यादव दपसौरा ने किया। रेफरी की भूमिका बाबूलाल पहलवान ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### सचिव ने जेल में सुनीं समस्याएं

**हमीरपुर।** जिला कारागार में बुधवार को विधिक सेवा जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने जेल अधीक्षक एवं जेलर को समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सचिव ने बताया कि विधिक सेवा दिवस मनाने का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर वंचित और असहाय लोगों को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है। बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिन बंदियों के पास अपने मामलों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है, वे जेल अधीक्षक के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता हेतु आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेज सकते हैं। इस दौरान जेलर आनंद, डिप्टी जेलर देवेन्द्र कुमार दुबे एवं शिखर उपस्थित रहे।



पेयजल की समस्या से जूझ रहे बजहेटा गांव के लोग। अमृत विचार

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मांगा पानी

**हमीरपुर।** पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पाइपलाइन की मरम्मत व हैंडपंपों को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

मुस्करा ब्लाक के बजहेटा गांव के ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में कई महीनों से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं, साथ ही हर घर जल योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से नलों में जल आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। ग्रामीणों को प्रतिदिन एक से डेढ़ किलोमीटर दूर से पीने का पानी लेने जाना पड़ता है। जिससे विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को अत्यधिक कठिनाई हो रही है। बताया कि उन्होंने इस बाबत ग्राम सचिव एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई बार दी, किंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने पाइपलाइन की मरम्मत, हैंडपंपों को दुरुस्त कराने की मांग की है।

**औचक निरीक्षण** | **एसडीएम के सामने डॉक्टर और अधीक्षक के बीच ड्यूटी को लेकर नोकझोक**

# सीएचसी में एडवांस हाजिरी, दो डॉक्टर नदारद

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तमाम कमियां नजर आई। जिन्हें दूर करने के लिए एसडीएम ने अधीक्षक अखिलेश कुमार को निर्देशित किया।

बुधवार को एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने सीएचसी के औचक निरीक्षण में डेंटल चिकित्सक सुरभि यादव के अलावा एक अन्य चिकित्सक गायब मिली। इमरजेंसी वार्ड में गंदगी का आलम नजर आया। इसके अलावा हाजिरी रजिस्टर में तीन कर्मचारियों के 13 नवंबर के हस्ताक्षर भी मिले।



निरीक्षण के दौरान हाजिरी रजिस्टर देखते एसडीएम अभिमन्यु कुमार। अमृत विचार

- इमरजेंसी वार्ड में मिली गंदगी एक्स-रे फिल्म उपलब्ध नहीं

इसके अलावा सीएचसी में तैनात पैथोलॉजिस्ट सुप्रिया पटेल के द्वारा आपातकालीन ड्यूटी न करने की शिकायत पर एसडीएम ने डॉ.सुप्रिया से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व उन्होंने इमरजेंसी ड्यूटी भी की थी और उनका पद पैथोलॉजी डिपार्मेंट में है न कि अन्यत्र। डॉ.सुप्रिया ने अपने दस्तावेज भी दिखाए और अधीक्षक के सामने ही कहा कि अधीक्षक स्वयं कभी भी ओपीडी नहीं करते। वहीं इमरजेंसी वार्ड में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में गंदगी होने पर अधीक्षक को साफ सफाई कराने के लिए निर्देश दिए है। डेंटल चिकित्सक सुरभि यादव अनुपस्थित मिली। जिसके लिए पत्र लिखा गया है। एक्सरे फिल्म न होने पर शीघ्र मंगवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मरीजों व तीमारदारों से जानकारी भी लीई। इस मौके पर तहसीलदार, फार्मासिस्ट बृजेश राजपूत, विवेक गुप्ता सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### चादरपोशी के साथ हुआ दिवारी नृत्य

**मौदहा।** क्षेत्र के विख्यात सूफी संत हजरत मरदान अली शाह मांचा की तीन दिवसीय उर्स सुबह लगभग नौ बजे कुल की फातिहा के साथ संपन्न होगा। जिसमें शुरू से अंत तक अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ा रहा।

उर्स के दूसरे दिन चादरपोशी के साथ बुंदेलखंड के पारंपरिक दिवारी नृत्य और लंगर का आयोजन किया गया। जबकि रात में बाद नमाज़ इशा कव्वालियों की महफिल हुई, जिसमें क्षेत्रीय और बाहरी कव्वालों की कव्वालियों का प्रोग्राम आयोजित किया गया। वहीं उर्स के आखिरी दिन 13 नवंबर को रंग की महफिल और कुल की फातिहा के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा। मेले में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए कोतवाली पुलिस के जवान मुस्तैदी से मेले में डटे रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने में हंगामा, हाथापाई

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के चांद थोक में प्राइवेट कर्मियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान पुरानी केबल ले जाने से मना करने पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता करने व जबरन कनेक्शन काट देने की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर हंगामा शांत कराया। उपभोक्ताओं ने कहा कि वह इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है।

चांद थोक निवासी कई उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत कर्मी बनकर कुछ लोग उनके यहां स्मार्ट मीटर लगाने आए थे। स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान उन्होंने उनकी पुरानी केबल काट कर ले जाने की कोशिश की। जिस पर उनके द्वारा मना करने पर इन कर्मियों ने उनके साथ धक्का मुक्की कर अभद्रता की। उपभोक्ताओं द्वारा आदेश दिखाने की बात सुनते ही उन्होंने कनेक्शन काट दिया।



सुमेरपुर कस्बे में हंगामे के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया

इसी बीच एक उपभोक्ता ने डायल 112 को हंगामा होने की सूचना दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। किसी का कनेक्शन काटने के लिए प्राइवेट कर्मी अधिकृत नहीं है। साथ ही उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व में लगाई गई केबल नहीं ली जा सकती है।

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025
महोबा-जालौन

## न्यूज ब्रीफ

### महिला हितैषी पंचायत कार्यशाला कल

**महोबा।** पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के तहत 14 नंबर को महिला हितैषी पंचायतों की एक दिवसीय कार्यशाला पंचायत निदेशालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी 75 जिलों से महिला हितैषी पंचायत भाग लेंगी। डीपीआरओ ने बताया कि 174 यूनिक डाटा प्वाइंट एवं 119 यूनिक इंडिकेटर के विषयों की प्रगति अद्यतन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें जिले की महिला हितैषी पंचायतें भाग लेंगी।

### लेखपाल संघ का स्थापना दिवस कल

**महोबा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष शिव प्रसाद ने बताया कि 14 नवंबर को लेखपाल संघ ने संघ के स्थापना दिवस के मौके पर अनाथालय में बच्चों को कपड़े फल वितरित किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही जिला अस्पताल में भी भर्ती मरीजों को फल वितरण कराया जाएगा।

### लेखपाल संघ का धरना 15 को

महोबा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी मांगों के समर्थन में 15 नवंबर को प्रदेश व्यापी धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। संघ के तहसील अध्यक्ष शिवप्रसाद ने बताया कि 6 वर्षों में लेखपाल संवर्ग एवं संगठन की उपेक्षा तथा 9 वर्षों से सैकड़ों बार पत्राचार और वार्ता के बाद भी लंबित मांगों पर कोई ध्यान न देने पर प्रदेश स्तर पर लेखपाल संघ 15 नवंबर को हर जिले में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगो को जोर शोर से उठाएंगे। 15 नवम्बर को 10 बजे से 2 बजे के बीच हर तहसील मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा इस दौरान समस्त लेखपाल सरकारी काम से दूर रहेंगे।

### जीजा-साले पर पुत्री को भगाने का आरोप

**महोबा।** शहर कोतवाली के एक गांव के ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को 15 अगस्त को गांव का मुखिया उर्फ गिरधारी कुशवाहा और कस्बाथाई निवासी उसका जीजा लवकेश बहलाकर ले गया था, जिसे बाद में घर छोड़ गया था। लोकलाज के भय से वह चुप रहा। 11 नवंबर को फिर बाइक से दोनों आए और पुत्री को साथ ले गए। उसका पता नहीं चल रहा है। बेटी घर से पांच हजार रुपये, सोने के जेवर भी साथ ले गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# एसआईआर: चार दिसंबर तक भरे जाएंगे गणना प्रपत्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह अभियान 4 दिसंबर तक बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से सभी को गणना प्रपत्र वितरित किया जाएगा, ताकि सभी मतदाता फार्म भरकर समय से जमा कर सकेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि गणना प्रपत्र का प्रथम भाग आंशिक रूप से भरा हुआ होगा, जिसमें मतदाता का नाम, इपिक संख्या, भाग संख्या, क्रम संख्या, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम एवं राज्य की प्रविष्टियां पहले से ही भरी होंगी और पहले से फोटो भी मुद्रित होगी। गणना प्रपत्र में सभी को मांगी गई सूचना भरनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि जन्मतिथि, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, पिता/ अभिभावक का नाम, पिता या अभिभावक का इपिक संख्या, माता का नाम, माता का इपिक संख्या, पिता या पत्नी का नाम, पति या पत्नी का इपिक संख्या यदि उपलब्ध हो, गणना प्रपत्र में पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2003 की निर्वाचक नामावली का विवरण भी भरा जाना है।

**यह ब्यौरा भरना होगा**

- निर्वाचक का नाम
- इपिक संख्या
- संबंधी का नाम
- संबंध
- जिला, राज्य
- विधानसभा क्षेत्र का नाम
- विधानसभा निर्वाचन की संख्या
- भाग संख्या और क्रमांक संख्या

## समझौता न करने पर किया अधमरा

**महोबा।** अजनर थाने के रावतपुरा खालसा गांव में दबंगों ने समझौता न करने पर अधिवक्ता पर हमला कर घायल कर दिया। कोर्ट के आदेश पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रावतपुरा खालसा के अधिवक्ता कुलदीप पाठक ने बताया कि अगस्त में गांव नत्थू उर्फ भूपेंद्र, अशोक मिश्रा, रामनरेश सुल्लेरे, धर्मेंद्र राजपूत, रामसेवक, राजू ने गांव से आते समय घेरकर लाठी-डंडों से पीटा था। इसकी शिकायत पुलिस से की थी, जिसमें ये सभी लोग समझौते का दबाव बना रहे थे। दो दिन पहले फिर पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो सीजेएम कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर अजनर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। अब दबंग फिर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# सर्दी की दस्तक, बनने लगे रजाई-गद्दे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शहर में फुटपाथ पर जगह-जगह शुरू हुआ रजाई-गद्दे का काम
- सर्दी में रजाई-गद्दा की तगाई से महिलाओं को मिला रोजगार


शहर में फुटपाथ पर रजाई-गद्दा तैयार करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सर्दी की दस्तक के साथ ही रजाई-गद्दे का काम शुरू हो गया है। जहां एक तरफ रजाई-गद्दों के कपड़े की खरीद शुरू हो गई है, वहीं दूसरी तरफ रुई बेचने वालों के साथ रजाई-गद्दे भरने और तगाई वालों को काम मिल गया है। चार घंटे में रजाई-गद्दे तैयार कर ग्राहकों को दिए जा रहे हैं।

नवम्बर माह में सड़क के किनारे रजाई-गद्दों का कारोबार सज गया है। शहर में कई स्थानों पर फुटपाथ पर फट्टा बिछाकर रुई बेचने, धुनकाई करने और भराई के तगाई का काम शुरू हो गया है। कुछ लोग रुई धुनकने की मशीन लगाकर काम कर रहे हैं, जिससे जो काम हाथ से आधा घंटे में होता है, वह मशीन से 10 मिनट में पूरा हो जाता है। लोग बाजार से रुई खरीदने के बाद मशीन से तैयार करने के बाद रजाई-गद्दा भरने के लिए सड़क के किनारे बैठे लोगों को दे रहे हैं। रजाई-गद्दा की तगाई में सबसे ज्यादा महिलाएं लगी हैं।

इस काम में अधिकांश मंसूरी समाज के लोग लगे हैं। इस समाज के लोग परिवार के साथ रजाई-गद्दे भरने, तागने से लेकर रजाई तैयार करने में जुटे रहते हैं। तीन चार माह में पूरे परिवार के साथ काम करने पर वह लोग साल भर के खानपान का इंतजाम कर लेते हैं, लेकिन अब रजाई गद्दा का कारोबार कुछ ठंडा पड़ गया है और उनके काम में कमी आई है। एक दशक पहले तक यह काम सर्दी के मौसम में बड़ी तेजी से चलता था, लेकिन अब रजाई तैयार कराने के प्रति लोगों का रुझान कम हो गया है। लोग रजाई भरवाने की बजाय कंबल खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं।

**कंबल का चलन बढ़ने से रजाई का धंधा ठंडा**

- कंबल के बढ़ते चलन से रजाई का कारोबार ठंडा पड़ रहा है। रजाई की जगह कम्बल ने ले ली है, जिसकी वजह से रजाई तैयार करने वालों का काम 50 फीसदी घट गया है। ज्यादातर लोग कपड़ा-रुई खरीदने, फिर रजाई भरवाने और उसे तगवाने के झमेले से बचने के लिए बाजार से कंबल खरीदकर सर्दी का इंतजाम कर लेते हैं, जिससे इस कारोबार से जुड़े लोगों का काम मंदा हो गया है।

# ट्रक पलटने से दो घंटे जाम रही खजुराहो रोड, जूझते रहे लोग

## बीच सड़क पर ट्रक पलटने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस के पहुंचने और क्रेन से ट्रक हटाने के बाद खुला जाम
- बसों और चार पहिया वाहनों पर सवार लोग खासे परेशान रहे


महोबा-खजुराहो रोड पर लगा रहा लंबा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महोबा-खजुराहो रोड पर शाहपहाड़ी गांव के पास ट्रक पलट जाने से दो घंटे तक भीषण जाम लगा रहा। जाम की वजह से आधा सैकड़ा से अधिक चार पहिया और बड़े वाहनों के फंस जाने से आवागमन बाधित रहा। बसों और चार पहिया वाहनों में सवार यात्री खासे परेशान रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन से सड़क पर पड़े ट्रक को हटवाया, इसके बाद आवागमन बहाल हो सका। जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर मध्य प्रदेश के प्रकाश बम्हौरी गांव गिट्टी भरने जा रहा ट्रक रात में असंतुलित होकर शाहपहाड़ी गांव से एक किलोमीटर आगे पलट गया, जिससे चार पहिया और बड़े वाहनों का आवागमन ठप हो गया। जाम की वजह से बुधवार सुबह से गिट्टी लेने के लिए आने-जाने वाले ट्रकों की लंबी लाइन लग गई। उधर, खजुराहो और लवकुश नगर से महोबा की ओर आने वाले तमाम वाहन सड़क पर खड़े हो गए, जिसके चलते लंबा जाम लग गया।

बुधवार सुबह साढ़े सात बजे से जाम बढ़ गया। जाम के चलते महोबा से लवकुश नगर, चंदला, खजुराहो की ओर आने-जाने वाले तमाम यात्री जाम में जूझते रहे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को हटवाकर जाम खुलवाया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे जाम खुलने के बाद महोबा-खजुराहो रूट पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। जाम में फंसे छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्गों ने राहत की सांस ली। जाम की वजह से ट्रक देर से क्रशरों पर पहुंच सके। विलंब से पहुंचने के बाद चालकों ने क्रशरों में गिट्टी लोडिंग का काम शुरू कराया। जाम के चलते दो पहिया वाहन चालकों और ई रिक्शा चालकों को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। जाम के चलते लोग खासा परेशान रहे।

# महोबा-खजुराहो रोड के बॉर्डर पर बनेगा द्वार, बिजली भी चमकेगी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 154.19 लाख रुपये की लागत से खजुराहो मार्ग पर बनेगा गेट
- जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण 31 जनवरी तक पूरा होगा काम


जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने बुधवार को कार्यों का निरीक्षण किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खंड) की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्यों का जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने अभियंताओं की मौजूदगी में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लवकुश नगर अन्य जिला मार्ग, महोबा-खजुराहो मार्ग पर गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य 154.19 लाख रुपये कराया जाना है, जिसका कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि यह कार्य 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

डीएम ने इसके बाद कबरई-पहरा मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण कार्य का निरीक्षण किया। 1820.92 लाख रुपये की लागत से 9.300 किमी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य पूर्ण करने की तिथि 3 अप्रैल 2026 है, जिसमें 6 किमी तक बिटुमिनस, डीबीएम का कार्य किया गया है। अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि मार्ग पर पोल शिफ्टिंग एवं मार्ग के किमी 11 में इन्टर स्टेट गेट का निर्माण भी किया जाएगा।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कार्यों की प्रगति बढाकर अतिशीघ्र निर्माण कार्यो को पूर्ण किये जाने के लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाशत नहीं की जाएगी। पूर्व में जो समय सीमा निर्धारित की गई है, उसी तिथि के अंदर निर्माण कार्य पूरा किया जाए। कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

# पुलिस ने छापेमारी में नकली खाद की 117 बोरियां पकड़ीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा


नकली खाद देखते कृषि विभाग के अधिकारी और पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में नकली खाद की शिकायत पर कृषि विभाग और पुलिस की टीम ने नकली खाद भरते हुए रंगे हाथों आधा दर्जन लोगों को गिरफतार कर लिया। पुलिस ने बड़ी संख्या में नकली खाद की बोरी रेपर ट्रैक्टर और पैकिंग मशीन भी जब्त कर ली। इस कार्रवाई से नकली खाद कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

कृषि विभाग की शिकायत पर पुलिस ने थाना कबरई के रिवई गांव स्थित एक ढाबा पर छापामार कार्रवाई की। जहां पर चार लोग नकली खाद को असली कम्पनी की बोरियों में पैक कर बेचने की तैयारी कर रहे थे। तभी पुलिस ने छापामार कर 117 नकली खाद की बोरी, 70 खाली रैपर, 52 कच्ची बोरियां और एक ट्रैक्टर के साथ एक पैकिंग मशीन बरामद कर ली।

छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को नकली खाद तैयार करते हुए गिरफतार कर लिया, अब उनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश सिंह ने बताया कि छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

## किशोरी का 12 दिन बाद भी सुराग नहीं

**कालपी (जालौन)।** क्षेत्र के एक गांव से लापता हुई किशोरी का 12 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर उसकी हत्या की आशंका जाहिर की है।

महेवा ब्लाक क्षेत्र की 16 वर्षीय किशोरी 29 सितम्बर की रात गायब हो गई थी। परिजनों ने 30 सितम्बर को कानपुर देहात के मूसानगर थाना क्षेत्र के सरौठा निवासी अशोक के खिलाफ भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया था, लेकिन 12 दिन बाद भी उसका कोई पता नहीं है। बुधवार को परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आशंका जताई कि पुत्री की हत्या की जा सकती है। उसने आरोपी के रिश्तेदार पर भी घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। कोतवाल अजय ब्रम्ह तिवारी का कहना है कि पुलिस शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार करेगी।

# गर्भ में पल रहे शिशु को प्रभु श्रीकृष्ण ने बचाया

कार्यालय संवाददाता, महोबा


कथा सुनाते राधेश्याम दास महाराज।


श्रीमद्भागवत कथा की अमृतवर्षा से सराबोर हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कथावाचक राधे श्याम दास महाराज वृंदावनधाम में महाभारत का वृतांत सुनाया। बुधवार को ऐतिहासिक धौंसा मंदिर में भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास में बताया कि अश्वस्थामा ने पांडवों की अंतिम निशानी उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु को नष्ट करने के लिए ब्रम्हास्त्र का प्रयोग किया। लेंकिन उत्तरा ने भगवान कृष्ण को ध्यान और भाव से पुकारा, भगवान कृष्ण प्रकट होकर उत्तरा के गर्भ में प्रवेश करके उसके पुत्र के रूप में पल रहे पुत्र पारीक्षत की रक्षा की।

कथा व्यास राधे श्याम दास महाराज ने कहा कि गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वथामा सरोवर में घायल दुर्योधन के पास अपनी सहानुभूति लेकर गया। दुर्योधन से बचन देता है, कि आज रात्रि में पांचों पांडों का वध कर दूंगा। दुर्योधन ने शर्त रखी कि पांचो पांडो के सर काटकर मेरे पास लाना। अश्वथमा पांडों के शिविर में पहुंचता है और पांचों पांडो के सोते हुए पांच सर काट दिए। कटे सिर लेकर दुर्योधन के पास जाता है, कहता है कि राजन मैने अपनी हार का बदला ले लिया है।

कथावाचक ने आगे बताया कि दुर्योधन ने पहले भीम का सिर मांगा, जैसे ही दुर्योधन ने भीम का सिर दबाया वह सिर गैंद की तरह टूट गया। दुर्योधन ने आश्चर्य किया कि इतना बलसाली भीम का सिर इतना कमजोर कैसे हो सकता है। सूर्य की रोशनी में जैसे ही उसने देखा कि वह सिर पांडो के नही है किसी किशोर अवस्था के बच्चों के है। दुर्योधन ने अश्वथामा को धिक्कारा कि तूने मेरे वंश का नाश कर दिया है। मैने पांडों के सिर लाने को कहा था बच्चों के नही। घृणा, निराशा से भरे अश्वथामा ने पांडों की अंतिम निशानी उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु पर ब्रम्हास्त्र चला दिया, लेकिन उत्तरा ने श्री कृष्ण का ध्यान किया उसके पुत्र को श्री कृष्ण ने नष्ट होने से बचा लिया।

# बड़ी बहन से विवाद पर बालक ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शहर के सत्तीपुरा मोहल्ले में घटना के बाद मचा हड़कंप
- परिवार वालों ने फौरन अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

**अमृत विचार।** शहर के सत्तीपुरा मोहल्ले में बड़ी बहन से विवाद के बाद छोटे भाई ने घर में फंदा लगा लिया। परिजनों की नजर पड़ते ही चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों ने फौरन फंदा खोलकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज चल रहा है।

शहर के सत्तीपुरा निवासी पुष्पेंद्र (13) का बुधवार को अपनी बड़ी बहन से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बहन ने भाई को खरी खोटी सुना दी, जिससे नाराज होकर उसने कमरे में जाकर रस्सी का फंदा डाल लिया। उसी समय घर के लोगों ने उसे देख लिया तो फंदे से नीचे उतारने के बाद फौरन उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार होता न देख डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

बताते हैं कि झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के बाद उसकी हालत में अब कुछ सुधार बताया जा रहा है। भाई की हालत गंभीर होने पर बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में सन्नाटा पसरा हुआ है। बेटे के फांसी लगाकर जान देने का प्रयास करने से मां बेहाल है। परिवार के लोग अस्पताल में ही मौजूद हैं।

**दुरुस्तीकरण** | जोल्हूपुर के अंडरपास से नहीं गुजर पा रहे भारी वाहन, जाम में जूझते लोग

# ओवरब्रिज बंद, अंडरपास में लगा जाम

संवाददाता, कालपी (जालौन)


जोल्हूपुर के अंडरपास में जाम लगने से फंसे वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लंबे समय से क्षतिग्रस्त जोल्हूपुर ओवरब्रिज में दुरुस्तीकरण का काम शुरू हो गया है। इसके लिए ब्रिज से यातायात बन्द कर दिया गया। ऐसे में कदौरा रोड जाने वालों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। अंडरपास का रास्ता संकरा होने से जाम की स्थिति बन रही है।

वर्ष 2018 में रेलवे की क्रासिंग से उत्पन्न होने वाली अव्यवस्था से निपटने के लिए ओवरब्रिज बनाने की शुरुआत हुई थी लेकिन लगभग 7 वर्ष बीत जाने के बाद उसका निर्माण पूरा नहीं हो सका था, जिसके चलते गत वर्ष यातायात के लिए एक लेन से ही यातायात शुरू कर दिया गया। लेकिन ओवरलोडिंग के चलते यह ओवरब्रिज एक वर्ष से कम समय में ही क्षतिग्रस्त हो गया। अब उसकी मरम्मत की कवायद शुरू हुई है। इसके चलते लगभग 15 दिनों के लिए इस ओवरब्रिज से यातायात रोक दिया गया है और कदौरा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों के लिए इटौरा आटा मार्ग चालू किया गया है लेकिन उक्त रोड की भी हालत ठीक नहीं है, जिससे यातायात व्यवस्था बदहाल हो गई है। हालांकि प्रशासन द्वारा छोटे तथा हल्के वाहनों के लिए रेलवे अन्डरपास को बैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है लेकिन उक्त रोड पर रोक के बाद भी भारी वाहनों का प्रवेश हो रहा है जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे कदौरा की तरफ जाने वाले वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जोल्हूपुर के प्रधान प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह सेंगर के अनुसार वाहनों की कतार लगी रहने से ग्रामीणों को अपने घरों तक पहुंचने में भी मशक्कत करनी पड़ रही है। काशीखेरा निवासी आजाद भगत सिंह व कल्लू सिंह नेता के अनुसार उनका गांव जोल्हूपुर से महज 3 किमी है पर वहां तक पहुंचने में घण्टों का समय लग रहा है। कोतवाल अजय ब्रम्ह तिवारी ने बताया कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए जोल्हूपुर तथा काशीरामपुर तिराहे पर पुलिस बल तैनात किया गया है जो यातायात को नियंत्रित कर रहा है। उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सभी लोगों से व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है जिससे ओवरब्रिज के दुरुस्तीकरण का कार्य समय से किया जा सके।

# फॉर्मर रजिस्ट्री के बिना नहीं मिलेगी डीएपी खाद

संवाददाता, कालपी (जालौन)

- अभी तक 60 फीसदी किसानों ने ही कराई अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री

**अमृत विचार।** जिन किसानों ने अभीतक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है वह सावधान हो जाएं। अन्यथा की स्थिति में शासन की योजनाओं से वंचित हो सकते हैं फिलहाल अभी खाद वितरण पर रोक लगाने की तैयारी चल रही है।

इस योजना को चालू हुए कई माह बीत चुके हैं पर अभी तक महज 60 प्रतिशत किसानों ने ही अपनी जमीन को आधार कार्ड से जोड़ा है। प्रशासनिक अधिकारी गांव-गांव दौरा कर रजिस्ट्री की हकीकत देख किसानों को जागरूक भी कर रहे हैं, लेकिन बड़ी संख्या में किसान इसके प्रति गम्भीर नहीं हैं। अब शासन ने सहकारी समितियों तथा संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं कि बगैर फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को डीएपी खाद बिल्कुल न दी जाए। जिसके चलते बुधवार को बड़ी संख्या में किसानों को खाद बिक्री केन्द्र से बैरंग लौटना पड़ा। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार खाद वितरण पर रोक नहीं लगाई गई है बल्कि खाद बिक्री करने वाले संस्थानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया है। वहीं उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री सभी किसानों के लिए अनिवार्य है। इससे शासन की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सकेगा। सभी किसान समय से जनसेवा केन्द्रों पर अपना पंजीकरण करा लें। जिससे उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

न्यूज ब्रीफ

### बालिकाओं को पढ़ाएं

**चित्रकूट।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था के प्रोजेक्ट जागृति के तहत ग्राम कौहारी माफ़ी और परसौजा इंटर कालेज में जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह जैसी कुरीतियों का विरोध करने, पुत्र-पुत्रियों में भेदभाव न करने को कहा। मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य पंकज सिंह, सराफत खान और प्रबंधक कुलदीप यादव आदि मौजूद रहे।

### राजकीय संप्रेक्षण गृह में हुई स्पर्धा

**चित्रकूट।** कान्कलेव आन जस्टिस फार चिल्ड्रेन के तहत राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने की। सह-परिवीक्षा अधिकारी अंजना पोडवाल, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड अर्चना श्रीवास्तव, शिवशंकर त्रिपाठी मौजूद रहे। संचालन संगीत प्रशिक्षक मूलचंद ने किया।

### ग्राम पंचायतों को बनाएं बाल हितैषी

**रामनगर (चित्रकूट)।** ब्लाक बाल कल्याण समिति की बैठक में खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता ने बच्चों का संरक्षण करने के उद्देश्य से गांवों को बाल हितैषी पंचायत बनाने को कहा। बैठक में डा. देवेंद्र मणि, एडीओ विनय कुमार गौड़, एडीओ पंचायत अनुराग पांडेय, पूजा यादव चाइल्ड राइट एसोसिएट, कमलेश रैकवार संस्था मैनेजर आदि के साथ ग्रामीण मौजूद रहे। बाल संरक्षण अधिकारी डा. सौरभ सिंह ने योजनाओं की जानकारी दी और लाभार्थियों के चयन के निर्देश दिए।

### परिवार परामर्श केंद्र ने दंपती में कराई सुलह

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र में दंपती में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया गया। शिवानी केशरवानी पुत्री सालिकराम निवासी ओबरी थाना बरगढ़ ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर ससुरालीजनों पर आरोप लगाए थे। एसपी के निर्देश पर केंद्र प्रभारी रंजना तिवारी, आरक्षी रजनी सिंह, आरक्षी मंजूलता पाल, पुलिस काउंसलर डा. सुरेशचंद्र जायसवाल ने दोनों पक्षों को समझाया। दंपती विवाद भूलकर साथ रहने पर राजी हो गए।

### युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने की नीलांशु से मुलाकात

**सीतापुर (चित्रकूट)।** युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष वरुण गुर्जर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अंकदेव सिंह दिग्गी, मंडल अध्यक्ष बिरसिंहपुर पंकज शुक्ला और मंडल अध्यक्ष बरोंधा महेंद्र यादव आदि ने कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी से भेंट की। मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ने इनको जमीनी स्तर पर युवाओं के बीच जाकर उनकी बात सुनने एवं समस्याओं पर चर्चा करने के निर्देश दिए।

### बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को बीट प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में थाना/चौकियों में तैनात पुलिस अधिकारियों की बीट बुक को चेक किया गया एवं बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाए जाने के लिए निर्देश दिए गए। एसपी ने पुलिस रेगुलेशन के अनुसार कानून व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण के लिए विस्तृत रूप से बताया।

# सेवानिवृत्त एसआई की गुहार, सीआईडी करे बेटे की मौत की जांच

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को अपने ही महकमे पर भरोसा नहीं। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उन्होंने अपने मृत बेटे की मौत की जांच सीबीआई, सीआईडी या किसी दूसरे जनपद के पुलिस अधिकारी से कराने की गुहार की है। उनका कहना है कि पत्नी और ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर बेटे ने आत्महत्या कर ली अब ससुरालीजन उनको परेशान कर रहे हैं। विवेचक भी विपक्षी के प्रभाव में हैं और उनसे उनको न्याय की उम्मीद नहीं।


राजकुमार (फाइल फोटो)।

मूल रूप से रैपुरा निवासी और वर्तमान में कर्वी माफी में रह रहे शंभू दयाल सिंह पटेल ने बताया कि उनके बेटे राजकुमार उर्फ अंकित ने पत्नी, सास-ससुर और बाबा के उत्पीड़न से तंग आकर दो मार्च को ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। बाद में एकतरफा समझौता कराकर 9 लाख रुपये भी ले लिए। अब ये लोग प्लाट, पूरी संपत्ति में हिस्सा और पांच लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने एसपी को तहरीर दी थी, जिसके आधार पर कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट भी दर्ज हुई। प्रारंभिक विवेचना एसआई सत्यमपति त्रिपाठी ने की। आरोप लगाया कि बेटे के ससुरालीजनों ने एसआई से पूर्व पहचान का लाभ उठाकर जांच को प्रभावित करा लिया। रिटायर्ड


सेवानिवृत्त एसआई शंभू दयाल।

एसआई का कहना है कि जबकि उन्होंने अपने पक्ष में कई गवाह और सबूत भी पेश किए।

जब विवेचक ने ध्यान नहीं दिया तो उन्होंने इस संबंध में शिकायत भी की। बताया कि एसआई त्रिपाठी के तबादले के बाद आए एसआई रामअधार सिंह यादव को विवेचना मिली। आरोप लगाया कि विपक्षी ने अपनी पहुंच का लाभ उठाकर जांच एसआई रमेश सिंह यादव को दिला दी। दावा किया कि हालांकि इस संबंध में कुछ आडियो लीक होने के बाद एसपी ने विवेचना की जिम्मेदारी क्राइम इंस्पेक्टर अजीत कुमार पांडेय को दे दी। आरोप लगाया कि पूर्व की तरह अपनी पहचान का फायदा उठाकर उनके विपक्षी और बेटे के ससुर ने इनको भी प्रभावित कर लिया। बेटे के ससुर ने अपनी बेटी से उनके साथ कई लोगों पर बांदा में फर्जी रिपोर्ट भी दर्ज कराई, जो जांच के बाद झूठी मिलीं। इसके बाद भी कथित झूठी शिकायतें की जा रही हैं।

#### समझौते का बनाया दबाव

- रिटायर्ड पुलिस अधिकारी का आरोप है कि एसआई पांडेय ने उनको फोन कर विपक्षी से समझौता करने और फाइनल रिपोर्ट लगाने की स्वीकृति देने का दबाव डाला। अजीत कुमार रैपुरा में प्रभारी रह चुके हैं और विपक्षी से उनका भी परिचय है। आरोप लगाया कि एसआई अजीत कुमार ने उनको आफिस बुलाकर अपमानित किया और कहा कि वह लिखित बयान, आडियो और अन्य साक्ष्य नहीं मानते। धमकी दी कि वह उनको और उनकी पत्नी को फर्जी मुकदमे में फंसा देंगे। उनकी पत्नी हृदय रोग से पीड़ित है और मानसिक तनाव में है। उधर, इस संबंध में एसआई अजीत कुमार पांडेय से बात करने की कोशिश की गई पर बात नहीं हुई।

#### हमारी तो कोई गलती नहीं : विजय शंकर

- इस संबंध में अंकित के ससुर बदौसा (बांदा) निवासी विजयशंकर पटेल उर्फ गुड्डा ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। कहा अगर उनकी गलती पाई जाए तो हर सजा कबूल है। उनका दामाद मानसिक रूप से बीमार था। उनकी बेटी को अबतक शादी में हुए खर्च के अलावा एक रुपया नहीं दिया गया। पता नहीं कौन शंभूदयाल को भड़का रहा है। मामले की जांच चल रही है, साफ हो जाएगा कि कौन सच बोल रहा है और कौन गलत।

#### जांच में सहयोग नहीं कर रहे शंभू दयाल : एसपी

- एसपी अरुण कुमार सिंह ने कहा शंभूदयाल उनके पास आए थे। मुकदमा पंजीकृत है। तीन बार शंभूदयाल के कहने पर विवेचना पहले सत्यम फिर रमेश और अब क्राइम ब्रांच को सौंपी है। अब यह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। यह खुद दरोगा रहे हैं। इनको साक्ष्य देने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अब सीआईडी से जांच करवानी है तो उसकी दूसरी प्रक्रिया है। पैसे व अन्य आरोप गलत और निराधार हैं।


अस्पताल में भर्ती वृद्ध किसान।

## खेत की रखवाली कर रहे किसान को पीटा, भर्ती

**चित्रकूट।** पाठा के बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के कैलहा गांव में एक वृद्ध की अज्ञात बदमाशों द्वारा पिटाई की खबर है। बताया जा रहा है कि किसान शिवप्रसाद उर्फ कल्लू यादव फसल की रखवाली के लिए खेत में था। मंगलवार की रात लगभग एक बजे असलहों से लैस पांच बदमाशों ने वहां पहुंचकर उसे मारापीटा। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# गुणवत्तापूर्ण, समय से करें विकास कार्य, डीएम ने परखी व्यवस्था

## वाल्मीकि आश्रम के कामों पर दिए निर्देश, 1120.79 लाख रुपये का है बजट

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर के निकट हो रहे विकास कार्यों का औचक मुआयना किया। डीएम ने कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि काम गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा में करें। डीएम ने पर्यटक सुविधा केंद्र, बगरेही में सांस्कृतिक केंद्र के भवन निर्माण कार्य को देखा। ये काम यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड बांदा द्वारा कराए जा रहे हैं।

पर्यटक सुविधा केंद्र के लिए 1120.79 लाख की स्वीकृति दी गई है। इसके सापेक्ष कार्यदायी संस्था को दो किस्तों में 1049.47 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केंद्र के लिए 1303.47 लाख रुपये की स्वीकृति है। कार्यदायी संस्था को पांच किस्तों में 1232.97 लाख अवमुक्त किए गए हैं। डीएम ने उप निदेशक पर्यटन को निर्देश दिए कि वह काम को मौके पर जाकर देखें।


मुआयना करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

**कोठी तालाब का भी किया निरीक्षण :** जिलाधिकारी ने कोठी तालाब के सुंदरीकरण का भी निरीक्षण किया। इसके लिए पर्यटन अनुभाग लखनऊ ने 226.73 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। कार्यदायी संस्था को प्रथम किस्त के रूप में 181 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। तालाब की रिटेनिंग वाल कुछ हिस्से में गिरी हुई पाई गई। इस पर कार्यदायी संस्था ने अवगत कराया कि दीवार में क्रैक आ जाने से इसे गिराया गया है। शीघ्र ही निर्माण कराया जाएगा। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर को निर्देशत किया कि यहां भरे पानी की निकासी तथा सफाई आदि का प्रस्ताव तैयार कराया जाए।

#### डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- **चित्रकूट।** डीएम पुलकित गर्ग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। लोगों की दिक्कतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि भूमि विवादों को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निपटाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, न्यायिक अरुण कुमार मौजूद रहे।

#### आश्रम के आसपास मिली भारी गंदगी

- महर्षि वाल्मीकि आश्रम के समीप प्लास्टिक की थैलियाँ आदि पड़ी थीं और आसपास काफी गंदगी पाई गई। डीएम को बताया गया कि श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे के बाद गंदगी फैला दी जाती है। डीएम ने उप जिलाधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिए कि भंडारा आयोजकों से वार्ता कर उचित स्थान में कूडा आदि का निस्तारण कराया जाए। जिला पंचायतराज अधिकारी को स्थल की समुचित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए जाएं।

## डीएम ने जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बुधवार को जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि नवनिर्मित अभ्युदय कोचिंग हॉल का निर्माण नीति आयोग योजनान्तर्गत कराया गया है, जिसकी कुल लागत 31.88 लाख है। कोचिंग में अध्ययनरत छात्र दीपक द्वारा जिलाधिकारी से सिविल सर्विसेज की तैयारी के दौरान टाइम मैनेजमेंट के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा छात्र/छात्राओं से कहा गया कि सिविल सेवा की तैयारी अच्छी प्रकार से करें। चयन होने के उपरान्त किये जाने वाले कार्य की अच्छी जानकारी भी रखें। कहा कि प्रत्येक दिवस समाचार पत्रों का अध्ययन करें, जिससे देश एवं विदेश में घटित होने वाली दैनिक गतिविधियों की सम्यक जानकारी हो सके। पुस्तकालय में बने हुए शौचालय में समुचित साफ-सफाई नहीं थी। निर्देश दिये गये शौचालय की समुचित साफ-सफाई कराई जाए।

# यातायात सुरक्षा : जरा सी चूक हो सकती जानलेवा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** वशिष्ठ गुरुकुलम सभागार में बुधवार को यातायात सुरक्षा एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नियमों का पालन करने की सलाह दी और साइबर क्राइम की जानकारी दी। चेताया कि जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं, मोबाइल का प्रयोग न करें। बताया कि साइबर क्राइम का शिकार होने पर 24 घंटे के अंदर साइबर अपराध नियंत्रण हेल्पलाइन 1930 में फोन करें। छात्राओं को सलाह दी कि वे अत्याचारों, घरेलू हिंसा एवं सार्वजनिक स्थानों में हो रही छेड़खानी के संबंध में वूमेन हेल्पलाइन



नियमों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

1090 में काल करें। प्राचार्य डा. सतीश त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश में अपराधों में बड़ी गिरावट आई है। आशा की कि छात्र-छात्राएं खुद, घरवालों और पड़ोसियों को जागरूक करेंगी। गोष्ठी के दौरान साइबर सेल प्रभारी शैलेंद्र सिंह, अनिल कुमार सिंह, लवलेश यादव, राहुल यादव, शुभम मिश्रा, मोनिका, अनामिका, आरती वर्मा आदि मौजूद रहीं।

## चलाया चेकिंग अभियान



**मानिकपुर (चित्रकूट)।** दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार धमाके के बाद जिले की पुलिस एक्टिव मोड पर है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को रेलवे स्टेशन मानिकपुर में संदिग्ध लोगों की चेकिंग की। यात्रियों के सामानों की तलाशी ली। जीआरपी थाना प्रभारी वीर सिंह ने बताया कि लगातार चेकिंग की जा रही है।

# टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ दिल्ली जाकर धरना देंगे शिक्षक

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की पहाड़ी शाखा की बैठक बुधवार को बीआरसी में हुई।

ब्लाक अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा हैं, जो उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भी हैं। केंद्र सरकार द्वारा 23 अगस्त 2010 से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों में टीईटी लागू करने के विरोध में दिल्ली


खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

में धरना दिया जाएगा। धरने में सभी पदाधिकारी और शिक्षक सम्मिलित होंगे। पहाड़ी ब्लाक से 100 से अधिक शिक्षक भाग लेंगे। बैठक के बाद खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार को शिक्षकों ने चयन वेतनमान लगाये जाने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम KAMAYANI PANDEY से बदलकर KAMAYANI PANDE रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-BINEET PANDEY, ADD-266 HARI NAGAR FAIZABAD ROAD DIST-LUCKNOW-226016 (U.P.)

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम गलती से प्रियाशू श्रीवास्तव (PRIYANSHU SHRI VASTVA) पुत्र ANIL KUMA SRHIVASTVA निवासी करनपुर बभनान गोंडा हो गया है जबकि मेरा सही नाम PRANSHU SRIVASTAV पुत्र ANIL KUMAR SRIVAS TAV है जो पूर्णतया सत्य है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र तुषार प्रताप सिंह को इसके गलत आचरण के कारण इसे अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी– **वीरेन्द्र प्रताप सिंह नि– 494/140, सराय हसनगंज, डालीगंज, लखनऊ**

**सूचना**

मैंने अपना नाम साफिआ हसन से बदल कर साफिया पत्नी श्री रियाजुल हसन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **साफिया पत्नी श्री रियाजुल हसन निवासी– 465 / 265, हाता सितारा बेगम, ठाकुरगंज, थाना–ठाकुरगंज, लखनऊ**

**सूचना**

मैने अपना नाम गौरव से बदलकर अभय प्रताप सिंह कर लिया है व जन्मतिथि 11/09/1997 है मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों,आधार में अभय प्रताप सिंह के नाम से जाना जाय । **अभय प्रताप सिंह पुत्र निशान सिंह गांव ससोटा दोषपुर पोस्ट अलीगंज जनपद एटा उ0 प्र 0**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **इन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व0 राम चरन सिंह, निवासी 494/106 सराय हसनगंज चरही निराला नगर लखनऊ,** मेरा पुत्र शैलेन्द्र प्रताप सिंह (हैप्पी) जिसके समाज विरोधी गतिविधियों, कार्यकलापों व बर्ताव के कारण मेरी एवं परिवार के सदस्यों की छवि धूमिल करने के कारण उसे अपनी समस्त चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ यदि कोई भी शख्स इनसे लेन–देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का किसी भी प्रकार से देनदार, जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**

मैं **सुबराती पुत्र डल्लू निवासी– ग्राम– पुरैना, थाना– विशेश्वरगंज जनपद बहराइच** का हूँ। मेरा पुत्र फजरे अली आज से 10 वर्ष पूर्व घर से गायब हो गया था जिसका कोई अता पता नहीं है। अगर मेरा पुत्र कहीं भी जीवित हो कोई घटना दुर्घटना करता है। तो उसकी सारी जिम्मेदारी फजर अली की होगी मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**सूचना**

मेरा सही नाम BEERENDRA KUMAR YADAV व पिता जी का नाम HARCHHATH मान्य व सही है । मेरी ड्राइविंग लाइसेंस UP30 20110009057 में त्रुटिवश मेरा नाम VIRENDRA KUMAR YADAV व पिता जी का नाम HARIHAR YADAV अंकित हो गया है जो कि अमान्य व गलत है । **नाम बीरेंद्र कुमार यादव पुत्र हरछठ निवासी ग्राम नारियाखेड़ा पीपरगांव नेवादा अतरौली संडीला हरदोई ।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शिवम उर्फ अशीष कुमार के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **ब्रजेश उर्फ कन्हैयालाल पुत्र रामचन्द्र व ममता उर्फ प्रभा पोरवाल पत्नी ब्रजेश उर्फ कन्हैयालाल, निवासीगण –वंशी –थाना– अछल्दा –तहसील– बिधूना– जिला –औरैया।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **निजाम पुत्र मोहम्मद इदरीस निवासी मोहल्ला शेखपुर थाना व जिला कन्नौज** मेरा बड़ा बेटा अजीम व उसकी पत्नी नाजौ आए दिन मेरे वह मेरे परिवार के साथ घर का बंटवारा कराने के लिए गाली गलौज, गृह क्लेश, मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रताड़ित करते हैं। पुत्र व पुत्रवधू के इन कृत्यों से तंग आकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से इन दोनों को बेदखल करता हूं। अब मेरा वह मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इन लोगों के कृत्यों से भविष्य में कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मुन्नू लाल पुत्र दयाराम निवासी ग्राम मवई रियायक मतौली थाना व जिला कन्नौज** मेरा छोटा पुत्र सूरज कुमार व उसकी पत्नी रिंकी आए दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौज गृह क्लेश करते हैं सूरज ने अपनी मर्जी से रिंकी से विवाह किया है अब वह दोनों हमारे परिवार को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं दोनों के इन कृत्यों से तंग आकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से इन लोगों को बेदखल करता हूं भविष्य में मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इन लोगों के कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा।

हाल बदतर

करोड़ों की लागत से बन रही यमुना रोड पर उठे सवाल

# कैसी बनी है सड़क, पलट रहे वाहन, किसी को चिंता ही नहीं

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** लगभग 14 बरस के लंबे इंतजार के बाद सौ करोड़ से भी ज्यादा लागत से मऊ महिला पुल बन सका। अब अप्रोच रोड से जुड़ी यमुना रोड के निर्माण को लेकर सवालिया निशान उठ रहे हैं। लगभग ठप हो चुके काम के चलते निर्माणाधीन सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ई- रिक्शा, बाइक जैसे वाहन पलट रहे हैं। अक्सर यात्री घायल हो रहे हैं।

स्थानीय निवासी नवल किशोर त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि विभाग इसकी प्रतीक्षा कर रहा है कि कोई हादसा हो। दिन भर गुजरते ओवरलोड वाहनों से बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने


जगह-जगह क्षतिग्रस्त यमुना रोड। अमृत विचार

आशंका जताई कि जल्द गड्ढे न भरे गए तो कुछ भी हो सकता है।

**रोजाना लगता है लंबा जाम :** मऊ महिला पुल बन जाने के बाद अब सड़क की दुर्दशा से बाशिंदों को जाम की समस्या से दोचार होना पड़ता है।

**पीडब्ल्यूडी के अधिकारी नहीं उठाते फोन :** जनपद में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अपनी कथित लापरवाही का जवाब न देना पड़े, इसलिए पत्रकारों का फोन तक नहीं उठाते। इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी के एक्सियन अखिलेश कुमार, सहायक अभियंता श्याम लाल, सहायक अभियंता नीरज सक्सेना, सहायक अभियंता सर्वेश गुप्ता एवं सहायक अभियंता राजधर विश्वकर्मा को फोन किया गया तो शासन के मंशा को धता बताते हुए इन्होंने


क्षतिग्रस्त सड़क पर पलटा ई-रिक्शा और नीचे गिरे यात्री। अमृत विचार

फोन तक नहीं उठाया। समाजसेवी श्रेयांश बाजपेई ने इस कार्यशैली को संवादहीनता एवं लापरवाही की संज्ञा दी है।

**अधीक्षण अभियंता बोले, ठेकेदार को दिए निर्देश :** पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता बांदा सतीश चंद्र रावत ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए स्थानीय ठेकेदार को कहा जा चुका है। गड्ढों के बारे में अवगत कराने पर उन्होंने कहा कि फील्ड की स्थिति को एक्सईएन ही बता पाएंगे। उनसे बात करके ही बताएंगे।



सच्चाई यह है कि अस्तित्व चाहता है कि आपका जीवन एक उत्सव बन जाए, क्योंकि जब आप दुखी होते हैं, तो आप अपने चारों ओर भी दुख फैलाते हैं।
– ओशो

## सफेदपोश आतंक

दिल्ली विस्फोट के नये खुलासों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि यह कई शहरों में धमाके की सुव्यवस्थित आतंकी साजिशी शृंखला की एक कड़ी थी। जांच एजेंसियों द्वारा पकड़े गए आरोपियों में छह डॉक्टरों सहित अनेक उच्च शिक्षित युवाओं का शामिल होना यह बताता है कि आतंकवाद वंचित तबके के साथ ही अब शहरी, शिक्षित, प्रतिष्ठित वर्गों के बीच भी गहरी पैठ बना चुका है। यह सवाल बेहद गंभीर है कि आखिर पढ़े-लिखे, सामाजिक रूप से सफल लोग आतंक के रास्ते पर क्यों उतर रहे हैं? उत्तर है, धर्म के अधूरे घातक ज्ञान के बाद वैचारिक ब्रेनवॉश, ऑनलाइन प्रचार और "डिजिटल रैडिकलाइजेशन" का बढ़ता जाल। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, धार्मिक कट्टरपंथी साइटें और एन्क्रिप्टेड चैट समूह अब आतंक के लिए वही काम कर रहे हैं जो कभी सीमापार प्रशिक्षण शिविर करते थे। अब आतंकी शिविरों जाने की जरूरत नहीं वह खुद ऐसे लोगों तक पहुंच रहा है। इन मंचों पर "युवाओं को यह विश्वास दिलाया जा रहा है कि हिंसा किसी उच्चतर उद्देश्य की पूर्ति का साधन है। भारत में "वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल" का फैलना इसी प्रक्रिया का नतीजा है। ये लोग न तो आर्थिक रूप से मजबूर हैं और न ही सामाजिक रूप से हाशिए पर, परंतु इन्हें आतंकवादी संगठनों द्वारा "इंटेलेक्चुअल कैप" के रूप में सामाजिक साख वाले चेहरे तथा तकनीकी, वित्तीय और नेटवर्किंग सहायता देने वाले सहयोगी के बतौर इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके चलते आतंकी विचार अब विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और आईटी कंपनियों के गलियारों तक पहुंच गया है। इस पूरे नेटवर्क के सूत्र पाकिस्तान तक जाते हैं। गिरफ्तारियों से साफ है कि धन, विस्फोटक और डिजिटल सहायता पाकिस्तान की धरती से संचालित समूहों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से प्राप्त हुई। सैन्य-ग्रेड विस्फोटकों तक पहुंच बना लेना और तीन हजार किलो तक सामग्री जुटा लेना तभी संभव हो सकता है जब इसके पीछे संगठित अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक चैनल हों। यह भारत की खुफिया एजेंसियों के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय है कि इतने बड़े नेटवर्क को सक्रिय होने में इतना समय कैसे मिल गया।

"ऑपरेशन सिंदूर" के बाद यह अपेक्षा थी कि पाकिस्तान को भारत की आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़ की कोई और गुंजाइश नहीं बचेगी, लेकिन हकीकत में उसे उतना सबक नहीं मिला जितनी जरूरत थी। इसका कारण यह है कि भारत की प्रतिक्रिया अक्सर 'घटना के बाद' तक सीमित रहती है, 'घटना से पहले' नहीं। यही हमारी रणनीतिक कमजोरी है। जरूरी है कि गृह मंत्रालय साइबर इंटेलिजेंस को मजबूत बनाते हुए इस पर बहुस्तरीय निगरानी ढांचा स्थापित करें, विश्वविद्यालयों और अस्पतालों जैसे संवेदनशील संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट नियमित रूप से हों, तथा राज्यों के बीच खुफिया समन्वय अनिवार्य बनाया जाए। दिल्ली विस्फोट एक ऐसा आतंकी वारदात है जो हमारी सुरक्षा नीति और ऑपरेशन सिंदूर जैसी पहलों की सीमाओं को उजागर करता है। समय है कि भारत आतंकवाद को केवल सीमा-पार चुनौती न माने, बल्कि उसे "अंदर से पलने वाली" मानसिक और वैचारिक चुनौती के रूप में भी समझे। क्योंकि जब आतंक सफेद कॉलर पहन ले, तब बंदूक से पहले विचार की जंग जीतनी पड़ती है।

### प्रसंगवश

## आतंकवाद की उभरती व्हाइट कॉलर थ्योरी

हाल ही में दिल्ली में लाल किले के पास एक कार में हुए ब्लास्ट से देश एक बार फिर हिल गया है। इस ब्लास्ट के बाद एक बार फिर व्हाइट कॉलर आतंकवाद की थ्योरी सामने आई है। यह थ्योरी आतंकवाद में शामिल बेहद पेशेवर लोगों की पहचान कराती है। आखिर क्या है व्हाइट कॉलर आतंकवाद? सबसे पहले इसे समझने की कोशिश करते हैं। व्हाइट कॉलर आतंकवाद का मतलब उन लोगों से होता है, जो बेहद पढ़े-लिखे और पेशेवर हैं। इनमें कोई डॉक्टर होता है, तो कोई इंजीनियर या फिर मैनेजमेंट का पेशेवर। कहने को तो ये सब लोग बहुत पढ़े-लिखे, डिग्रीधारक और पेशेवर होते हैं, लेकिन इनका असली काम आतंकवाद फैलाना और आतंकी गतिविधियों में शामिल होना है। दिल्ली ब्लास्ट में अब तक जितने भी आरोपी पकड़े गए हैं, उनमें से अधिकतर डॉक्टर हैं। दिल्ली ब्लास्ट के बाद जम्मू-कश्मीर




अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

पुलिस ने जिस आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया है, उससे साफ हुआ है कि देशभर में व्हाइट कॉलर आतंकियों का नेटवर्क बढ़ रहा है। ये लोग शिक्षित होते हैं, अलग-अलग पेशे में होते हैं और आम लोगों के बीच रहकर सामान्य जिंदगी जी रहे होते हैं। असल में व्हाइट कॉलर आतंकियों को सामान्य लोगों से अलग करना मुश्किल होता है। ये आतंकवादी संगठनों की बैकबोन होते हैं। हथियार उठाकर किसी हमले या आतंकी वारदात को अंजाम देने वाले आतंकी जहां सामने होते हैं, वहीं ये व्हाइट कॉलर आतंकी बाकी सारे सपोर्ट सिस्टम का हिस्सा होते हैं। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि टेररिज्म में जो टेरर होता है, वो होते हैं हथियार थामने वाले आतंकी। वहीं इसका जो इज्म है, वह है आतंकियों का पूरा सपोर्ट सिस्टम। इसमें ओवर ग्राउंड वर्कर, आतंकियों के समर्थक और आतंकियों से सहानुभूति रखने वाले लोग भी शामिल होते हैं। व्हाइट कॉलर आतंकी लॉजिस्टिक सपोर्ट देते हैं, जानकारी और संदेश एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाते हैं, फंड जुटाते हैं और पूरे आतंकी संगठन को चलाने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि ये आतंकियों को पीछे से पूरा सपोर्ट देते हैं।

ओसामा बिन लादेन भी व्हाइट कॉलर आतंकी था। वह इंजीनियरिंग का छात्र था। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने अल कायदा बनाया और अमेरिका पर हमला करके पूरी दुनिया को दहला दिया। ओसामा ने अल कायदा में कई पेशेवर लोगों को शामिल किया। इनमें से कई उच्च शिक्षित थे। अमेरिका को उसे खोजने और मारने में दस साल का लंबा समय लगा और आखिरकार उसे पाकिस्तान के एबटाबाद में मार गिराया। इन दस सालों में अमेरिका को बहुत पैसा भी खर्च करना पड़ा। दिल्ली ब्लास्ट में जितने भी लोग पकड़े गए हैं या फिर आगे पकड़े जाएंगे, उनमें से अधिकतर व्हाइट कॉलर आतंकी होंगे। ये सब उच्च शिक्षित और आतंकवाद में उच्च प्रशिक्षित व्यक्ति हैं। इनके आका पाकिस्तान में बैठे हुए हैं। इन लोगों में इतना जहर भरा है कि ये पढ़े-लिखे होने के बावजूद भी किसी को मारने से परहेज नहीं कर रहे हैं।

देश के पहले सीडीएस बिपिन रावत ने कहा था कि हम ढाई मोर्चों पर लड़ रहे हैं। पहला मोर्चा पाकिस्तान है, दूसरा मोर्चा चीन है। ये दोनों मोर्चे स्पष्ट रूप से दिखलाई देते हैं। आधा मोर्चा देश के भीतर है, जो साफ दिखाई नहीं देता। इस मोर्चे को पहचानने की जरूरत है। इसी मोर्चे में व्हाइट कॉलर आतंकी छिपे हुए हैं, जो आपके और हमारे बीच में ही हैं। इन्हें पहचानिए। कुछ भी संदिग्ध लगते ही पुलिस, प्रशासन और सरकार को जानकारी दीजिए। देश की मौजूदा राजनीति हर तरह के आतंकी फन को कुचलने के लिए प्रतिबद्ध है। बस! आम आदमी के जागरूक होने और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। इसके बाद इस आधे मोर्चे से भी निपट लिया जाएगा।

# पुतिन के दौरे के बीच ट्रंप के तेवर ढीले





नवीन गुप्ता
बरेली

23 वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन 4 से 6 दिसंबर के बीच दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से हो रही हैं। इस सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन खुद अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उधर रूसी राष्ट्रपति भवन ने पुतिन के भारत दौरे की पुष्टि की इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर भी भारत को लेकर ढीले होने लगे हैं।

ट्रंप को पता है कि पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच रक्षा के साथ ही कई बड़े समझौते हो सकते हैं। ऐसे में ट्रंप ने भी भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ में कटौती की बात कहकर भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दे दिए हैं। ट्रंप ने तो अगले साल भारत के दौरे पर आने की इच्छा जाहिर की है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि वे चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) की बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच वाले इस संगठन का शिखर सम्मेलन भारत में होना है, लेकिन भारत और अमेरिका के बीच खराब हुए रिश्ते के कारण इसकी तिथि तय नहीं हो पा रही है। वैसे तो क्वाड शिखर सम्मेलन इसी साल होना था, लेकिन ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से उपजे विवाद के बाद इसकी तिथि तय नहीं हो पाई।

> भारतीय युवाओं को रूस में रोजगार देने के लिए मास्को अपने सीमित कोटे को बढ़ाने जा रहा है। साथ ही भारतीय युवा रूस की सेना में शामिल न हों इसके इसके लिए भी शिखर सम्मेलन में बात होगी। भारत के कुशल कामगार मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में रूस में आकर काम करें ऐसा प्रयास रूस कर रहा है।

भारत और रूस के बीच गहरे रिश्ते हैं। इसी रिश्ते को खत्म करने की कोशिश में अमेरिका लगा हुआ है। रूस से तेल का आयात भारत बड़े पैमाने पर करता है। अमेरिका बार-बार आरोप लगाता है कि भारत से मिलने वाली भारी-भरकम धनराशि से ही रूस-यूक्रेन पर हमले कर रहा है। हालांकि भारत लगातार मजबूती से खंडन कर रहा है। यूक्रेन-रूस युद्ध के विरोध में खड़े पश्चिम के कई देश रूस से तेल खरीद रहे हैं। खुद अमेरिका ने हंगरी को रूस से तेल खरीदने की छूट देने के संकेत दिए हैं। रूसी तेल के बहाने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ तोड़ने की अमेरिकी साजिश नाकाम हो गई है, क्योंकि भारतीय कारोबारियों ने सरकार के सहयोग से कई बड़े देशों में न सिर्फ बाजार तलाश लिया, बल्कि वहां पर अपने कई उत्पादों का निर्यात भी शुरू कर दिया। यहां तक हमारा निर्यात चीन में भी बढ़ा है।

अमेरिकी दबाव के बाद भी भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया है, बल्कि कई और रक्षा सौदे भी भारत-रूस के बीच होने जा रहा है। अब अमेरिकी थिंक टैंक को यह महसूस हो गया है कि अगर भारत और रूस की नजदीकी और बढ़ी तो इससे अमेरिका को नुकसान ही है, क्योंकि रूस की वजह से चीन भी भारत के नजदीक तेजी से आ रहा है। भारत और चीन के बीच बढ़े व्यापार ने इसके संकेत दे दिए हैं। दोनों देश आपसी विवाद को तेजी से सुलझा रहे हैं। इन सबके बीच ही रूसी राष्ट्रपति का भारत दौरा तय होना अमेरिकी थिंक टैंक को चिंता में डाल रहा है। अमेरिका इस पर बारीकी से नजर रखेगा। फिलहाल भारत से खराब हुए रिश्ते को सुधारने की दिशा में अब प्रयास करने के संकेत अमेरिका के तरफ से मिलने लगे हैं। उम्मीद है कि इसी माह विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस जा रहे हें। ताकि वहां दोनों देशों के बीच शिखर सम्मेलन का खाका तैयार किया जा सके।

भारतीय युवाओं को रूस में रोजगार देने के लिए मास्को अपने सीमित कोटे को बढ़ाने जा रहा है। साथ ही भारतीय युवा रूस की सेना में शामिल न हों इसके इसके लिए भी शिखर सम्मेलन में बात होगी। भारत के कुशल कामगार मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में रूस में आकर काम करें ऐसा प्रयास रूस कर रहा है। अभी ज्यादातर भारतीय वहां निर्माण और कपड़ा क्षेत्र के उद्योगों में कार्यरत हैं। रूसी श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित कोटे के मुताबिक 2025 के आखिर तक रूस में काम करने वाले भारतीयों की संख्या 70,000 से थोड़ी अधिक हो जाएगी। अब यही कोटा बढ़ाने की बात चल रही है। इस साल भारत ने रूस से बड़े पैमाने पर हीरे और सोने का आयात किया है। भारत को रूस के हीरे का निर्यात बढ़कर 31.3 मिलियन डॉलर हो गया। 2024 के अगस्त में यह मात्र 13.4 मिलियन डॉलर से थोड़े ज्यादा का था। हालांकि इस वर्ष के आठ महीनों में भारत को रूसी हीरे की कुल आपूर्ति में लगभग 40 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई थी। इसे और बढ़ाने की तैयारी चल रही है।

भारत आ रहे रूसी राष्ट्रपति और भारत सरकार के बीच एस-400 व एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम समेत लड़ाकू विमानों की आपूर्ति और भारत में उनके निर्माण आदि मुद्दों पर भी चर्चा होनी है। अमेरिका की कोशिश हैं कि भारत रूस से हथियारों की खरीद कम करे और ज्यादा से ज्यादा हथियार उससे खरीदे, लेकिन भारत अपने विश्वसनीय दोस्त से हथियार, तेल आदि की खरीद में कटौती नहीं करेगा। ऐसे में 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत को परेशान करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तो नहीं झुका सके, लेकिन खुद झुकने के संकेत दे रहे हैं, जो भारत के लिए अच्छी बात है।

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर के शपथ समारोह में ट्रंप की ओर से पहली बार कहा गया कि वे टैरिफ को कम करने वाले हैं, क्योंकि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बात बनने वाली है। इस दौरान वे भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते सुधारने पर भी जोर देते नजर आए, लेकिन उन्होंने रूसी तेल का मुद्दा छेड़ दिया। इन सबके बीच डोनाल्ड ट्रंप ने भारत आने का संकेत दिया है। उनकी यात्रा की तिथि तय होने के बाद क्वाड शिखर सम्मेलन की तिथि भी निर्धारित होगी, क्योंकि ट्रंप सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं।

### आमने सामने



पहले भी कहा था कि 14 तारीख को नतीजे होंगे और 18 को शपथ ग्रहण होगा। यह निश्चित तौर पर होने जा रहा है। भाजपा और एनडीए के पसीने छूट रहे हैं। वोटिंग के दौरान लोग बड़ी कतारों में खड़े थे। मतदान खत्म नहीं हुआ था कि एग्जिट पोल आ गया। ये सर्वे केवल मनोवैज्ञानिक तौर पर जितने भी अधिकारी चुनाव में लगे हुए हैं, उनके दबाव में लाया गया है।
– **तेजस्वी यादव**, राजद नेता

यह चुनाव नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी, नीतीश कुमार व लालू यादव के बीच था। बिहार में विकास व जातीय समीकरण एनडीए के पक्ष में था। एग्जिट पोल बता रहे हैं एनडीए की जीत होगी। विपक्ष ने गलत वोट चोरी का मुद्दा उठाया। प्रशांत किशोर ने विपक्ष का स्पेस लेने की कोशिश की। अब तेजस्वी यादव के पास 48 घंटे हैं, उसके बाद वे कहीं नहीं रहेंगे।
– **राजीव प्रताप रूडी**, बीजेपी नेता



# बम विस्फोटों की दर्दनाक दस्तान, नियंत्रण की चुनौतियां



विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

दिल्ली सहमी हुई है। लाल किले में 10 नवंबर को हुए भीषण बम धमाके के अगले दिन बहुत कम ट्रैफिक चल रहा था। सारी दिल्ली में उदासी का आलम था। पिछले चार दशकों में यहां दर्जनों बम विस्फोट हुए हैं, जिनमें सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए और हजारों घायल हुए। 1985 के ट्रांजिस्टर बम विस्फोटों से शुरू हुई यह श्रृंखला 1996 के लाजपत नगर ब्लास्ट, 2005 के दीवाली पूर्व सीरियल ब्लास्ट, 2008 के दिल्ली सीरियल ब्लास्ट और 2011 के हाई कोर्ट ब्लास्ट तक जारी रही। अब, 10 नवंबर को लाल किले के पास कार बम विस्फोट में 13 लोगों की मौत और दर्जनों घायल होने से एक बार फिर शहर दहल उठा। ये घटनाएं न केवल मानवीय क्षति का कारण बनीं, बल्कि पूरे देश में भय और असुरक्षा की लहर पैदा करती रही हैं। सवाल उठता है कि इतनी उन्नत सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद दिल्ली में इन बम धमाकों पर काबू पाना क्यों इतना कठिन साबित हो रहा है?

दिल्ली में बम विस्फोटों की शुरुआत 1980 के दशक से मानी जा सकती है। 10 मई 1985 को ट्रांजिस्टर बम विस्फोटों ने शहर को हिलाकर रख दिया। इन विस्फोटों में ट्रांजिस्टर रेडियो जैसे दिखने वाले उपकरणों में विस्फोटक भरे गए थे, जो बसों और सार्वजनिक स्थानों पर फटे। दिल्ली में अकेले 49 लोग मारे गए और 127 घायल हुए, जबकि आसपास के राज्यों में कुल मौतें 69 तक पहुंचीं। इन धमाकों की जांच में कई खामियां उजागर हुईं और 2020 में कोर्ट ने 30 आरोपियों को सबूतों की कमी के कारण बरी कर दिया। यह मामला जांच की लापरवाही का उदाहरण बना। इसी करह 29 अक्टूबर 2005 को दीवाली से ठीक पहले पहाड़गंज, सरोजिनी नगर और गोविंदपुरी में तीन सीरियल ब्लास्ट हुए। इनमें 67 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए। लश्कर-ए-तैयबा और इंडियन मुजाहिदीन की संलिप्तता पाई गई। 13 सितंबर 2008 को फिर पांच जगहों पर सीरियल ब्लास्ट- कनॉट प्लेस, ग्रेटर कैलाश, करोल बाग आदि में 30 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए थे। इंडियन मुजाहिदीन ने जिम्मेदारी ली। 7 सितंबर 2011 को दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर ब्रीफकेस बम से 15 मौतें हुईं। इन सभी घटनाओं के अलावा 1997 में करोल बाग, 2000 में रेड फोर्ट के पास, 2006 में जामा मस्जिद आदि में छोटे-बड़े विस्फोट हुए। अब 2025 का लाल किले का ब्लास्ट, जहां एक कार में अमोनियम नाइट्रेट से भरा बम फटा, जैश-ए-मोहम्मद से लिंक और एक डॉक्टर की संलिप्तता सामने आ रही है। ये घटनाएं दिखाती हैं कि दिल्ली आतंकवादियों के लिए 'सॉफ्ट टारगेट' बनी हुई है।

> इन चुनौतियों के बावजूद, हमारी एनएसजी और एनआईए जैसी एजेंसियां मजबूत हुईं। 2011 के बाद बड़े ब्लास्ट कम हुए, जो सुरक्षा की सफलता है, लेकिन सोमवार का ब्लास्ट बताता है कि खतरा बाकी है।

इन पर काबू पाना क्यों कठिन है? पहली बड़ी चुनौती दिल्ली की भौगोलिक और जनसांख्यिकीय स्थिति है। दिल्ली एक घनी आबादी वाला महानगर है, जहां रोजाना लाखों लोग बाजारों, मेट्रो, बसों और सार्वजनिक स्थानों पर आते-जाते हैं। 3 करोड़ से अधिक की आबादी, व्यस्त मार्केट जैसे सरोजिनी नगर, कनॉट प्लेस, चांदनी चौक और पर्यटन स्थल जैसे रेड फोर्ट, यहां सॉफ्ट टारगेट्स की भरमार है। इतनी भीड़ में हर व्यक्ति या वाहन की जांच असंभव है। आतंकवादी जानबूझकर त्योहारों (जैसे दीवाली) या व्यस्त समय चुनते हैं, जब नुकसान अधिक हो।

दूसरी चुनौती इंटेलिजेंस और कोऑर्डिनेशन की कमी है। कई ब्लास्ट्स में पहले चेतावनी मिली, लेकिन एक्शन नहीं हुआ। जैसे 2008 में इंडियन मुजाहिदीन ने ईमेल भेजा था, फिर भी रोक नहीं पाए। दिल्ली पुलिस, एनआईए, आईबी, रॉ जैसी एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी रहती है। राज्य और केंद्र की पुलिस में तालमेल न होने से जानकारी शेयरिंग में देरी होती है। 1985 के ट्रांजिस्टर बम केस में जांच इतनी खराब थी कि 35 साल बाद आरोपी बरी हो गए। सबूतों का संरक्षण, गवाहों की सुरक्षा और फॉरेंसिक जांच में कमियां आम हैं।

तीसरा, विस्फोटकों की आसान उपलब्धता। अमोनियम नाइट्रेट, आरडीएक्स जैसे सामान खाद या इंडस्ट्री में इस्तेमाल होते हैं, लेकिन काला बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। 2025 के ब्लास्ट में भी अमोनियम नाइट्रेट इस्तेमाल हुआ, जो फरीदाबाद में बड़ी मात्रा में बरामद हुआ। बॉर्डर से तस्करी, लोकल सप्लायर्स और ऑनलाइन खरीदारी ने इसे आसान बना दिया है। चौथा, आतंकवाद की बदलती प्रकृति। पहले खालिस्तानी, फिर कश्मीरी अलगाववादी, अब इंडियन मुजाहिदीन जैसे ग्रुप। पाकिस्तान से क्रॉस-बॉर्डर सपोर्ट-फंडिंग, ट्रेनिंग, हथियार जारी है। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर जैसे ग्रुप आईएसआई की मदद से ऑपरेट करते हैं। अब 'व्हाइट कॉलर टेररिज्म' उभरा है, जहां डॉक्टर, इंजीनियर जैसे शिक्षित लोग रेडिकलाइज होकर शामिल हो रहे हैं। पांचवीं, तकनीकी और मानवीय संसाधनों की कमी। सीसीटीवी तो लगे हैं, लेकिन पूरे शहर में कवरेज नहीं। ड्रोन, एआई बेस्ड सर्विलांस सीमित है। पुलिसकर्मियों की संख्या अपर्याप्त, ट्रेनिंग पुरानी। राजनीतिक इच्छाशक्ति भी कमजोर पड़ती है- चुनावी मौसम में सख्ती, फिर ढील।

इन चुनौतियों के बावजूद, हमारी एनएसजी और एनआईए जैसी एजेंसियां मजबूत हुईं। 2011 के बाद बड़े ब्लास्ट कम हुए, जो सुरक्षा की सफलता है, लेकिन सोमवार का ब्लास्ट बताता है कि खतरा बाकी है। ये विस्फोट न केवल जान लेते हैं, बल्कि देश की एकता पर चोट करते हैं। समय आ गया है कि हम इनसे सबक लें और दिल्ली को वाकई सुरक्षित बनाएं। निर्दोषों की मौतें बंद होनी चाहिए।

### सोशल फोरम

## जीवन का श्वास है संवाद

एक बार किसी को नकार देना एक पूरे संसार का दरवाजा बंद कर देना होता है। इस नकार का असर हमेशा ठंडा होता है, जैसे किसी जीवित शरीर में धीरे-धीरे मृत्यु उतर रही हो। नकार के बाद जो बचता है, वह संवाद का शव होता है-बिना आवाज, बिना हरकत, बिना उम्मीद के। मनुष्य का अस्तित्व संवाद में ही जीवित रहता है। हम जब किसी की बात सुनते हैं, तो हम उसके साथ एक अदृश्य सेतु बनाते हैं। ऐसा पुल जिस पर से दोनों ओर की चेतनाएं चल सकती हैं, लेकिन जब किसी की बात को ठुकरा दिया जाता है, जब यह कहा जाता है कि "बस, अब और नहीं," तो वह सेतु ढह जाता है। दोनों किनारे एक-दूसरे से कट जाते हैं।



मनोज अभिज्ञान
ब्लॉगर

वहीं शुरू होती है ठंडक- मृत्यु जैसी, लेकिन जीवित शरीर में। नकार का मतलब सिर्फ किसी विचार या राय को अस्वीकार करना नहीं होता, बल्कि यह कहना भी होता है कि "तुम्हारी अनुभूति मेरे लिए अप्रासंगिक है, तुम्हारा अनुभव असत्य है, तुम्हारी दृष्टि का मेरे लिए कोई मूल्य नहीं।" यह अदृश्य हिंसा है, जो शब्दों के बिना भी किसी के स्व को घायल कर सकती है। उस क्षण, जब किसी को पूरी तरह नकार दिया जाता है, वह खुद से संवाद खो देता है। उसे लगता है जैसे उसकी भाषा व्यर्थ थी, जैसे उसकी चेतना ही गलत थी। कई बार लोग सोचते हैं कि किसी बात को नकार देना दृढ़ता है, निर्णय लेने की शक्ति है, लेकिन सच में, यह कई बार संवेदना की मृत्यु होती है। धीरे-धीरे हम ऐसे बन जाते हैं, जिन्हें अब कुछ भी नया छू नहीं पाता। नकार में अजीब सी आत्मरक्षा होती है, जैसे हम किसी दूसरे के सत्य से डरते हों। क्योंकि किसी को सुनना, किसी के दृष्टिकोण को स्वीकार करना, अपने विचारों को अस्थिर होने देना है। यह साहस मांगता है, लेकिन जब हम कहते हैं "नहीं, बस इतना ही सही है," तो हम अपने विचारों को कांच की तरह जड़ बना लेते हैं-साफ, लेकिन नाजुक और जब जीवन अपनी अनिश्चितताओं के साथ टकराता है, तो यह कांच टूट जाता है। संवाद जीवन का श्वास है। वह चलता रहे, तो मनुष्य जीवित है। वह रुक जाए, तो चाहे शरीर सांस ले रहा हो, भीतर कुछ मर चुका होता है। कभी-कभी यह नकार किसी विवाद का हिस्सा होता है, कभी किसी रिश्ते का। इसलिए हर बार जब मन करे किसी को नकार देने का, किसी बात को, किसी व्यक्ति को, तो थोड़ा ठहर जाना चाहिए। क्योंकि हर नकार के पीछे एक अपूर्ण संवाद छिपा होता है। संवाद, चाहे जितना कठिन हो, मृत्यु से हमेशा बेहतर होता है। जीवन का अर्थ जीतने या साबित करने में नहीं, बल्कि सुनने और समझने में है। नकार जहां खत्म होता है, वहीं से विनाश शुरू होता है और जहां संवाद जीवित रहता है, वहां से हमेशा सुप्रभात जन्म लेता है।

– फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## क्या बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली लागू है?

भारत की भागीदारी से जिस बांग्लादेश को अलग देश बनाया गया। वहीं आज हिन्दू अल्पसंख्यक हिंसा के शिकार हो रहे है। भारत के राजनयिक संबंधों को दरकिनार कर शेख हसीना का तख्तापलट करने वाले कट्टरपंथी समाज वहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में एक मुस्लिम बहुल राष्ट्र है, जहां लगभग प्रतिशत से अधिक आबादी हिन्दू अल्पसंख्यक हैं। जम्मा-ए-इस्लामी जैसे इस्लामवादी एवं धर्मनिरपेक्ष राजनीति में सक्रिय समूह देश की राजनीतिक सामाजिक तस्वीर को जटिल बना देते हैं। इसके अतिरिक्त, राजनीतिक दलों और सरकार के बीच सत्ता-संघर्ष के कारण यही जनसंघर्ष अक्सर सामाजिक तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्रभावित करता रहा है। वर्तमान में बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली की अवधारणा उस बदलाव के संदर्भ में उठ रही है, जिसे छात्र आंदोलन, नागरिक समाज और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने मांग किया है। हालांकि स्पष्ट रूप से यह प्रणाली देश में लागू है या नहीं, यह सवाल बना हुआ है।



कांतिलाल मांडोत
स्वतंत्र लेखक

एक जानकारी के मुताबिक जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-आंदोलनों के बाद नया अंतरिम सरकार चुनावी सुधार एवं प्रशासनिक सुधार की दिशा में काम कर रही है। समानुपातिक प्रतिनिधित्व का उद्देश्य है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व सिर्फ बहुमत वाले धड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि जाति, धर्म, क्षेत्र, लिंग आदि विविध समूहों को भी संसद-स्थानिक शासन में उचित भागीदारी मिले। यदि इस तरह की प्रणाली बांग्लादेश में पूरी तरह लागू हो जाए, तो अल्पसंख्यकों-विशेषकर हिन्दुओं के लिए बेहतर प्रतिनिधित्व संभव हो सकता है। जमात-ए-इस्लाम (जमात) बांग्लादेश में इस्लामी विचारधारा वाले प्रमुख राजनीतिक संगठन है, जिसे कई आलोचकों द्वारा कट्टरवाद और अल्पसंख्यकों विरोधी कार्रवाई से जोड़ा गया है। उदाहरण के लिए जुलाई-अगस्त 2024 के दौरान छात्र-आंदोलन हिंसक मोड़ लेने पर जमात-छात्र संगठन सहित कुछ इस्लामी समूहों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगा था। इन आंदोलनों तथा रैलियों का उद्देश्य अक्सर सरकार-नीति से असंतुष्ट आवाज उठाना, प्रशासनिक सुधार की मांग करना या सत्ता-विग्रह की स्थिति बनाना रहा है। हालांकि जब यह प्रदर्शन हिंसात्मक बने, तो सामाजिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर गंभीर असर हुआ।

सामाजिक भरोसा टूट रहा है। हिन्दू-मुस्लिम अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक बीच में राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं सुरक्षा की कमी गंभीर चिंता का विषय बन गई है। बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व का महत्व और चुनौतियां को देखते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के लिए गंभीर संकट है। समानुपातिक प्रतिनिधित्व का मॉडल उस स्थिति से बेहतर माना जाता है, जहां एक ही धड़े द्वारा अधिकांश बहुमत जीत लें और अन्य छोटे-वोटर समूह अनदेखे रह जाएं। यदि बांग्लादेश में पीआर लागू हुआ या हो रहा है, तो इसके निम्न लाभ-हानि व्याख्यायित किए जा सकते हैं। अल्पसंख्यकों जैसे हिन्दू को संसद-विधान परिषद में बेहतर भागीदारी मिल सकती है। राजनीतिक दलों को वोट-विभाजन तथा विविधता को धारण करना पड़ेगा, जिससे ध्रुवीकरण कम हो सकता है। यदि हिन्दू समुदाय पीआर के लाभ उठा सकें, तो उन्हें सक्रिय-पॉलिटिकल भागीदारी, सामाजिक-संरक्षण तथा स्थानीय स्तर पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना होगा। सुरक्षा, भागीदारी, जागरूकता एवं सामाजिक-संबंधों का समन्वित विकास आवश्यक है। हिन्दू समुदाय को सक्रिय रूप से अपनी सुरक्षा-योजना विकसित करनी होगी। न कि सिर्फ रक्षा-मोड में, बल्कि भागीदारी-मोड में भी। इससे अल्पसंख्यको के लिए बंग्लादेश में सुरक्षा उपलब्ध हो सकती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कैम्पस



विधि विज्ञान से अपराधों की गुत्थियां सुलझाने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए सुखद अवसर है और सरोवर नगरी में प्राकृतिक सुंदरता के बीच यह मौका और भी सुनहरा हो जाता है। नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी कैंपस में अब मास्टर ऑफ फॉरेंसिक साइंस कोर्स संचालित होना शुरू हो गया। यह उत्तराखंड का एकमात्र सरकारी कॉलेज है, जहां यह विशेष कोर्स उपलब्ध है। फॉरेंसिक साइंस आज के दौर में अपराध जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। चोरी, हत्या से लेकर साइबर अपराध और आतंकवाद जैसे जटिल मामलों में सबूत जुटाने और वैज्ञानिक विश्लेषण करने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों की अहम भूमिका होती है। यही कारण है कि पुलिस विभाग, सीबीआई, एनआईए, एफएसएल और न्यायिक जांच एजेंसियों में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

*–प्रस्तुति*
*गौरव जोशी, नैनीताल*

# नैनीताल के डीएसबी से बनें फॉरेंसिक साइंस में एक्सपर्ट





## आधुनिक लैब और प्रैक्टिकल लर्निंग का अवसर

डीएसबी परिसर के फॉरेंसिक साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नगमा परवीन के अनुसार यह राज्य का इकलौता सरकारी संस्थान है, जहां दो साल का पीजी डिग्री कोर्स संचालित होता है। विभाग को बायोमेडिकल डिपार्टमेंट के डीन प्रोफेसर महेंद्र राणा के निर्देशन में चलाया जा रहा है। दो वर्षीय यह मास्टर प्रोग्राम छात्रों को अत्याधुनिक लैब, आधुनिक उपकरणों और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रायोगिक शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। यहां छात्रों को अपराध स्थलों से सबूतों का वैज्ञानिक विश्लेषण, डीएनए प्रोफाइलिंग, फिंगरप्रिंट एनालिसिस, टॉक्सिकोलॉजी, साइबर फॉरेंसिक और क्राइम सीन रिकंस्ट्रक्शन जैसी महत्वपूर्ण विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है। कोर्स की सबसे खास बात इसकी सुलभ फीस है। छात्रों को 25,000 रुपये प्रति सेमेस्टर में उच्च स्तरीय शिक्षा और लैब अनुभव का अवसर मिलता है। एक साल में दो सेमेस्टर यानी कुल चार सेमेस्टर हैं।



## कैसे करें आवेदन

कुमाऊं विश्वविद्यालय में आवेदन के इच्छुक छात्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जुलाई में एडमिशन शुरू होते हैं। पढ़ाई ऑफलाइन ही होगी और दूसरे राज्यों के विद्यार्थी निजी हॉस्टल या पीजी में रह सकते हैं। डीन प्रो. महेंद्र राणा के अनुसार, नैनीताल से करीब 12 किलोमीटर दूर पर्यटन स्थल पटवाडांगर में जल्द ही नया कैंपस खुल रहा है, जहां यूजी कोर्स भी शुरू होगा।

## यहां बना सकते हैं करियर

कम लागत में कॅरियर के नए अवसरों के द्वार खुलने से यह कोर्स युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र सरकारी और निजी फॉरेंसिक लैब्स, पुलिस विभाग, जांच एजेंसियों, न्यायालय और रिसर्च सेंटर्स में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा वे एक्सपर्ट विटनेस या कंसल्टेंट के रूप में भी कॅरियर बना सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह कोर्स न केवल युवाओं के करियर को नई दिशा देता है, बल्कि उन्हें अपराध जांच की वैज्ञानिक दुनिया में योगदान करने का गौरव भी प्रदान करता है।

## नोटिस बोर्ड

- आज (13 नवंबर) महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली का 23 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर के अटल सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसमें उप्र राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी शामिल होंगे। संतोष गंगवार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया जाएगा। इसके अलावा 94 टॉपर्स को स्वर्ण पदक और 111 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी।



- रामपुर में सेवायोजन विभाग द्वारा दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 14 व 15 नवंबर को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय पुरानी तहसील में आयोजित होगा। रोजगार मेले में कैरम मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रालि एवं पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड प्रतिभाग करेंगे।
- एचबीटीयू में 22 नवंबर को पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित होगा। इस सम्मेलन में 1975 बैच की गोल्डन जुबली व 2000 बैच की सिल्वर जुबली आयोजित होगी। यहां पूर्व छात्र विश्वविद्यालय परिसर आकर पुराने दिन याद करेंगे।

## जॉब अलर्ट

### बैंक ऑफ बड़ौदा

- पद का नाम : प्रशिक्षु
- पदों की संख्या : 2700
- वेतन : 15,000
- योग्यता : स्नातक
- आयु सीमा : 20 से 28 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 01-12-2025
- वेबसाइट : bankofbaroda.bank.in

### बीओबी कैपिटल मार्केट्स

- पद का नाम : व्यवसाय विकास प्रबंधक
- पदों की संख्या : 110
- योग्यता : स्नातक, 12वीं
- आवेदन की अंतिम तिथि : 30-11-2025
- वेबसाइट : bobcaps.in



### इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB)

- पद का नाम : जूनियर एसोसिएट, सहायक प्रबंधक
- पदों की संख्या : 309
- योग्यता : स्नातक
- आयु सीमा : 20 से 35 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 01-12-2025
- वेबसाइट : ippbonline.bank.in

### इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB)

- पद का नाम : सहायक केंद्रीय खुफिया अधिकारी ग्रेड II/तकनीकी
- पदों की संख्या : 258
- वेतनमान : रु. 44900-142400
- योग्यता : बी.टेक/बी.ई., एम.एससी
- आयु सीमा : 18 से 27 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 16-11-2025
- आधिकारिक वेबसाइट : mha.gov.in

## कैंपस में पहला दिन: कॉलेज जाने के उत्साह में नहीं आई नींद

वर्ष 1980 में जब मैंने अपनी इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की, तब कॉलेज में प्रवेश की उम्मींद मन में हिलोरे मान रहीं थीं। स्कूल से कॉलेज जाने का उत्साह क्या होता है, उस वक्त एकाएक मैने अनुभव किया। मन में यह सवाल भी था कि किसी महाविद्यालय में प्रवेश लिया जाए? ऐसे में उस वक्त शहर के सभी युवाओं के मन में हमारे शहर कानपुर के क्राइस्ट चर्च कॉलेज जाना, वहां पढ़ना एक सपना हुआ करता था। मैं भी उसी सपने को पूरा करने के लिए प्रयास करने लगा। चुनौती कठिन थी, क्योंकि उस वक्त इस कॉलेज में प्रवेश पाना ही बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी। खैर! मैंने कॉलेज में प्रवेश के नियम समझे। चुंकि मैं 12 वीं कक्षा तक वालीबॉल में राष्ट्रीय व एक जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि कर चुका था। इस तरह से मेरे इस प्रोफाइल के चलते मेरा एडमिशन कॉलेज में हो गया था। कॉलेज में प्रवेश की सूचना जैसे ही मुझे मिली मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह खुशी इस कदर थी कि कॉलेज जाने के एक दिन पहले की पूरी रात मैं सो नहीं सका। पूरी रात कॉलेज के पहले दिन के विचार मेरे मन में आते रहे। कॉलेज जाने के लिए सुबह जल्दी से तैयार होकर तय समय से लगभग आधे घंटे पहले ही मैं कॉलेज पहुंच गया। कॉलेज में मेरी ही तरह और भी छात्र-छात्राएं पहले से ही उपस्थित थे। संयोग से मुझे सबसे आगे बैठने का मौका मिला। कॉलेज के पहले ही दिन जब प्रोफेसर क्लास में आए तो उन्होंने सबका अभिवादन किया। एक-एक कर सबका परिचय हुआ। जब मेरा परिचय पूछा गया तो मैंने अपनी खिलाड़ी पृष्ठभुमि को सबसे पहले बताया। मेरी बात जब तक पूरी होती, तब तक प्रोफेसर व क्लास में मौजूद सभी ने तालियां बजाकर मेरा अभिवादन किया। यह पल मेरे जीवन के सबसे सुखद पलों में से एक था। कॉलेज के पहले दिन ही मुझे ऐसा अनुभव हुआ कि अब मैं जीवन के व्यस्क और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका में आ खड़ा हुआ हूं। क्लास में एक के बाद एक कक्षाएं संचालित होती रहीं। पहले दिन का कॉलेज खत्म हो गया। बावजूद किसी को भी घर जाने का मन नहीं हो रहा था। ऐसे में क्लास में ही सभी ने दोस्ती भरे माहौल में एक दूसरे से बातचीत की। उस दिन बने दोस्तों में कुछ आज भी मेरे साथ हैं। वह दोस्ती आज भी सुख और दुख के पलों में जिंदा हैं।



***–सुशील शर्मा***
*चेयरमैन, इंडस्ट्री कमेटी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश, कानपुर।*

# ऑफ बीट कोर्स

## नई पीढ़ी के लिए नए रास्ते

अगर आप जिंदगी में कुछ बड़ा करना चाहते हैं, तो जरूरी नहीं कि डॉक्टर, इंजीनियर या चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना ही एकमात्र रास्ता हो। अब वक्त है अपनी रुचि और क्रिएटिविटी को पहचानने का। आज ऐसे कई ऑफ बीट कोर्स हैं, जिनमें कंपटीशन कम और कमाई ज्यादा है। इन कोर्सों के जरिए आप न केवल एक अलग पहचान बना सकते हैं, बल्कि अपने पैशन को भी करियर में बदल सकते हैं।

### क्या होते हैं ऑफ बीट कोर्स

ऑफ बीट कोर्स वे होते हैं, जो पारंपरिक विषयों से अलग, नए और इनोवेटिव करियर विकल्प देते हैं। इनका उद्देश्य सिर्फ डिग्री पाना नहीं, बल्कि आपकी इंटरेस्ट और टैलेंट को पेशेवर रूप देना है। ऐसे कोर्सेज में प्रैक्टिकल नॉलेज और स्किल डेवलपमेंट पर खास ध्यान दिया जाता है।

### ग्राफिक डिजाइनिंग

आपको रंगों, ड्रॉइंग और विजुअल क्रिएटिविटी से लगाव है, तो ग्राफिक डिजाइनिंग एक सुनहरा विकल्प है। इस कोर्स में आप सीखते हैं कि किसी आइडिया को आकर्षक विजुअल फॉर्म में कैसे बदला जाए। ब्रांडिंग, एडवरटाइजिंग, सोशल मीडिया और डिजिटल कंटेंट के दौर में इसकी मांग तेजी से बढ़ी है।



### फिल्ममेकिंग और सिनेमैटोग्राफी

बॉलीवुड, ओटीटी या यूट्यूब– हर जगह कहानी कहने की कला की जरूरत होती है। फिल्ममेकिंग कोर्स में कैमरा हैंडलिंग, एडिटिंग, लाइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग और डायरेक्शन जैसी तकनीकी स्किल्स सिखाई जाती हैं। अगर आप विजुअल स्टोरीटेलर हैं, तो यह फील्ड आपके लिए परफेक्ट है।

### ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट

यदि आपको नए स्थानों की खोज और लोगों से मिलना पसंद है, तो ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट एक रोमांचक विकल्प है। आप एयरलाइन, ट्रैवल एजेंसी, होटल या टूर प्लानर के रूप में काम कर सकते हैं। इस कोर्स से विदेशों में भी शानदार करियर बनता है।

### बेकिंग और क्यूलिनरी आर्ट्स

यदि खाना बनाना आपका पैशन है, तो इसे पेशे में बदलने का वक्त है। बेकिंग और क्यूलिनरी आर्ट्स कोर्स से आप प्रोफेशनल शेफ, फूड स्टाइलिस्ट या ब्लॉगर बन सकते हैं। आज फूड इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है और इसमें क्रिएटिव टैलेंट की बहुत मांग है।

### डिजिटल मार्केटिंग

डिजिटल युग में हर ब्रांड को ऐसे लोगों की जरूरत है, जो ऑनलाइन दुनिया को समझते हों। डिजिटल मार्केटिंग में SEO, सोशल मीडिया, कंटेंट क्रिएशन, ईमेल और पेड कैंपेन जैसी स्किल्स सिखाई जाती हैं। इस कोर्स से आप फ्रीलांसर बनकर भी अच्छा कमा सकते हैं।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,466.51 | 25,875.80 |
| बढ़त | 595.19 | 180.85 |
| प्रतिशत में | 0.70 | 0.70 |

सोना 1,27,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,61,300 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार, 13 नवंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### बेहतर भारत के लिए अनुसंधान एकमात्र रास्ता : नारायण मूर्ति

**बेंगलुरु।** आईटी उद्योग के दिग्गज एनआर नारायणमूर्ति ने अनुसंधान पर भारत के राष्ट्रीय एवं संस्थागत स्तर पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बुधवार को जोर देते हुए कहा कि यह देश व दुनिया को बेहतर स्थान बनाने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने भारत से एक आकांक्षापूर्ण, योग्यता आधारित एवं प्रतिस्पर्धी अनुसंधान परिवेश बनाने का आह्वान किया जो वैज्ञानिकों, इंजीनियर, अर्थशास्त्रियों, गणितज्ञों और मानवतावादियों को लाभकारी माहौल मुहैया कराए। 'इन्फोसिस पुरस्कार 2025' की यहां घोषणा के अवसर पर मूर्ति ने रोमन सम्राट मार्कस ऑरेलियस को उद्धृत किया और कहा कि अनुसंधान समझ के विस्तार का प्रतिनिधित्व करता है, जो प्रकृति के रहस्यों को उजागर करने, दूसरों ने जो अभी तक नहीं देखा है उसे देखने एवं मानव जाति के सामने आने वाली समस्याओं के संभवतः असंभव समाधान खोजने की ओर ले जाता है।

### भारत वैश्विक तेल मांग वृद्धि में बनेगा प्रमुख केंद्रः आईईए

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने बुधवार को कहा कि दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक और उपभोक्ता देश, भारत अगले दशक में तेल की मांग में वृद्धि का नया केंद्र होगा। उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में, भारत में ऊर्जा की मांग सबसे तेजी से बढ़ रही है। इसका 2035 तक हर साल औसतन तीन प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। पेरिस स्थित एजेंसी ने नवीनतम वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में कहा कि 2035 तक वैश्विक तेल खपत में सबसे ज्यादा वृद्धि भारत में होगी। इसका कारण तेज आर्थिक विस्तार, औद्योगीकरण और वाहनों की बढ़ती संख्या है। देश की ऊर्जा मांग चीन और दक्षिण पूर्व एशिया की संयुक्त मांग से भी ज्यादा होगी। यह वैश्विक तेल बाजारों को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। आईईए ने कहा, वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए 2050 तक तेल प्रमुख ईंधन बना रहेगा। पिछले 10 वर्षों में तेल की मांग में 75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि चीन में हुई है।

# नौकरियों में सुधार के संकेत, 2026 तक बढ़ सकती हैं 11% नियुक्तियां

## बीएफएसआई, विनिर्माण और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्र बढ़ाएंगे भर्तियों की गति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में एक साल की सुस्त एकल अंक की वृद्धि के बाद नियुक्ति की मंशा दोहरे अंक में 11 प्रतिशत पर लौट आई है। यह पिछले साल 9.75 प्रतिशत थी जिसे क्षेत्रीय विस्तार से समर्थन मिला है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से डिजिटल भर्ती मंच 'टैग्ड' की ओर से जारी 'इंडिया डिकोडिंग जॉब्स' 2026 रिपोर्ट के अनुसार, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बीएफएसआई), विनिर्माण और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्र भर्ती की गति को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। टैग्ड के सीईओ देवाशीष शर्मा ने कहा, यह पुनरुत्थान डिजिटल क्रांति, औपचारिकता और क्षेत्रीय विस्तार द्वारा संचालित पुनर्प्राप्ति से पुनर्निमाण की ओर बदलाव को दर्शाता है। रिपोर्ट का यह संस्करण 21 उद्योगों के लगभग 300 से अधिक दिग्गजों से प्राप्त फीडबैक पर आधारित है और भारत की नौकरी एवं प्रतिभा की कहानी का डेटा-समर्थित दृष्टिकोण पेश करता है।

रिपोर्ट के अनुसार, कृत्रिम मेधा (एआई), संगठनों में नियुक्ति के तरीके को बदल रहा है। 60 प्रतिशत भर्तीकर्ता इसका उपयोग 'रिज्यूमे स्क्रीनिंग' के लिए और 45 प्रतिशत साक्षात्कार स्वचालन के लिए करते हैं। नतीजतन एआई-संबंधित कौशल अब भर्ती में उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि अन्य उद्योगों में।



### कंपनियों को अब अनुभवी प्रतिभाओं की तलाश

रिपोर्ट के अनुसार, नियोक्ता डिजिटल एवं डेटा विशेषज्ञों, कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग इंजीनियर और स्थिरता विशेषज्ञों के साथ-साथ जेनएआई, क्लाउड कंप्यूटिंग व साइबर सुरक्षा जैसी प्रौद्योगिकियों में कुशल उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं। वर्ष 2026 अनुभवी पेशेवरों का वर्ष बनकर उभरेगा क्योंकि कंपनियां छह से 15 वर्ष के अनुभव वाले मध्यम एवं वरिष्ठ स्तर की प्रतिभाओं को प्राथमिकता दे रही हैं। 2026 में अनुमानित नौकरियों में मझोले शहरों का योगदान 32 प्रतिशत होगा। इसमे कहा गया कि वित्त वर्ष 2026-27 में महिलाओं की भर्ती 30 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2025 के स्तर के अनुरूप है लेकिन 2024 के 36 प्रतिशत से कम है।

### स्किल फर्स्ट : रिज्यूमे आधारित भर्ती प्रक्रिया से हट रही हैं कंपनियां


**मुंबई।** नियोक्ता अब हुनर को प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग 59 प्रतिशत कंपनियां पहले कौशल यानी स्किल फर्स्ट दृष्टिकोण अपना रही हैं जो पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। पारंपरिक रिज्यूमे' आधारित भर्ती प्रक्रिया से हटते हुए अब अधिक कंपनियां 'स्किल-फर्स्ट' यानी नियुक्ति में हुनर को प्राथमिकता दे रही हैं। कृत्रिम मेधा-समर्थित कौशल आकलन मंच 'इक्विप' की 'स्किल-फर्स्ट हायरिंग' रिपोर्ट के अनुसार 59 प्रतिशत कंपनियां कौशल-आधारित भर्ती दृष्टिकोण अपना रही हैं। यह पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत और 2022 से 78 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि एआई टूल्स की मदद से वास्तविक कौशल का बड़े पैमाने पर मूल्यांकन आसान हो गया है जिससे पारंपरिक 'रिज्यूमे' आधारित भर्ती प्रक्रिया की जगह कौशल-आधारित मूल्यांकन ने ले ली है।

# सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,850 के पार

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन बुधवार को जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 189 अंक की तेजी रही।

वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और



- अमेरिका से व्यापार समझौते की उम्मीद से बाजार में पड़ी जान

फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा को मजबूती मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.69 अंक चढ़कर 84,652.01 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक यानी 0.70 प्रतिशत चढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 239.6 अंक तक चढ़ गया था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट नंदीश शाह ने कहा, निफ्टी ने लगातार तीसरे सत्र में बढ़त का सिलसिला जारी रखा और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के कारण 180 अंक बढ़कर 25,875 अंक पर बंद हुआ।

### भारत यात्रा पर कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री

**नई दिल्ली।** कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू बुधवार से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। यात्रा का मकसद व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करना है। कनाडाई उच्चायोग ने बताया कि सिद्धू भारत में एआई, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और डिजिटल उद्योगों सहित कई क्षेत्रों में कनाडा-भारत व्यापार संबंधों को बढ़ावा देंगे और दोनों देशों के कामगारों तथा व्यवसायों के लिए नए साझेदारी के अवसर तलाशेंगे।

# अपनी संपत्तियों का खुलासा करें सेबी प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पूर्व सीवीसी प्रमुख की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति का सुझाव

सेबी चेयरमैन और वरिष्ठ अधिकारियों को पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के लिए अपनी संपत्तियों व देनदारियों का सार्वजनिक खुलासा करना चाहिए। एक उच्चस्तरीय समिति ने सुझाव दिया है।

पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त प्रत्यूष सिन्हा की अध्यक्षता वाली समिति ने यह भी सुझाव दिया कि सभी सेबी बोर्ड सदस्यों तथा कर्मचारियों को परिसंपत्तियों, देनदारियों, व्यापारिक गतिविधियों व पारिवारिक संबंधों के साथ-साथ अन्य व्यावसायिक एवं संबंधपरक हितों का प्रारंभिक, वार्षिक और कुछ भी बदलाव होने पर व उससे अलग होने संबंधी खुलासा करना चाहिए। यह खुलासा प्रस्तावित सेबी के नैतिकता एवं अनुपालन कार्यालय (ओईसी) तथा नैतिकता एवं अनुपालन निरीक्षण समिति के समक्ष किया जाना चाहिए।

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय को 10 नवंबर को सौंपी गई रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि चेयरमैन व सदस्यों के पद तथा उच्च पद पर सीधी भर्ती के लिए आवेदकों को नियुक्ति प्राधिकारी के समक्ष वित्तीय व गैर-वित्तीय प्रकृति के वास्तविक, संभावित तथा हितों के टकराव के जोखिमों का खुलासा करना होगा। समिति की रिपोर्ट में, चेयरमैन, डब्ल्यूटीएम (पूर्णकालिक सदस्य) और सीजीएम तथा उससे ऊपर के स्तर के सेबी कर्मचारियों को अपनी परिसंपत्तियों व देनदारियों का सार्वजनिक विवरण देने का सुझाव दिया गया। इसमें कहा गया कि सेबी बोर्ड के अंशकालिक सदस्यों को इससे छूट दी जा सकती है क्योंकि वे सेबी की दिन-प्रतिदिन की नियामक गतिविधियों को नहीं संभालते हैं।

### माधबी पुरी पर आरोपों के बाद बनी थी समिति

सेबी बोर्ड ने हितों के टकराव और सेबी सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा संपत्ति, निवेश, देनदारियों तथा अन्य संबंधित मामलों के खुलासे से संबंधित मौजूदा प्रावधानों की व्यापक समीक्षा करने के लिए समिति गठित करने का मार्च में निर्णय लिया था। यह कदम सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफ लगे आरोपों के मद्देनजर उठाया गया। उन पर हितों के टकराव के कारण अदाणी समूह के खिलाफ जांच रोकने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, बुच और अदाणी समूह दोनों ने इस आरोपों का खंडन किया है।

# दूसरी तिमाही में जीडीपी 7.2% की दर से बढ़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसमें निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत के वास्तविक जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति से 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वास्तविक जीडीपी, आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 28 नवंबर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी वृद्धि अनुमानों पर आधिकारिक आंकड़े जारी करेगा।




- इंडिया रेटिंग्स का पांच तिमाही में सबसे ज्यादा तेजी का अनुमान

रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहेगी।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, मांग पक्ष से निजी खपत, उच्च तथा निम्न आय वाले परिवारों दोनों की स्थिर वास्तविक आय में बढ़ोतरी के कारण वृद्धि का एक प्रमुख चालक है। उन्होंने कहा, विनिर्माण क्षेत्र में अनुकूल आधार-आधारित माल निर्यात वृद्धि के साथ-साथ मजबूत सेवा क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के दौरान आपूर्ति पक्ष से जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा दिया।

# भारत ने चीन के रबर के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने एक घरेलू विनिर्माता की शिकायत पर मुख्य रूप से मोटर वाहन उद्योग में इस्तेमाल होने वाले चीनी रबर के आयात की डंपिंगरोधी जांच शुरू की है।

आरोप है कि हेलो आइसोब्यूटेन व आइसोप्रीन रबर की डंपिंग से घरेलू उद्योग प्रभावित हो रहा है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अधिसूचना में कहा कि आवेदक रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स ने चीन से आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। कहा गया है, जांच में यदि सिद्ध हो जाता है कि डंपिंग से घरेलू उत्पादक को वास्तविक क्षति हुई है तो डीजीटीआर आयात पर शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। प्रतिकार उपाय के रूप में वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं। इसका उद्देश्य निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करना और घरेलू उत्पादकों एवं विदेशी उत्पादकों व निर्यातकों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है।



# हत्या के केस में फंसाए गए हरियाणा के वकील की तत्काल रिहाई का आदेश

## हरियाणा-दिल्ली सरकार और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को जारी किए नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली के वकील विक्रम सिंह को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया, जिन्हें गुरुग्राम पुलिस के एसटीएफ ने हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया था। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने वकील की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि सिंह को 10,000 रुपये के जमानती बॉन्ड जमा करने पर तत्काल रिहा किया जाए तथा उसने मामले की अगली सुनवाई अगले बुधवार के लिए तय कर दी। पीठ ने शीर्ष न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया कि वे तत्काल अनुपालन के लिए गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त को आदेश से अवगत कराएं। सुनवाई शुरू होने पर विकास ने कहा कि आपराधिक कानून में 'प्रैक्टिस' करने वाला कोई भी व्यक्ति अब इस तरह के बलपूर्वक उपायों का शिकार हो सकता है। सिंह 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार वकील गैंगस्टरों का प्रतिनिधित्व कर रहा था लेकिन वकीलों के खिलाफ पुलिस का इस तरह का अत्याचार अस्वीकार्य है।

विकास ने उच्चतम न्यायालय के हाल में आए एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि हर गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी लिखित रूप में और ऐसी भाषा में दी जानी चाहिए जिसे वह समझ सके, चाहे अपराध का स्वरूप कुछ भी हो। सिंह ने आरोप लगाया कि एसटीएफ ने ऐसा नहीं किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह भी कहा कि उन्होंने दिल्ली के वकीलों को मनाया है कि इस मुद्दे पर हड़ताल जारी न रखें क्योंकि इस मामले में उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल की जा चुकी है। इन दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने हरियाणा और दिल्ली सरकारों तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया।



### वकील ने की थी मुवक्किल का पैर तोड़ देने की शिकायत

पीठ ने गौर किया कि एसटीएफ अधिकारी गिरफ्तार वकील के संपर्क में थे। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता का कहना है कि एएसआई के कहने पर वह थाने गए लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें गिरफ्तारी का कारण बताए बिना हिरासत में ले लिया गया। दिल्ली की विभिन्न जिला अदालतों के बार एसोसिएशन ने छह नवंबर को विकास सिंह को झूठे हत्या के मामले में फंसाए जाने के विरोध में हड़ताल की थी। याचिका में उनकी तत्काल रिहाई और एसटीएफ की अवैध कार्रवाई की न्यायिक जांच का अनुरोध किया गया है। यह भी अनुरोध किया गया है कि आईपीसी की धारा 302 और 34 तथा शस्त्र कानून की धारा 25 के तहत दर्ज सभी आपराधिक कार्यवाहियों को रद्द किया जाए। याचिका में कहा गया है कि वकील को तब निशाना बनाया गया जब उन्होंने अदालत में आवेदन दायर कर आरोप लगाया कि उनके एक मुवक्किल ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा से हिरासत में मारपीट कर उसका पैर तोड़ दिया गया था।

### सीजेआई पर जूता फेंकने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सुझाव मांगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अटार्नी जनरल और शीर्ष अदालत की बार एसोसिएशन से कहा कि वे अदालत परिसर में सीजेआई बीआर गवई पर जूता उछालने के प्रयास जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुझाव दें। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय को जो भी करने की जरूरत होगी, उस पर विचार करेगा। पीठ ने प्रधान न्यायाधीश की तरफ जूता उछालने का प्रयास करने वाले वकील राकेश किशोर (71) के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने में अनिच्छा दिखाई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की ओर से उपस्थित वकीलों से कहा कि वे अपने सुझाव दें, क्योंकि न्यायालय इस संबंध में अखिल भारतीय दिशानिर्देश तैयार करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, अदालत परिसर और बार कक्ष जैसे स्थानों पर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तीन-चार सुझाव देने के बारे में सोचिए। आप सभी कृपया सुझाव दीजिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मामले की सुनवाई स्थगित करते हुए कहा, जो भी करना होगा, हम अगली तारीख पर देखेंगे। हम अटॉर्नी जनरल से भी इस संबंध में अपने सुझाव देने का अनुरोध करेंगे।

### अग्रिम जमानत के लिए सत्र न्यायालय जाने के मुद्दे पर शीर्ष कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह मुद्दा तीन जजों की पीठ को सौंप दिया कि क्या अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट जाना पक्षकार की पसंद है या वादियों के लिए पहले सत्र न्यायालय का रुख करना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ के गठन के बाद ही की जाएगी। शीर्ष कोर्ट की पीठ ने कहा, इस मामले की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा किए जाने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को न्यायमित्र नियुक्त किया था। शीर्ष कोर्ट ने आठ सितंबर को केरल उच्च न्यायालय की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सीधे सुनवाई करने की 'नियमित प्रथा' पर ध्यान दिया था, जिसमें वादी को सत्र न्यायालय में जाने की आवश्यकता नहीं होती।

### वायु प्रदूषण : पंजाब और हरियाणा से पराली जलाने के खिलाफ उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पराली जलाने के कारण वायु गुणवत्ता की खराब होती स्थिति का संज्ञान लेते हुए बुधवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों से स्थिति को नियंत्रित करने के लिए की गई कार्रवाई से अवगत कराने को कहा। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने 17 नवंबर को याचिका पर सुनवाई करने पर भी सहमति जताई। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, पंजाब और हरियाणा सरकार पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों पर जवाब दें। पूर्व में, पीठ ने मामले की सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की थी। सुनवाई शुरू होते ही वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि वर्तमान में 'ग्रैप-3' प्रतिबंध लागू है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ''ग्रैप-4 लागू किया जाना चाहिए।

### विमान में बम की सूचना से दहशत सुरक्षित उतारा गया

**वाराणसी/मुंबई।** मुंबई से 170 से अधिक यात्रियों को वाराणसी लेकर जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान में बुधवार को बम होने की सूचना मिली। एयरलाइन ने कहा कि विमान वाराणसी हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।

एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए। विमान सुरक्षित उतर गया और सभी यात्रियों को उतार लिया गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा, सभी अनिवार्य सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को परिचालन की अनुमति दे दी जाएगी।

एयरलाइन ने विमान में सवार यात्रियों की संख्या और विमान के विवरण का खुलासा नहीं किया। सूत्रों ने बताया कि विमान में 170 से ज़्यादा यात्री सवार थे। उड़ानों की निगरानी करने वाली वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान मुंबई से शाम करीब चार बजे वाराणसी हवाई अड्डे पर उतरी।

# एग्जिट पोल: बिहार चुनाव में राजग को बढ़त, राजद एक बार फिर सबसे बड़ा दल

## एक्सिस माय इंडिया ने चुनाव बाद सर्वे के जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रमुख चुनाव सर्वेक्षण एजेंसी 'एक्सिस माय इंडिया' ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जारी अपने एग्जिट पोल में राजग को बढ़त मिलने की संभावना जताई है। यह भी कहा है कि राजद एक बार फिर सबसे बड़े दल के रूप में उभर सकता है।




अनुमान जताया गया है कि राजग को 243 सदस्यीय विधानसभा में 43 प्रतिशत वोट के साथ 121 से 141 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 41 प्रतिशत वोट के साथ 98 से 118 सीटें हासिल हो सकती हैं। एजेंसी ने बिहार में दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के एक दिन बाद अपना एग्जिट पोल जारी किया। 'एक्सिस माय इंडिया' के सर्वेक्षण के अनुसार, राजग में भाजपा को 50 से 56 सीटें और जदयू को 65 से 62 सीटें मिलने का अनुमान है। साथ ही, लोजपा (रामविलास) को 11 से 16, 'हम' को दो से तीन तथा रालोमो को दो से चार सीटें मिल सकती हैं।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि महागठबंधन का मुख्य घटक 67 से 76 सीटों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में उभर सकता है। महागठबंधन में कांग्रेस को 17 से 21, वीआईपी को तीन से पांच, वाम दलों को 10 से 14 तथा आईआईपी को शून्य से एक सीट मिलने का अनुमान है। 'एक्सिस माय इंडिया' के सर्वेक्षण में कहा गया है कि जन सुराज पार्टी को शून्य से दो सीटें ही मिल सकती हैं। बिहार में 14 नवंबर को मतगणना होनी है। दूसरे चरण के मतदान के बाद कुछ देर बाद मंगलवार को जारी लगभग सभी एग्जिट पोल में संभावना जताई गई थी कि राजग प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर सरकार बना सकता है।

### अब तक का रिकॉर्ड : बिहार के किसी भी चुनाव में कभी पूरी तरह सच साबित नहीं हुए एग्जिट पोल

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनावों का पिछला इतिहास कहता है कि एग्जिट पोल लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले इस राज्य के मतदाताओं का मिजाज भांपने में अक्सर चूक जाते हैं। सन् 2000 से सन् 2020 के बीच बिहार में हुए 56% चुनावी सर्वे के नतीजे पूरी तरह ग़लत साबित हुए। यानी सर्वे के नतीजे और चुनाव के वास्तविक नतीजे में कोई मेल नहीं था, लेकिन 44% सर्वेक्षणों के नतीजे चुनाव के वास्तविक नतीजे के आसपास रहे, यानी व्यापक तौर पर सही साबित हुए। नीतीश कुमार भले ही 20 वर्षों से सत्ता का स्वाद चख रहे हैं, लेकिन 2010 में आये विधानसभा नतीजों को छोड़ दें तो बिहार में पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार जद्दोजहद जारी है। चुनाव के दौरान बढ़े हुए मतदान प्रतिशत के लिए विभिन्न पक्षों के अपने अपने दावे देखने को मिलते हैं और सभी दल बढ़े हुए मतदन में अपना फायदा बताते रहे हैं। लेकिन बिहार और अन्य राज्यों में चुनावों के नतीजे बताते हैं कि मतदान और चुनावी नतीजों के बीच शायद ही कोई संबंध होता है। ऐसे कई चुनाव हुए हैं, जब मतदान-प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में कम हुआ, लेकिन सरकारें बदलीं भी और दोबारा भी चुनी गईं, ऐसे में परिणाम में मतों के घटने का कोई सीधा संबंध स्थापित नहीं हुआ। 2020 तक विभिन्न राज्यों में हुए लगभग 332 विधानसभा चुनावों के विश्लेषण से पता चलता है कि 188 चुनावों में मतदान-प्रतिशत बढ़ा था। इनमें 89 सरकारें दोबारा चुनी गईं। इसी तरह, 144 बार मतदान-प्रतिशत घटा है और इनमें 56 सरकारें दोबारा चुनी गईं। इससे स्पष्ट है कि मतदान प्रतिशत और चुनावी नतीजों के बीच कोई मजबूत संबंध नहीं है।

# बिहार में महिलाओं ने सुशासन के लिए मतदान किया : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में महिलाओं का भारी संख्या में मतदान करना ऐतिहासिक परिवर्तन है। दावा किया कि उन्होंने विकास और सुशासन के लिए राजग के पक्ष में निर्णायक वोट दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा, 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन के लिए सत्ता-समर्थक रुझान भारतीय लोकतंत्र में एक नया आयाम बन गया है, एक ऐसा चलन जो पहले कभी नहीं देखा गया। निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में कुल 66.91 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 1951 में हुए पहले राज्य चुनावों के बाद से सबसे अधिक है। राज्य के इतिहास में इस बार सबसे ज्यादा महिला मतदाताओं ने मतदान किया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, छह नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 69.04 रहा, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 61.56 रहा।

मंगलवार को हुए दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में महिलाओं ने फिर से बड़ी संख्या में मतदान किया, जो 74.03 प्रतिशत रहा जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 64.1 रहा।

### तेजस्वी ने एग्जिट पोल को खारिज किया, कहा- 18 को शपथ लेंगे

**पटना।** राजद के नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव के बाद आए 'एग्जिट पोल' को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि प्रदेश में महागठबंधन बड़ी जीत की तरफ बढ़ रहा है और 18 नवंबर को वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा के प्रभाव में मीडिया अपनी विश्वसनीयता खो चुका है और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जैसा सर्वे चाहते हैं उसी के हिसाब से आंकड़े जनता के सामने पेश किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसी मीडिया ने ऑपरेशन सिंदूर के समय लाहौर पर भारत का कब्जा करवाया था। झारखंड और बंगाल में 'एग्जिट पोल' में भाजपा को जिताया था और अब बिहार में उसी भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नौसेना प्रमुख छह दिनी अमेरिकी यात्रा पर गए

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए, जिसका उद्देश्य एक स्वतंत्र, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना है। नौसेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में तनाव जारी है। नौसेना ने कहा कि एडमिरल त्रिपाठी अमेरिकी युद्ध विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे और अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे पापारो और अमेरिकी प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन टी कोहलर से मुलाकात करेंगे।

### पाकिस्तान में टीटीपी के तीन आतंकी ढेर

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कैडेट कॉलेज पर हुए आत्मघाती हमले में शामिल लोगों के खात्मे के लिए बुधवार को चलाए गए अभियान में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के तीन आतंकवादी मारे गए। वाना स्थित कैडेट कॉलेज के मुख्य द्वार पर सोमवार को एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए थे। अधिकारियों के अनुसार, तीन आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह के कमांडो ने बुधवार सुबह कैडेट कॉलेज के अंदर मौजूद तीन आतंकवादियों को मार गिराया।

### ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट ने रद्द की रूसी याचिका

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के उच्चतम न्यायालय ने रूस की ओर से दूतावास का नया परिसर बनाने के संबंध में दायर की गई एक याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। रूस ने अपनी इस याचिका में उस कानून को चुनौती दी, जिसमें सुरक्षा कारणों से रूस को उस स्थान से बेदखल करने का प्रावधान है, जहां वह अपने दूतावास का नया परिसर बनाना चाहता था। न्यायालय के सात न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि आस्ट्रेलिया की सरकार राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा में पट्टे को रद्द करने की हकदार है, उसे रूस को मुआवजा भी देना होगा।

### म्यामांर को रूस-चीन से मिले हेलीकॉप्टर

**बैंकाक।** म्यामांर ने कहा है कि उसने अपनी वायुसेना में रूसी हेलीकॉप्टरों और चीनी विमानों को शामिल किया है। म्यामांर में खूनी गृहयुद्ध की समाप्ति को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों देश अब भी सैन्य सरकार को उपकरणों की आपूर्ति कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने म्यामां पर प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिनमें हथियारों की बिक्री पर रोक भी शामिल है। हालांकि रूस और चीन लगातार म्यामांर की सेना को करोड़ों डॉलर के उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं। सेना को तीन रूसी एमआई-38टी हेलीकॉप्टर और दो चीनी वाई-8 विमान प्राप्त हुए हैं।

### श्रीलंका के पूर्व मंत्री भ्रष्टाचार में गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री प्रसन्ना रणतुंगा को रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आयोग ने कहा कि रणतुंगा को 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले चार संस्थानों के लिए एक नई बीमा योजना की खरीद से जुड़ा है।

# लद्दाख की सीमा चौकियों का होगा विद्युतीकरण

- डीबीओ सेक्टर के लिए प्रशासन ने बनाया प्रस्ताव

**लेह/जम्मू, एजेंसी**

लद्दाख प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश में ग्रिड कनेक्टिविटी के माध्यम से दौलत बेग ओल्डी सेक्टर में सीमा चौकियों के विद्युतीकरण पर विचार कर रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चीन के साथ सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थित दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) में सैन्य चौकियां और लद्दाख क्षेत्र की सबसे ऊंची हवाई पट्टी है, जहां सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) तैनात हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लद्दाख विद्युत विकास विभाग (एलपीडीडी) ने ग्रिड कनेक्टिविटी के माध्यम से डीबीओ सेक्टर में सेना और आईटीबीपी सीमा चौकियों के विद्युतीकरण के लिए प्रस्ताव पेश किया है। 'पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना' के कार्यकारी निदेशक प्रिंस धवन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इस पर चर्चा हुई। बैठक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में बिजली क्षेत्र की पहल की समीक्षा के लिए आयोजित की गई थी। धवन ने दूर-दराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए इस पहल की सराहना की।

## जैश-ए-मोहम्मद

## एक खतरनाक आतंकी संगठन

**2000** में मौलाना मसूद अजहर ने इसकी स्थापना की थी। इसका मुख्यालय पाकिस्तान में है। यह भारत में कई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है।

जैश-ए-मोहम्मद एक पाकिस्तानी आतंकी संगठन है, जिसकी स्थापना 2000 में मौलाना मसूद अजहर ने की थी। यह संगठन भारत में कई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है, जिनमें 2001 में भारतीय संसद पर हमला, 2016 में पठानकोट एयर बेस पर हमला, 2016 में उरी हमला, और 2019 में पुलवामा हमला शामिल हैं। हाल ही में नई दिल्ली में लाल किले के समीप कार में धमाका कराने में भी इस संगठन का नाम सामने आया है। भारत ने यूएपीए एक्ट के तहत 12 अक्टूबर 2001 से जैश को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर रखा है।

**जैश का इतिहास :** जैश-ए-मोहम्मद की स्थापना 2000 में मौलाना मसूद अजहर ने की थी, जो पहले हरकत-उल-अंसार नामक आतंकी संगठन से जुड़ा था। 1999 में कंधार विमान अपहरण के दौरान भारत ने मसूद अजहर को रिहा किया था, जिसके बाद उसने जैश-ए-मोहम्मद की स्थापना की।



### दिल्ली में किया कार धमाका

दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को कार धमाके की आतंकी घटना हुई। इस घटना में 12 लोग मारे गए थे और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। विस्फोट एक ह्युंडई आई 20 कार में हुआ था, जिसमें अमोनियम नाइट्रेट जैसे विस्फोटक पदार्थ का उपयोग किया गया था। घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। जांच में पता चला है कि विस्फोट करने वाला व्यक्ति डॉ. उमर उन्नबी था, जो पुलवामा का रहने वाला और उसके जैश-ए-मोहम्मद से संबंध थे।

### जैश-ए-मोहम्मद की गतिविधियां

जैश-ए-मोहम्मद पाकिस्तान में सक्रिय है और भारत में आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। यह संगठन अल-कायदा और तालिबान जैसे आतंकी संगठनों से जुड़ा है। इसके कई आतंकी ठिकाने पाकिस्तान के बहावलपुर, मुज़फ़्फ़राबाद और बलूचिस्तान क्षेत्रों में हैं। भारत में इसकी सक्रियता सुरक्षा एजेंसियों द्वारा काफी हद तक नियंत्रित की गई है, लेकिन इसके मॉड्यूल (स्लीपर सेल) समय-समय पर पकड़े जाते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध

जैश-ए-मोहम्मद को भारत, अमेरिका, और संयुक्त राष्ट्र ने आतंकी संगठन घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी जैश-ए-मोहम्मद को 2001 में आतंकी संगठन घोषित किया। मौलाना मसूद अजहर को 1 मई 2019 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा व्यक्तिगत रूप से वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया।

### भारत में प्रमुख आतंकी हमले

- 2001 भारतीय संसद हमला : जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने मिलकर भारतीय संसद पर हमला किया, जिसमें 9 लोग मारे गए।
- 2016 पठानकोट एयर बेस हमला : जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने पठानकोट एयर बेस पर हमला किया, जिसमें 7 सुरक्षा बल शहीद हो गए।
- 2016 उरी हमला : जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने उरी में सेना के कैंप पर हमला किया, जिसमें 19 जवान शहीद हो गए।
- 2019 पुलवामा हमला : जैश-ए-मोहम्मद ने पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला किया, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए।

# भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना को समर्थन की भारत ने की पुष्टि

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया कालचक्र व्हील ऑफ टाइम एम्पॉवरमेंट का उद्घाटन

**थिम्पू, एजेंसी**

भारत ने बुधवार को भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान के पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ वार्ता की और वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के तहत आयोजित कालचक्र दीक्षा समारोह में भूटानी नेतृत्व के साथ शामिल हुए। बैठक के बाद मोदी ने भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने में सिंग्ये के योगदान की सराहना की और कहा कि चर्चा ऊर्जा, व्यापार, कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर केंद्रित रही। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और कनेक्टिविटी में सहयोग पर चर्चा हुई।

गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना में प्रगति की सराहना की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है। सुबह मोदी ने वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव में 'कालचक्र व्हील ऑफ टाइम एम्पॉवरमेंट' का उद्घाटन किया, जिसमें भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और सिंग्ये सहित शीर्ष भूटानी नेतृत्व ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसका बौद्ध समुदाय के लिए विश्वभर में अत्यंत सांस्कृतिक महत्व है। 'कालचक्र एम्पॉवरमेंट' वैश्विक शांति प्रार्थना उत्सव का हिस्सा है, जो भूटान में बौद्ध श्रद्धालुओं और विद्वानों को एक साथ लाया है। नई दिल्ली रवाना होने से पहले मोदी ने कहा कि ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में उनकी यात्रा के परिणाम हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को गति प्रदान करेंगे। भूटान नरेश प्रधानमंत्री मोदी को हवाई अड्डे पर विदा करने आए। मोदी की दो दिवसीय भूटान यात्रा समाप्त होने पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम सहित भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना (2024-2029) के प्रति भारत के अटूट समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने पड़ोसी देश को उसकी प्रमुख विकास प्राथमिकताओं को प्राप्त करने और सभी क्षेत्रों में सतत विकास को आगे बढ़ाने में सक्रिय रूप से सहायता करने की नई दिल्ली की प्रतिबद्धता पर बल दिया।



भूटान में कालचक्र सशक्तिकरण समारोह के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### देश के विकास में भारत के योगदान की भूटान ने की सराहना

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भूटानी पक्ष ने भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना अवधि में वहां क्रियान्वित विभिन्न परियोजनाओं के लिए भारत की सहायता तथा देश के विकास में उनके योगदान की सराहना की। भारत पहले ही भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये देने की प्रतिबद्धता जता चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक केंद्र में निवेशकों और आगंतुकों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए असम के हतिसार में एक आव्रजन जांच चौकी स्थापित करने के निर्णय की भी घोषणा की। मोदी और भूटान नरेश द्वारा पुनात्सांचु-2 जलविद्युत परियोजना के उद्घाटन का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह जलविद्युत के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मैत्री, सहयोग का प्रमाण है।

## अमेरिका को दुनियाभर से लानी होंगी प्रतिभाएं : ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एच-1बी वीजा कार्यक्रम का बचाव करते हुए नजर आए और उन्होंने कहा कि अमेरिका को दुनिया भर से प्रतिभाओं को लाना होगा क्योंकि देश में कुछ खास प्रतिभाएं नहीं हैं। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज पर लॉरा इंग्राहम के साथ साक्षात्कार में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या एच-1बी वीजा का मुद्दा उनके प्रशासन के लिए एक बड़ी प्राथमिकता नहीं होगा। साक्षात्कारकर्ता ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अमेरिकी कामगारों का वेतन बढ़ाना चाहता है, तो देश में लाखों विदेशी कामगारों को नहीं आने दिया जा सकता। जवाब में ट्रंप ने कहा कि मैं सहमत हूं, लेकिन आपको प्रतिभाओं को भी लाना होगा।

### साहित्य महोत्सव में महाकुंभ पर होगी चर्चा

**न्यूयॉर्क।** महाकुंभ 2025 के वृत्तांत, अमेरिका में भारतीयों के उत्थान तथा राष्ट्रीय पुस्तक पुरस्कार की फाइनलिस्ट मेघा मजूमदार और प्रसिद्ध लेखकों अमिश त्रिपाठी व देवदत्त पटनायक की कृतियां इस वर्ष के एक प्रमुख साहित्यिक महोत्सव के केंद्र में होंगी, जो विश्व साहित्य में भारतीय लेखनी का उत्सव मनाएगा। इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित आईएएसी साहित्यिक महोत्सव 2025 का आयोजन 15-16 नवंबर को होगा।

# कनाडा-भारत में और प्रगाढ़ होगी द्विपक्षीय साझेदारी





कनाडा की विदेश मंत्री के साथ जयशंकर।

- विदेशमंत्री जयशंकर ने की अपनी कनाडाई समकक्ष से वार्ता

**ओटावा, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और कनाडा के अपने समकक्ष अनीता आनंद के साथ बुधवार को व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में भारत-कनाडा सहयोग की समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक दो साल पहले एक राजनयिक विवाद के बाद रिश्तों में आई खटास के बाद संबंधों को फिर से प्रगाढ़ करने की कोशिशों के तहत हुई।

कनाडा के नियाग्रा में एक बैठक में दोनों विदेश मंत्रियों ने 'नई रूपरेखा-2025' के कार्यान्वयन पर भी विचार-विमर्श किया, जिसे पिछले महीने आनंद की भारत यात्रा के दौरान अंतिम रूप दिया गया था। जयशंकर दुनिया के औद्योगिक लोकतंत्रों के संगठन जी-7 के साझेदार देशों के साथ एक संवाद सत्र में हिस्सा लेने के लिए नियाग्रा में हैं। विदेश मंत्री ने जर्मनी, फ्रांस, ब्राजील और ब्रिटेन के अपने समकक्षों के साथ भी अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। उन्होंने कनाडा की विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नई रूपरेखा-2025 के कार्यान्वयन में प्रगति की सराहना की। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है। आनंद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर सहयोग के बारे में चर्चा की। कनाडा ने जी-7 बैठक के लिए जिन साझेदार देशों को आमंत्रित किया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन शामिल हैं। जयशंकर की कनाडा यात्रा आनंद की भारत यात्रा के एक महीने बाद हो रही है। उस वक्त दोनों पक्षों ने व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा के क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी रूपरेखा प्रस्तुत की थी।

# बोत्सवाना से भारत लाए जाएंगे आठ अफ्रीकी चीते

- राष्ट्रपति मुर्मू की मौजूदगी में हुआ स्थानांतरण समझौता

**गबोरोन (बोत्सवाना), एजेंसी**

भारत और बोत्सवाना ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की राजकीय यात्रा के दौरान अफ्रीकी राष्ट्र से आठ चीतों को स्थानांतरित करने की योजना की औपचारिक घोषणा की।

मुर्मू ने बोत्सवाना के राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको और दुनिया के सबसे बड़े हीरा उत्पादक देशों में से एक के लोगों को इस सद्भावना के लिए धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया कि हम चीतों कीअच्छी देखभाल करेंगे। बोको ने कहा कि उनका देश गुरुवार को प्रतीकात्मक रूप से चीतों को मुर्मू को सौंपेगा। दोनों राष्ट्राध्यक्ष एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पकड़े गए आठ चीतों को मोकोलोडी प्राकृतिक अभयारण्य में एक पृथकवास परिसर में छोड़ा जाएगा, जो इन्हें प्रोजेक्ट चीता के भाग के रूप में और वन्यजीव संरक्षण के लिए एक पारस्परिक पहल के तहत बोत्सवाना द्वारा भारत को प्रतीकात्मक रूप से सौंपे जाने का साक्ष्य होगा। कालाहारी रेगिस्तान स्थित घांजी शहर से इन चीतों को गबोरोन से 10 किलोमीटर दक्षिण में स्थित प्राकृतिक अभयारण्य में लाया गया है।

## तुर्किये का सैन्य विमान क्रैश, 20 सैनिकों की मौत

**अंकारा।** तुर्किये के रक्षा मंत्री ने बुधवार को घोषणा की कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हुए एक सैन्य मालवाहक विमान में सवार सभी 20 कर्मियों की मौत हो गई। यह सी-130 विमान अजरबैजान से उड़ान भरने के बाद तुर्किये लौट रहा था जब मंगलवार को यह जॉर्जिया के सिघनागी नगरपालिका क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो अजरबैजान की सीमा के पास है। रक्षा मंत्री यासर गुलर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे वीर साथी 11 नवंबर 2025 को शहीद हो गए, जब हमारा सी-130 सैन्य मालवाहक विमान जॉर्जिया-अजरबैजान सीमा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# टैरिफ टेंशन के बीच कनाडा में जुटे जी7 देश

- व्यापार के साथ कई मुद्दों पर विमर्श करेंगे शीर्ष राजनयिक

**नियाग्रा फॉल्स (कनाडा), एजेंसी।**

औद्योगिक लोकतंत्रों के संगठन जी7 के शीर्ष राजनयिक कनाडा के दक्षिणी ओंटारियो में एकत्र हो रहे हैं। जी7 नेताओं की बैठक ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका और कनाडा जैसे पारंपरिक सहयोगियों के बीच रक्षा खर्च, व्यापार और गाजा में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्धविराम योजना तथा रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि व्यापार दबावों के बावजूद संबंधों को कई मुद्दों पर बनाए रखना होगा। वह मंगलवार और बुधवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो तथा ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान के अपने समकक्षों की मेजबानी करेंगी।

रुबियो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम कर रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य अमेरिकियों की सुरक्षा और संरक्षा को सर्वोपरि रखना है। आनंद ने इस बैठक के लिए ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों को भी आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात की चर्चा की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक शांति और स्थिरता को आगे बढ़ाने पर बातचीत शामिल है।

उन्होंने ने कहा कि शांति योजना को बरकरार रखा जाना चाहिए। जी7 के विदेश मंत्री बुधवार सुबह यूक्रेन के विदेश मंत्री से मिलेंगे। ब्रिटेन ने घोषणा की है कि वह आसन्न सर्दियों और रूसी हमलों के तेज होने के बीच यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे की मरम्मत के लिए 1.3 करोड़ पाउंड की मदद भेजेगा। यह धनराशि बिजली, हीटिंग प्रणाली और पानी की आपूर्ति को दुरुस्त करने तथा यूक्रेनवासियों के लिए मानवीय सहायता पर खर्च की जाएगी।




कनाडा में बैठक के दौरान सामूहिक फोटो खिंचवाते जी7 देशों के विदेश मंत्री।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 नवंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 23.33 तक तत्पश्चात दशमी।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मघा 19.38 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज राजनीतिक लोगों से मेलमिलाप बढ़ेगा। आर्थिक लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको हल्की परेशानियों के बाद सफलता मिलेगी।

**वृष** — आज अपना समय बर्बाद न करें। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। आपके कुछ काम प्रभावित हो सकते हैं। इससे आपके निजी संबंध बिगड़ सकते हैं। व्यवहार कुशलता के कारण आपके सभी कार्य प्रगति में आ जाएंगे।

**मिथुन** — आज यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। आपके लिए कार्यक्षेत्र में बहुत अच्छा दिन रहने वाला है। आय के नए स्रोत बनेंगे। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज गृहस्थ जीवन की समस्या दूर होंगी। अपनी रुचि के अनुसार काम करें, तो अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार में सब आपके ही अनुरूप होता रहेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बड़े कार्य को लेकर आप धन की व्यवस्था करेंगे।

**सिंह** — आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहने वाली है। कारोबार में अपेक्षित लाभ हो सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मौसमी बीमारियों को लेकर सर्दी-जुकाम की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग आपकी प्रशंसा करेंगे।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किसी पर आवश्यकता से अधिक विश्वास न करें। प्रेम संबंधों को लेकर निराशा हो सकती है। मन कुछ कारणों से अप्रसन्न रहने वाला है। मौसम में आए परिवर्तन को लेकर थोड़े सावधान रहें।

**तुला** — आज बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। अपने निर्णयों को लेकर थोड़े असमंजस में रहेंगे। लोग आपकी प्रतिभा की प्रशंसा करेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। आपके मन में देवस्थल जाने का विचार आ सकता है। आप लोगों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

**धनु** — आज मन में किसी विषय को लेकर चल रही तनातनी दूर होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में इच्छानुसार परिणाम प्राप्त होंगे। अधिकारी वर्ग के साथ बहस करने से बचें। आप अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। अपने टार्गेट को लेकर पूरी मेहनत से काम करेंगे।

**मकर** — आज जॉब में परेशानियां आ सकती हैं। ऐसी बातों पर ध्यान न दें, जो आपकी एकाग्रता भंग करती हों। आपकी रुचि के अनुसार काम नहीं होंगे। वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ने की आशंका है। आपको थोड़ा धैर्यवान और सजग रहना चाहिए।

**कुंभ** — आज परिजन आपके प्रति सहयोगात्मक भाव रखेंगे। कारोबार में अपेक्षित वृद्धि होगी। सरकारी कार्य बड़ी आसानी से पूरे हो जाएंगे। संपत्ति विवाद सुलझने के योग बन रहे हैं। किसी महत्वपूर्ण काम से यात्रा हो सकती है।

**मीन** — आज ऑफिस में आपके काम बहुत ही आसानी से बन जाएंगे। आप कुछ नया सीखने में रुचि ले सकते हैं। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। मानसिक रूप से शांति का अनुभव करेंगे। पुराने परिचित मित्रों से आपका मिलना हो सकता है।

## सुडोकू -159

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| 1 | | | | | | | | 3 |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | | | | |

### सुडोकू - 158 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 8 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 2 |



दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में स्पिनरों के आने से पहले भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के घातक शुरुआती स्पैल से निपटने का तरीका ढूंढना होगा। कोई भी टीम स्पिनरों के आने से पहले तेज गेंदबाजों के खिलाफ विकेट नहीं गंवाना चाहेगी।

-ग्रीम स्मिथ, पूर्व कप्तान



हाईलाइट

## सीएम सैनी ने शेफाली वर्मा को किया सम्मानित



**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर भारतीय महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा को सम्मानित किया। सैनी ने उन्हें शॉल, 1.50 करोड़ का चेक और 'ग्रेड ए' खेल प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। शेफाली को हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा ब्रांड दूत नियुक्त किया गया है। सैनी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

## हमसे रोबोट सा प्रदर्शन की उम्मीद : रऊफ

**रावलपिंडी :** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ ने भारत के खिलाफ एशिया कप के फाइनल में खराब प्रदर्शन के बाद आलोचकों को जवाब देते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की 'कठोर' प्रकृति पर अफसोस जताया, जिसमें 'इंसानों से रोबोट की तरह प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। सितंबर में भारत के खिलाफ एशिया कप मैचों के दौरान आपत्तिजनक हाव-भाव के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली श्रृंखला के दौरान उन पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया था। रऊफ ने कहा, हमारे लिए कोई माफी नहीं होती। हमसे रोबोट की तरह प्रदर्शन करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन हम इंसान हैं और हमारे लिए भी कोई दिन बुरा हो सकता है।



## एशेज से पहले एबॉट और हेजलवुड चोटिल

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया की एशेज तैयारियों को उस समय झटका लगा जब सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच शेफील्ड शील्ड मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड और सीन एबॉट चोटिल हो गए। हेजलवुड को पर्थ एशेज के पहले मैच के लिए टीम में शामिल होने की अनुमति मिल गई है, लेकिन एबॉट मध्यम-स्तर की हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पुष्टि की कि विक्टोरिया की पारी के अंत में अपने दाहिने हैमस्ट्रिंग में जकड़न की शिकायत करने वाले हेजलवुड का एहतियाती स्कैन कराया गया, जिसमें मांसपेशियों में खिंचाव नहीं पाया गया। वह पहले टेस्ट से पहले प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

## अनाहत चीन में हारीं रथिका सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली :** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह शंघाई में बुधवार को मिस्र की खिलाड़ी सना इब्राहिम के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद चाइना ओपन के अंतिम 16 के मुकाबले में हार गईं। अनाहत इस तरह पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट में पराजित हो गईं। वहीं सिडनी में बोंडी ओपन पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रथिका ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आराधना कस्तूरीराज को हराकर की। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की अनंतना प्रसेरतनाकुल को हरा दिया।

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को छह रन से हराया

**रावलपिंडी :** आगा सलमान (नाबाद 105), हुसैन तलत (62) के बाद हारिस रउफ (4 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले वनडे में श्रीलंका को छह रन से हराया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान ने 50 ओवरों में पांच विकेट पर 299 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका के लिए वानिंदु हसरंगा ने तीन विकेट लिए। 300 रनों का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पुथम निसंका और कामिल मिशारा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की। रनों की गति के साथ विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा, जिससे पाकिस्तान को जीत मिली।

## पाकिस्तान में श्रीलंकाई टीम की बढ़ी सुरक्षा

**रावलपिंडी :** इस्लामाबाद और वाना में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के दौरे पर आई श्रीलंका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उसके खिलाड़ियों के साथ सरकारी मेहमानों जैसा व्यवहार किया जाएगा। इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) फ्रेड सेनेविरत्ने, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और अधिकारियों के बीच हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई।

# द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में रेड्डी की जगह जुरेल

## ध्रुव ने अब तक खेले सात टेस्ट, पांच प्रथम श्रेणी मैचों में लगाए चार शतक, दूसरे दिन भी भारत ने किया अभ्यास और गिल ने लिया पिच का जायजा



अभ्यास सत्र के दौरान चर्चा करते गौतम गंभीर और शुभमन गिल।

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने बुधवार को कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। जुरेल ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पिछले पांच प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक लगाए हैं जिसमें पिछले सप्ताह बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ दोनों पारियों में लगाए गए शतक भी शामिल हैं। वहीं आज गुरुवार को भी कोलकाता के इडन गार्डेन क्रिकेट मैदान पर भारतीय टीम ने दूसरे दिन भी जमकर अभ्यास किया और कप्तान गिल ने पिच का जायजा लिया।

जुलाई में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पैर में फ्रैक्चर होने के बाद पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत की वापसी के बाद सवाल उठ रहे थे कि क्या टीम प्रबंधन जुरेल के लिए जगह बना पाएगा, लेकिन टेन डोएशे का भारतीय टीम के संयोजन को लेकर नजरिया बेहद स्पष्ट था और उन्होंने साफ किया कि जुरेल इस मैच में खेलेंगे। डोएशे ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें टीम संयोजन का अच्छा अंदाजा हो गया है। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें (जुरेल और पंत) इस टेस्ट के लिए बाहर कर सकते हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा यदि आप ध्रुव और ऋषभ को इस टेस्ट मैच में खेलते हुए नहीं देखें। घरेलू सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक जुरेल के स्कोर का क्रम 140, 1 और 56, 125, 44 और 6, 132 और नाबाद 127 रन रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक भी लगाया था और उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखकर उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।



ईडन गार्डन्स में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी।

डोएशे ने कहा कि छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और पिछले सप्ताह बेंगलुरु में (दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ) दो शतक लगाए हैं, उसे देखते हुए उनका इस मैच में खेलना तय है। नितीश रेड्डी को टीम में नहीं चुने जाने पर नीदरलैंड के पूर्व क्रिकेटर ने कहा, वेस्टइंडीज सीरीज में नीतीश ने दोनों टेस्ट मैच खेले थे और हमने कहा था कि भविष्य के लिए उन्हें तैयार करना महत्वपूर्ण है। हम उन्हें संभावित खिलाड़ी के रूप में देखते हैं जो सीखने के लिए खेल रहा है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के बारे में कहा था कि मेरे हिसाब से इन तीनों की मौजूदगी में आपको वास्तव में तीन अतिरिक्त बल्लेबाज मिलते हैं।

### उम्मीद है हमने न्यूजीलैंड श्रृंखला से कुछ सीखा होगा



भारतीय टीम के सहायक कोच डोएशे को उम्मीद है कि उनके बल्लेबाजों ने पिछले साल घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से श्रृंखला में मिली हार से सबक सीखा होगा। डोएशे ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का स्पिन आक्रमण काफी मजबूत है, जिससे उनके खिलाफ मुकाबला करना उपमहाद्वीप की टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने जैसा लग रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें स्पिनरों द्वारा पेश की गई चुनौती से निपटने में बेहतर होने की जरूरत है। पाकिस्तान में द. अफ्रीका की हाल की टेस्ट श्रृंखला में केशव महाराज, साइमन हार्मर, सेनुरन मुथुसैमी और प्रेनेलन सुब्रयन की स्पिन चौकड़ी ने 35 विकेट लेकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी थी। डोएशे ने कहा, उनके पास चार (तीन विशेषज्ञ) स्पिनर हैं। संभावना है कि वे तीन स्पिनरों के साथ खेलेंगे और यह कुछ हद तक किसी उपमहाद्वीपीय टीम के खिलाफ खेलने जैसा ही है। अफ्रीकी टीम तेज और स्पिन दोनों में संतुलित आक्रमण के साथ आई है।

### भारत ने नेट पर किया अभ्यास, पंत पूरी लय में


बहुप्रतीक्षित टेस्ट वापसी के लिए तैयार भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत नेट्स पर लय में दिखे और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले ट्रेनिंग सत्र में बेबाक स्ट्रोक्स लगाए। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान क्रिस वोक्स की गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बाद जुलाई से खेल से बाहर रहे पंत ने बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से अनौपचारिक टेस्ट मैचों के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने पहले ए टेस्ट में जीत के लिए 90 रन बनाए और दूसरे मैच में 17 रन पर रिटायर्ड हर्ट होने के बावजूद 65 रन बनाए। बाद में वह पारी का अंत करने के लिए लौटे, जिससे सीनियर टीम की टेस्ट श्रृंखला से पहले उनकी फॉर्म और फिटनेस दोनों का संकेत मिला। टीम इंडिया में वापसी करते हुए पंत ने वहीं से शुरुआत की जहां से वह छोड़कर गए थे। उन्होंने नेट पर मनमुताबिक और साहस के साथ बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाजों और स्पिन गेंदबाजों दोनों का सामना किया। उन्होंने मैदान पर एक घंटा बिताया। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के खिलाफ स्ट्रोक्स लगाए। पंत ने स्लिप के ऊपर से रिवर्स रैंप और फाइन लेग के ऊपर से स्कूप शॉट लगाए। उन्होंने स्पिनरों के सामने भी अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड-आउट ड्राइव के साथ सटीक फुटवर्क और कलाई पर नियंत्रण के साथ आउटसाइड ऑफ से मिडविकेट तक स्वीप शॉट खेले। पंत ने अपने सत्र की शुरुआत लगभग 15 मिनट की विकेटकीपिंग अभ्यास के साथ की।

# कुमामोतो मास्टर्स में जीते लक्ष्य सेन

**कुमामोतो (जापान), एजेंसी**

भारत के लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां कोकी वतानबे को सीधे गेम में हराकर कुमामोतो मास्टर्स जापान बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। सातवें वरीय लक्ष्य ने जापान के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी सिर्फ 39 मिनट में 21-12 21-16 से हराया।

दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अगले दौर में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन और कनाडा के विक्टर लेई के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। भारत के किरण जॉर्ज को हालांकि मलेशिया के जिंग होंग कोक के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 20-22 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ने प्रेस्ले स्मिथ और जेनी गेई की अमेरिका की जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद भारतीय जोड़ी को तीन गेम में 12-21 21-19 20-22 से हार का सामना करना पड़ा।



# द. अफ्रीकी कप्तान का फिटनेस अभ्यास, टीम ने बहाया पसीना

**कोलकाता, एजेंसी**

चोट से वापसी कर रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे टेस्ट मैच से पहले बुधवार सुबह ईडन गार्डन्स में टीम के ट्रेनर, फिजियो और मुख्य कोच शुक्री कॉनराड की देखरेख में फिटनेस अभ्यास किया। अभ्यास में तीन मार्कर बनाकर उनके बीच दौड़ लगाई जो 20 मिनट चली। जब उनके साथी खिलाड़ी नेट्स पर अभ्यास कर रहे थे तब बावुमा ने दौड़ के बाद शैडो अभ्यास किया और बाद में नेट्स में शामिल हो गए।

बावुमा सितंबर में इंग्लैंड में लगी पिंडली की चोट से पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। वह पिछले हफ्ते बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में मैदान पर लौटे। वह डेवाल्ड ब्रेविस की जगह लेंगे जिन्होंने पाकिस्तान में दो टेस्ट मैचों में 46 रन बनाए थे। टोनी डी जोरजी उस श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के लिए एक शतक और एक अर्धशतक के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और स्पिन गेंदबाजी खेलने में माहिर हैं। कॉनराड ने बावुमा को टीम का अहम खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उनके बिना पाकिस्तान में श्रृंखला ड्रॉ कराना उनके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी। तेम्बा हमारे लिए बहुत अहम हैं। कॉनराड ने कहा, और हम इस बात से रोमांचित हैं कि उसने ए मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया। सीनियर सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम ने भी नेट्स पर अभ्यास किया और मुख्य नेट पर जाने से पहले छोटी दूरी के थ्रोडाउन लिए। ट्रिस्टन स्टब्स ने लंबे समय तक बल्लेबाज़ी की और ऑफ-स्पिन भी फेंकी, जिससे 'थिंक-टैंक' को अपने तीन विशेषज्ञों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरन मुथुसैमी की मदद के लिए अतिरिक्त स्पिन विकल्प मिलेगा। तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने हल्का अभ्यास किया और दिन के अंत में कुछ शैडो रन और ड्रिल्स कीं।



अपने साथी खिलाड़ी के साथ अभ्यास करते दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा।

### भारत को हराने के लिए बेताब द. अफ्रीका : महाराज

दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है और उसके मुख्य स्पिनर केशव महाराज ने इसे अपने सबसे कठिन दौरों में से एक करार देते हुए कहा कि आगामी श्रृंखला में जीत का इंतजार खत्म करने के लिए वास्तव में उनकी टीम बहुत बेताब है। महाराज ने कहा, हमें लगता है कि यह हमारी सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। यह खुद को आंकने का शानदार मौका होगा। इससे हमें अपनी वास्तविक स्थिति का पता करने का अवसर मिलेगा। हमने उपमहाद्वीप के अन्य हिस्सों में जीत हासिल करना शुरू कर दिया है और वास्तव में भारत में जीत हासिल करने के लिए हमारी टीम के अंदर तीव्र भूख और इच्छा है।

### मुख्य कोच कॉनराड बोले- हम रच सकते हैं इतिहास

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड को उम्मीद है कि केशव महाराज, सेनुरन मुथुस्वामी और साइमन हार्मर की स्पिन तिकड़ी भारत के अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी और उनकी टीम दो मैच की टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने में सफल रहेगी। उन्होंने इस श्रृंखला की तुलना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से की। अफ्रीकी स्पिनरों ने हाल में पाकिस्तान दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था और वह भारत में भी ऐसा करने को प्रतिबद्ध हैं।

# प्रज्ञानानंद-डुबोव का मुकाबला ड्रॉ, हरिकृष्णा ने दर्ज की जीत

फिडे विश्व कप 2025

**गोवा, एजेंसी**

फिडे विश्व कप 2025 में मंगलवार को आर प्रज्ञानानंद ने ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलते हुए मुकाबला ड्रॉ किया। वहीं ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, ग्रैंडमास्टर कार्तिक वेंकटरमन और ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने चौथे राउंड के पहले मैच में काले मोहरों से अंक बांटे।

प्रज्ञानानंद ने 14वीं चाल में अपने डी-प्यादा को आगे बढ़ाकर गलती की थी। दोनों खिलाड़ियों को समय का नियंत्रण बनाए रखने के लिए तेजी से खेलना पड़ा। 41 चालों के बाद दोनों ने हाथ मिलाते हुए ड्रॉ पर सहमति जताई।



फिडे विश्व कप में मुकाबला ड्रा होने पर हाथ मिलाते प्रज्ञानानंद और डुबोव।

दूसरी वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों से खेलते हुए हंगरी के ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ 20 चालों में ड्रा खेला। हरिकृष्णा ने स्वीडन के ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस को 32 चालों में हराया। कार्तिक वेंकटरमन का वियतनाम के ग्रैंडमास्टर ले क्वांग लिएम से मुकाबला ड्रा किया। अन्य मैचों में, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रैंड मास्टर लेवोन अरोनियन ने ग्रैंड मास्टर राडोस्लाव वोज्तास्जोक को 37 चालों में हराया। ग्रैंड मास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा ने एलेक्सी सराना पर 39 चालों में जीत दर्ज की।

46 साल के पीटर लेको छह साल बाद किसी टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अर्जुन एरिगैसी से ड्रॉ खेलने के बाद उन्हें प्रतियोगिता में बने रहने के लिए काले मोहरों से खेलना होगा। अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मैच ड्रॉ पर छूटने के बाद लेको ने कहा कि मैच दिलचस्प था। अर्जुन ने बड़ा सरप्राइज दिया। इस खेल में मुझे रेखाएं तो पता थीं, लेकिन मैंने उसका गहराई से विश्लेषण नहीं किया था। इसलिए समय बहुत कम होने से मैंने बार-बार ड्रॉ करने का फैसला किया। आगे काले मोहरों से मैं जीतने का प्रयास करूंगा।

# 2026 वर्ल्ड कप मेरा आखिरी टूर्नामेंट : रोनाल्डो



**सऊदी अरब, एजेंसी**

पुर्तगाल के दिग्गज स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मंगलवार को स्पष्ट कर दिया कि आने वाला फीफा विश्व कप 2026 उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने कहा कि अब उनका करियर अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है।

40 वर्षीय रोनाल्डो (जिन्होंने क्लब और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 950 से अधिक गोल किए हैं) ने बताया कि वे एक या दो साल में फुटबॉल से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। सऊदी अरब में आयोजित फोरम में वीडियो लिंक के जरिए उन्होंने इसकी पुष्टि की है।

रोनाल्डो फिलहाल सऊदी अरब के क्लब अल-नास्र के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने 2023 में इस क्लब से जुड़ने के बाद कहा था कि वे जल्द रिटायर होंगे। उन्होंने अब स्पष्ट किया, सच कहूं तो जब मैंने कहा था, मेरा मतलब था एक या दो साल में। मैं अभी भी खेल में रहूंगा, लेकिन ज़्यादा समय नहीं। पांच बार के बैलन डी'ऑर विजेता रोनाल्डो अब 2026 में अपना छठा विश्व कप खेलने का लक्ष्य रखे हुए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 विश्व कप में था, जब पुर्तगाल सेमीफाइनल में फ्रांस से हारा था। वहीं, पुर्तगाल ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं किया है।

# अल्काराज दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग से एक जीत दूर

**तूरिन (इटली), एजेंसी**

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब हैं, जिसके लिए उन्हें अब केवल एक जीत की दरकार है। अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। उन्हें अब यानिक सिनर की जगह साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के लिए या तो ग्रुप के अंतिम मैच में लोरेंजो मुसेट्टी को हराना होगा या फिर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करनी होगी।

अल्काराज ने कहा, मैं इसके बारे में सोच नहीं रहा हूं। लेकिन नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल है। अल्काराज दुनिया के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गए हैं। उन्होंने मुसेट्टी की एलेक्स डी मिनौर पर 7-5, 3-6, 7-5 से जीत से अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित की। अगर स्पेन के रहने वाले अल्काराज आगे कोई मैच नहीं जीत पाते हैं और सिनर अपना खिताब बचाने में सफल रहते हैं तो फिर इटली का खिलाड़ी साल के आखिर में भी नंबर एक रैंकिंग पर बना रहेगा।



पहल

न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज टूज के कार्य समूह ने तिमाही बैठकों के दौरान आईसीसी और सीईसी को सौंपीं सिफरिशें

# डब्ल्यूटीसी में 12 टीमें और वनडे सुपर लीग की सिफारिश

**दुबई, एजेंसी**

अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027-29 चरण में सभी 12 पूर्णकालिक सदस्य एक ही डिवीजन में शामिल करने और एकदिवसीय सुपर लीग फिर से शुरु करने की सिफारिश की गई है। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज की अगुवाई में एक कार्य समूह ने पिछले हफ्ते दुबई में हुई तिमाही बैठकों के दौरान आईसीसी बोर्ड और मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) को इस संदर्भ में अपनी सिफरिशें सौंपी।

इस समूह को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से जुड़े जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने का काम सौंपा गया है। कार्य समूह ने अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2027-29) चक्र के लिए सभी 12 पूर्णकालिक सदस्यों की एक स्तरीय प्रणाली लागू करने की सिफारिश की गई। अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के अगले चक्र में शामिल किए जाने की संभावना है। इस दौरान सदस्य देशों के साथ द्वि-स्तीय प्रणाली पर व्यापक चर्चा की गई। श्रीलंका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान जैसे देशों ने द्वि-स्तरीय प्रणाली का विरोध करते हुए कहा कि अगर बड़े देशों के खिलाफ मैच नहीं हुए तो उनके बोर्ड पैसे नहीं कमा पायेगा। अभी केवल नौ देश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल रहे है।




बोर्ड के एक निदेशक ने बताया कि इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। जो लोग वास्तव में इस प्रारूप में खेलना चाहते हैं, उनके पास अब अवसर हैं और अन्य टीमों के लिए भी उन्हें खेलने का प्रोत्साहन है। इसके अलावा 2023 में रद्द हुई वनडे सुपर लीग को फिर से शुरू करने की सिफारिश की गई। 13 टीमों की यह लीग जुलाई 2020 में ही शुरू हुई थी। कार्य समूह के प्रस्ताव में यह नहीं बताया गया है कि 2028 में फिर शुरू होने वाली लीग में कितनी टीमें हिस्सा लेंगी। ऐसा माना जा रहा है कि 50 ओवरों के विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाने पर कोई जोर नहीं दिया जा रहा है। 2027 में यह प्रतियोगिता 14 टीमों की होगी, जबकि पिछले दो संस्करणों में यह केवल दस टीमों तक सीमित थी।

### टी-20 विश्व कप में भी टीमें बढ़ाने पर जोर

टी-20 विश्व कप में भी 20 टीमें ही रहेंगी, हालांकि कुछ प्रशासक धीरे-धीरे इसमें चार टीमें बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं, जिसका लक्ष्य अंतत: 32 टीमों तक पहुंचना है। एसोसिएट सदस्यों ने टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रारूप में बदलाव का प्रस्ताव भी रखा है। फिलहाल कुछ टीमों की एंट्री रैंकिंग के आधार पर होती है, इसे बदलकर सभी टीमों को क्वालिफायर राउंड में शामिल करना चाहिए। इन सब के बावजूद, आईसीसी ने टी-10 को क्रिकेट को आधिकारिक प्रारुप नहीं माना। बोर्ड अगले साल की शुरुआत में होने वाली आईसीसी की अगली बैठकों में इन मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।